लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

मंगलवार 20 जनवरी, 2026 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 100 www.janexpresslive.com/epaper



कोच्चि में राहुल गांधी ने भाजपा पर बोला... 12

# अब से भाजपा का 'नबीन' युग

## निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए नितिन नवीन, उनके अलावा किसी और का नामांकन नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो गई है। नितिन नवीन निर्विरोध भाजपा अध्यक्ष चुने गए हैं। भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष के नामांकन की संवैधानिक और पारदर्शी प्रक्रिया पूर्ण हुई। 36 में से 30 राज्यों में संगठनात्मक चुनावों के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार नामांकन, जांच और वापसी सम्पन्न हुई। भाजपा संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण की ओर से जारी बयान में कहा गया है, नामांकन पत्रों की जांच के उपरांत सभी नामांकन पत्र निर्धारित प्रारूप के अनुसार तथा वैध पाए गए। नामांकन वापसी की अवधि पूर्ण होने के पश्चात, भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी के रूप में यह घोषणा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु केवल एक ही नाम, अर्थात नितिन नवीन का नाम प्रस्तावित हुआ है। इसके बाद यह तय हो गया है कि नितिन नवीन ही भाजपा के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं।



### रक्षा मंत्री और गृह मंत्री समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने अपना समर्थन पत्र सौंपा।रिपोर्ट्स के मुताबिक नवीन के नामांकन का समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं ने किया है।भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह के अलावा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के अलावा धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव और किरेन रिजिजू जैसे वरिष्ठ पार्टी नेता भी नवीन के नामांकन के समय मौजूद रहे।

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की टाइमलाइन

- नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच दाखिल किए गए।
- आज ही शाम 4 बजे से 5 बजे के बीच नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी।
- नामांकन शाम 5 बजे से 6 बजे के बीच वापस लिए जा सकते हैं।
- चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद मंगलवार को नए पार्टी अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।
- हालांकि, जरूरत पड़ने पर 20 जनवरी को मतदान होगा और उसी दिन भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### भाजपा का 12वां राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए

समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और अन्य राज्य नेताओं ने भी नवीन के समर्थन में नामांकन पत्रों का एक सेट जमा किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पुष्कर सिंह धामी, नायब सिंह सैनी और प्रमोद सावंत भी उपस्थित रहे। बिहार, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, असम, झारखंड और अन्य राज्यों के नेताओं ने भी नवीन के समर्थन में नामांकन पत्र जमा किए।

### 45 साल के नवीन को मोदी-शाह का भरोसा भी हासिल

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नवीन के पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने जाने गए है, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित पार्टी नेतृत्व इस पद के लिए उनकी उम्मीदवारी का समर्थन कर रहे है। बता दें कि बिहार से पांच बार के विधायक रहे 45 वर्षीय नवीन को दिसंबर, 2025 में पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### आज होगा राष्ट्रीय अध्यक्ष का शपथ ग्रहण

पार्टी सूत्रों के अनुसार, नितिन नवीन को निर्विरोध भारतीय जनता पार्टी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना तय है। वे कल सुबह 11:30 बजे औपचारिक रूप से अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी, बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और संगठन मंत्री मौजूद रहेंगे।

### कौन हैं नितिन नवीन?

नितिन नवीन बिहार के एक अनुभवी नेता और पार्टी के मजबूत संगठनकर्ता माने जाते हैं। वे बांकीपुर विधानसभा सीट से लगातार पांच बार विधायक चुने जा चुके हैं। इससे पहले वर्ष 2006 में उन्होंने पटना पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पहली बार बिहार विधानसभा में कदम रखा था। हाल ही में उन्हें बीजेपी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। अब वे पार्टी के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभालने जा रहे हैं।

### कैसे होता है बीजेपी अध्यक्ष का चुनाव?

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी की राष्ट्रीय परिषद और विभिन्न राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी पार्टी का राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी करता है। पार्टी के संविधान के मुताबिक, किसी भी राज्य के निर्वाचक मंडल के कम से कम 20 सदस्य मिलकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए किसी उम्मीदवार का प्रस्ताव रख सकते हैं। इसके लिए जरूरी है कि उम्मीदवार पार्टी का कम से कम चार कार्यकाल तक सक्रिय सदस्य रहा हो और उसकी सदस्यता को 15 साल पूरे हो चुके हों। इसके अलावा, यह प्रस्ताव कम से कम पांच ऐसे राज्यों से आना चाहिए, जहां राष्ट्रीय परिषद के चुनाव पहले ही पूरे हो चुके हों।

## नोएडा की घटना का योगी ने लिया संज्ञान

# योगी के निर्देश पर घटना की जांच के लिए गठित हुई 3 सदस्यीय एसआईटी

- एडीजी जोन मेरठ के नेतृत्व में गठित हुई एसआईटी, मंडलायुक्त मेरठ व चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी भी एसआईटी में शामिल
- 5 दिनों में मामले की जांच कर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी
- योगी का निर्देश: प्रदेश में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए
- आगे से इस प्रकार की कोई घटना न हो, इसे प्रदेश भर में किया जाए सुनिश्चित: मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सोमवार को नोएडा की घटना का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने युवराज मेहता की मृत्यु के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए घटना की जांच के लिए एडीजी जोन मेरठ के नेतृत्व में 3 सदस्यीय एसआईटी की टीम गठित किया है। टीम में एडीजी जोन मेरठ के अलावा मंडलायुक्त मेरठ और चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी भी शामिल हैं। अधिकारियों की यह टीम 5 दिनों में मामले की जांच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रिपोर्ट सौंपेगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि पूरे राज्य में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस प्रकार की कोई घटना प्रदेश में दोबारा न हो, इसे हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

### अफसरों से मामले की जानकारी ली

सीएम योगी ने अफसरों से मामले की जानकारी ली। उनके निर्देश पर तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की गई है। एसआईटी में मंडलायुक्त मेरठ, एडीजी जोन मेरठ और पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर शामिल हैं। एसआईटी को जांच के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। एसआईटी की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी। रिपोर्ट से ही पता चलेगा कि इंजीनियर की मौत के पीछे किन किन विभाग के कौन से अफसरों की लापरवाही रही।

# अमिताभ ठाकुर केस: जमानत पर डेढ़ घंटे बहस, फैसला रखा सुरक्षित



**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका और नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को जिला जज की कोर्ट में सुनवाई हुई। दोनों याचिकाओं पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। अब मंगलवार को ही इस प्रकरण में कोई आदेश आने की उम्मीद है। पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका और नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत याचिका पर करीब डेढ़ घंटे तक बहस हुई। शासकीय अधिवक्ता और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने अपना पक्ष मजबूती के साथ कोर्ट के समक्ष रखा। कोर्ट ने दोनों पक्ष की बातों को ध्यान से सुना। अमिताभ ठाकुर के अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि अमिताभ ठाकुर की जमानत याचिका पर बहस हुई। इस पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। साथ ही नूतन ठाकुर की अग्रिम जमानत याचिका के प्रार्थना पत्र पर बहस हुई। दोनों प्रकरण में कोर्ट ने अगली तारीख नहीं दी है। फैसला सुरक्षित रख लिया है। अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि मंगलवार को अब आदेश आएगा। पता चलेगा कि जमानत मिलेगी या नहीं।

### वीडियो कांफ्रेंसिंग से उपस्थित रहे अमिताभ ठाकुर

जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अमिताभ ठाकुर कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। अधिवक्ता प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि जमानत याचिका पर बहस के दौरान अमिताभ ठाकुर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित रहे। उन्होंने कोर्ट की कार्रवाई को देखा और सुना।

### नाम में हेरफेर कर इंडस्ट्रियल एरिया में प्लॉट आवंटन के आरोपी हैं नूतन-अमिताभ

अमिताभ ठाकुर वर्ष 1999 से 2002 तक जिले में बतौर एसपी तैनात रहे। उस दौरान शहर के पुरवां इंडस्ट्रियल एरिया में पत्नी नूतन ठाकुर के नाम से जमीन आवंटित कराया था। तब पत्नी का नाम नूतन देवी दर्ज कराया गया था। पति के नाम में भी अंतर था। बाद में दोनों ही नाम को दुरुस्त करा लिया गया। कुछ समय बाद यह प्लॉट उन्होंने उद्योग विभाग को सरेंडर कर दिया। इस प्रकरण में लखनऊ में पहले भी एक केस दर्ज हुआ था। जिसकी सुनवाई वहां राजस्व कोर्ट में चल रही है। इसके बाद लखनऊ निवासी संजय शर्मा ने देवरिया कोतवाली में दिसंबर में एक प्राथमिकी दर्ज करा दिया। इस मामले में पुलिस ने अमिताभ ठाकुर को गिरफ्तार कर 11 दिसंबर को कोर्ट में पेश किया। तब से अमिताभ ठाकुर देवरिया जेल में बंद हैं।

# मिशन 2027: उत्तराखंड में हिंदुत्व की पिच पर उतरे धामी, चुनावी रणनीति में दिखे आक्रामक

## देवभूमि के आध्यात्मिक-सांस्कृतिक स्वरूप की रक्षा को बनाया चुनावी एजेंडा, सौम्य छवि से आगे बढ़कर मुखर अंदाज में मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस। देहरादून**

उत्तराखंड में वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। समान नागरिक संहिता के 'मास्टर स्ट्रोक' के जरिए 2022 के चुनाव में कांग्रेस को करारी शिकस्त देने वाले धामी अब आगामी चुनाव में हिंदुत्व और देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान को केंद्र में रखकर अधिक आक्रामक नजर आ रहे हैं। हाल ही में आयोजित एक फोरम में मुख्यमंत्री ने न केवल मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस को कड़े संदेश दिए, बल्कि हिंदुत्व



आधारित चुनावी एजेंडे का भी संकेत दे दिया। उन्होंने साफ किया कि देवभूमि के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। अब तक सौम्य, विनम्र और संतुलित नेता की छवि रखने वाले मुख्यमंत्री धामी चार साल के कार्यकाल के बाद ज्यादा मुखर और आक्रामक राजनीतिक शैली में दिखाई दे रहे हैं। उनके बदले तेवर जमीनी राजनीति की बढ़ती समझ और विपक्ष के लगातार हमलों के बीच मजबूती से नैरेटिव गढ़ने की रणनीति का हिस्सा माने जा रहे हैं। 2027 का चुनाव भाजपा और कांग्रेस-दोनों के लिए निर्णायक माना जा रहा है। जहां कांग्रेस इसे अस्तित्व की लड़ाई से जोड़ रही है, वहीं भाजपा के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'प्रो-इनकंबेंसी' रणनीति को जमीन पर उतारने की चुनौती है। मुख्यमंत्री धामी खुलकर स्वीकार करते हैं कि मोदी की राजनीति और नेतृत्व उनकी प्रेरणा है।

### धामी को नई ऊर्जा मिली

समान नागरिक संहिता लागू कर 2022 के प्रमुख चुनावी वादे को पूरा करने के बाद धामी सरकार का राजनीतिक एजेंडा और स्पष्ट हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से मुख्यमंत्री को नई ऊर्जा मिली है, जो अब उनके बदले राजनीतिक तेवरों में साफ झलक रही है।

# 'भाजपा नेता अपराधियों और भ्रष्टाचारियों से मिले, इस सरकार में नहीं खत्म होगा अपराध'

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर हैं। हत्या, लूट, चोरी, डकैती और बलात्कार की घटनाएं हर दिन हो रही हैं। हर विभाग और हर कार्य में लूट मची है। भाजपा सरकार अपराध और भ्रष्टाचार को रोकने में पूरी तरह से विफल है। अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि कानून-व्यवस्था, अपराध और भ्रष्टाचार पर सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो है। सीतापुर में सेवानिवृत लेखपाल के घर परिवार को



बंधक बनाकर 17 लाख की डकैती हो गई। अम्बेडकरनगर में अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित गांधी आश्रम में दिनदहाड़े एक महिला की गला रेता कर हत्या कर दी गई। पूर्व सीएम ने कहा कि भाजपा सरकार के रहते न अपराध रुक सकता है और न भ्रष्टाचार, क्योंकि भाजपा के नेता अपराधियों और भ्रष्टाचारियों से मिले हुए हैं। भाजपा सरकार में जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार हुआ। कई जिलों में पानी की टंकियां टूट कर ध्वस्त हो गई। चित्रकूट में कोषागार में 43 करोड़ से ज्यादा का घोटाला हुआ। उन्होंने कहा कि गोंडा में यूपी कोऑपरेटिव बैंक में 21 करोड़ से ज्यादा रुपये का घोटाला हुआ। कोडीन कफ सिरप का मामला देशव्यापी है। भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई चौतरफा भ्रष्टाचार, घोटाला और सरकारी बजट की लूट चल रही है।


### पहलवानों से की मुलाकात

उधर, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से सोमवार को मुजफ्फरनगर व शामली के दो नौजवान पहलवानों मोंटी मलिक और नवीन बालियान ने मुलाकात की। दोनों ने कहा कि सपा सरकार में पहलवानों को खेल पुरस्कार और यश भारती से सम्मानित किया गया था। इस अवसर पर सांसद हरेंद्र मलिक और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी भी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने रची थी मेरी हत्या की साजिश: शंकराचार्य

**जन एक्सप्रेस। प्रयागराज**

ज्योतिष पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उनकी हत्या की साजिश रची गई थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोग उन्हें रास्ते से हटाना चाहते हैं और इसी कारण उन्हें बार-बार पालकी से उतारने की कोशिश की गई। मौनी अमावस्या के दिन संगम नोज के सामने शंकराचार्य का रथ रोकने पर समर्थकों और पुलिस के बीच हुई धक्कामुक्की के बाद शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद संगम स्नाम किए



बिना लौट गए थे। उन्होंने पुलिस पर साधु-संतों को पीटने का आरोप लगाया था। घटना के बाद ही वह अपने शिविर के बाहर धरने पर बैठे हैं। हालांकि, सोमवार को उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि वह धरने पर नहीं बैठे हैं। प्रशासन उन्हें जहां छोड़ गया था वह वहीं विराजमान हैं। उन्होंने पुलिस पर साधु संतों को पीटे जाने का आरोप दोहराते हुए इस पूरी घटना के लिए पुलिस आयुक्त जोगेंद्र कुमार, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, गृह सचिव मोहित गुप्ता और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की फोटो दिखाते हुए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। शंकराचार्य ने सीओ विनीत सिंह की फोटो दिखाते हुए आरोप लगाया कि संगम नोज पर जिन साधु संतों को पुलिस ने हिरासत में लिए, उन्हें सीओ विनीत सिंह ने पीट-पीटकर घायल किया। शंकराचार्य ने अपने आरोपों के समर्थन में कई उदाहरण भी प्रस्तुत किए। कहा कि पालकी में जाना हमारी परंपरा रही है।

# मणिकर्णिका घाट पर प्रदर्शन करने पहुंचे पाल समाज के लोग, पुलिस ने 17 लोगों को उठाया

- मणिकर्णिका घाट पर टिप्पणी और एआई जनरेटेड वीडियो साझा किए जाने के मामले में कमिश्नरेट की पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

वाराणसी जिले में मणिकर्णिका घाट विवाद का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को पाल समाज के लोग मणिकर्णिका घाट पर धरना प्रदर्शन करने पहुंचे। इस दौरान वे रानी अहिल्याबाई अमर रहे का नारा लगा रहे थे। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और 17 लोगों को चौक थाने उठा कर ले गई। पुलिस इन पर विधिक कार्रवाई कर रही है। इस दौरान पाल समाज के लोगों और पुलिस के बीच कहासुनी भी हुई। मणिकर्णिका घाट पर टिप्पणी और एआई जनरेटेड वीडियो साझा किए जाने के मामले में कमिश्नरेट की पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर स्थित कुंभ महादेव मंदिर का वीडियो मणिकर्णिका घाट का बताकर सोशल मीडिया पर साझा किया गया जो तेजी से वायरल हो रहा है। इसका संज्ञान चौक थाने की पुलिस ने लिया और आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह, बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव सहित आठ लोगों को नोटिस दिया है। इन सबको तीन दिन के भीतर बयान दर्ज कराने के लिए चौक थाने बुलाया गया है। इससे पहले पुलिस ने शनिवार को दो सांसद सहित आठ आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी।

### अधिकारी बोले

डीसीपी काशी जोन गौरव बंशवाल ने बताया कि खंडित मूर्ति और मंदिरों को बेवजह ही मणिकर्णिका घाट से जोड़ कर वायरल किया जा रहा है। कुंभ महादेव का मंदिर सुरक्षित है। नियमित रूप से पूजा हो रही है फिर भी मंदिर को खंडित बताया जा रहा है। यह मंदिर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर में स्थापित है। यह धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने की साजिश है। ऐसे पोस्ट, टिप्पणी करने वालों की पहचान की जा रही है।

# राजा भैया पर पत्नी भानवी कुमारी सिंह के सनसनीखेज आरोप

## सुप्रीम कोर्ट में इंसाफ की गुहार, बोलीं, अगर न्याय नहीं मिला तो सत्ता एक और औरत की जिंदगी निगल लेगी

**जन एक्सप्रेस। नई दिल्ली/लखनऊ**

सत्ता, रसूख और खाकी के गठजोड़ पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष और कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी कुमारी सिंह ने सुप्रीम कोर्ट पहुंचकर अपने ही पति पर ऐसे आरोप लगाए हैं, जिन्होंने सत्ता संरक्षित 'पावर सिंडिकेट' की असल तस्वीर उजागर कर दी है। भानवी कुमारी सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि एक पत्नी के रहते हुए घर में दूसरी महिला को न केवल जगह दी गई, बल्कि विरोध करने पर उन्हें घरेलू हिंसा, मानसिक यातना और इलाज से वंचित कर दिया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या किसी प्रभावशाली नेता के घर में कानून और संविधान की कोई जगह नहीं बची है? भानवी ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि राजा भैया ने अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली पुलिस को उनके खिलाफ खड़ा कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर, लगातार दबाव बनाकर और डर का माहौल पैदा कर यह संदेश दिया जा रहा है कि सत्ता से टकराने की कीमत चुकानी ही पड़ेगी।





### 'यह कोई घरेलू विवाद नहीं है, यह सत्ता बनाम संविधान की लड़ाई है'

भानवी कुमारी सिंह ने कहा, 'यह कोई घरेलू विवाद नहीं है, यह सत्ता बनाम संविधान की लड़ाई है। हमें कोई शौक नहीं है कि हम अपना घर छोड़ें। हमें मजबूर किया गया है। उन्होंने उस सामाजिक ढांचे पर भी हमला बोला, जिसमें लड़कियों की कम उम्र में शादी कर दी जाती है। भानवी ने कहा कि एक लड़की 20 साल की उम्र में पर्दा प्रथा, परंपराओं और ससुराल की जंजीरों में जकड़ दी जाती है, दो बेटों को जन्म देती है और पूरे समर्पण से घर को मंदिर बनाती है। लेकिन जब वही औरत अन्याय के खिलाफ आवाज उठाती है तो उसे हिंसा, अपमान और बेदखली झेलनी पड़ती है। भानवी कुमारी सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि पारिवारिक संपत्तियों को ड्राइवरों, नौकरों और अज्ञात लोगों के नाम पर ट्रांसफर किया जा रहा है, ताकि उन्हें और उनके बच्चों को आर्थिक रूप से पूरी तरह असहाय बना दिया

> अगर आज भी न्याय नहीं मिला, तो यह सिर्फ उनकी हार नहीं होगी, बल्कि यह साबित हो जाएगा कि सत्ता के आगे एक औरत, उसके बच्चे और संविधान- तीनों बेबस हैं। अब सवाल सिर्फ राजा भैया का नहीं है। सवाल यह है कि क्या सुप्रीम कोर्ट सत्ता के अभेद्य किले में पहली दरार डालेगा, या फिर न्याय भी रसूख के आगे घुटने टेक देगा? फिलहाल देश की निगाहें सर्वोच्च अदालत पर टिकी हैं।
>
> -भानवी कुमारी सिंह

### प्रदेश सरकार को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया

इस पूरे प्रकरण ने तब और तूल पकड़ लिया जब कुछ दिन पहले राजा भैया की बेटियों ने सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश सरकार को सीधे कटघरे में खड़ा कर दिया। बेटियों ने लिखा कि या तो उन्हें न्याय दिया जाए या फिर खुलकर मार दिया जाए—यह बयान खुद में कानून व्यवस्था पर एक करारा तमाचा है।

### प्रमुख आरोप

- पति और ससुराल पक्ष द्वारा लंबे समय तक शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना
- निजता में हस्तक्षेप और सास द्वारा वैवाहिक जीवन में दखल
- लगातार मारपीट से शारीरिक क्षति
- गर्भावस्था व प्रसव के दौरान देखभाल में लापरवाही

### राजा भैया मामले में 'सुप्रीम' निर्देश: हाईकोर्ट चार महीने में करे फैसला,



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि वह उत्तर प्रदेश के विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पत्नी द्वारा अपने पति के खिलाफ घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत दायर याचिका पर चार महीने के भीतर फैसला करे। जस्टिस बी वी नागरत्ना और उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने यह देखते हुए भानवी सिंह की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया कि यह मामला दिल्ली हाईकोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले में अगली सुनवाई 12 फरवरी को हाईकोर्ट में होनी है।

# मणिकर्णिका घाट को तोड़ने के विरोध में कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन व ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देशन पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में बाबा विश्वनाथ जी की पौराणिक नगरी बनारस में बहुचर्चित मणिकर्णिका घाट को सुंदरीकरण के नाम पर प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर वहां के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बुलडोजर चलाकर तोड़फोड़ किए जाने के विरोध स्वरूप नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की वर्तमान भाजपा सरकार सनातन धर्म को लेकर जहां एक और मनगढ़ंत बयान बाजी करती है वहीं दूसरी ओर पौराणिक स्थान पर बने मंदिरों को ध्वस्त करने का काम किया जा रहा है हाल ही में बीते दिनों बनारस में मणिकर्णिका घाट जिसका निर्माण माता होलकर अहिल्याबाई द्वारा कराया गया था सुंदरीकरण के नाम पर उसे ध्वस्त करने का काम किया गया और माता अहिल्याबाई की मूर्ति मलबे में दबी हुई पड़ी है वहां के नागरिक इस बात के लिए आक्रोशित है की प्रदेश सरकार इस तरह मंदिरों को सुंदरीकरण के नाम पर ध्वस्त करती जा रही है जिससे उनका दोहरा चरित्र सामने आ रहा है कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रभारी संगठन संकठा प्रसाद त्रिपाठी ने कहा है की माता अहिल्याबाई द्वारा विश्व विख्यात बाबा विश्वनाथ जी के मंदिर का भी जीर्णोद्धार कराया गया था साथ ही ध्वस्त किए गए मणिकर्णिका घाट का निर्माण कराकर काशी वासियों को एक सौगात के रूप में देने का काम किया गया था जहां पर प्रतिदिन मोक्ष प्राप्ति के लिए उस स्थान पर दाह संस्कार जैसे कर्मकांड कराए जाते हैं जिसे वर्तमान सरकार ने ध्वस्त किया है हमारी महामहिम राज्यपाल से मांग है की मणिकर्णिका का घाट का नए सिरे से जीर्णोद्धार कराया जाए साथ ही माता अहिल्याबाई की नई प्रतिमा स्थापित की जाए व दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाय,धर्माचार्यों व काशी के नगर वासियों के साथ मिलकर सुंदरीकरण कराया जाये।इस अवसर पर शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना साह उपाध्यक्ष मोहम्मद इदरीश भाई जिला महामंत्री व मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट बाबूराम निषाद ,कालीचरण निगम ,जितेंद्र गौरव ,पीसीसी पवन देवी कोरी, जिला सचिव हेमंत वर्मा, रामकुमार सिंह, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई,आरिफ निजामी,सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष संतोष द्विवेदी सफक्कत खान सबादा मौजूद रहे।

# जनपद में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



सोमवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से साथ बनाए जाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर जनपद एवं तहसील तथा ब्लॉक स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसके अंतर्गत दिनांक 25 जनवरी की रात से सभी सरकारी इमारत एवं महत्वपूर्ण स्थान पर तिरंगा रोशनी की जाएगी।दिनांक 26 जनवरी को प्रातः 6 बजे महापुरुषों की मूर्तियों की साफ सफाई एवं माल्यार्पण किया जाएगा,जिसकी व्यवस्था अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद द्वारा की जाएगी 7 बजे सर्वधर्म प्रार्थना होगी,8.30 बजे झंडा रोहण सभी सरकारी और अर्ध सरकारी कार्यालय में किया जाएगा। 9 बजे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित कलेक्ट्रेट में किया जाएगा,9.30 बजे पुलिस परेड पुलिस लाइन में कार्यक्रम होगा। 9.15 बजे बालिकाओं की दौड़ कृषि विश्वविद्यालय से आयोजित की जाएगी,10.00 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न शिक्षण संस्थानों में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की व्यवस्था के अनुसार किया जाएगा 10.30 बजे निःशुल्क चश्मा वितरण जिला अस्पताल में किया जाएगा तथा 11.00 बजे दृष्टि बाधित विद्यालय में एवं महिला पुरुष चिकित्सालय तथा जेल में फल एवं मिष्ठान का वितरण किया जाएगा,11.30 बजे रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय में मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक की देखरेख में किया जाएगा। दोपहर 3 से 5 बजे तक राजकीय पुस्तकालय में गणतंत्र दिवस समारोह पर चर्चा आयोजित की जाएगी। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट संदीप केला,अतिरिक्त मजिस्ट्रेट इरफान उल्लाह तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जनपद के नागरिक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# 12 हजार की आबादी वाले इलाके के लोगों को अब नही होगी बाढ़ में कोई समस्या

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



जनपद के बहराइच राजमार्ग के चहिरता पचुल्ला मार्ग में योगी सरकार बरसात के दिनों में केन नदी में आने वाली बाढ़ से लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने जा रही है। और एक लघु सेतु का निर्माण कराने जा रही है। बरसात के दिनों में नाव के सहारे लोगों को यहां पर आवागमन करना पड़ता है।और लगभग 12 हजार की आबादी प्रभावित होती है। इसके लिए टेंडर भी हो गया है और फरवरी के महीने से काम शुरू हो जाएगा।और लगभग 3 करोड रुपए की लागत से लघु सेतु का यहां पर निर्माण कराया जाएगा।जनपद-बहराइच मार्ग से चहितारा पचुल्ला मार्ग के किलोमीटर 6 में स्थित रपटे के स्थान पर 3м15 मीटर स्थान का लघु सेतु का निर्माण कार्य फरवरी के महीने से शुरू हो जाएगा। यह मार्ग ग्रामीण क्षेत्र का मार्ग है जिसका कैरिज वे 3.75 मीटर है। और इस मार्ग पर 1000 एम एम 11 रोड में 27 मीटर में रपटा पूर्व से निर्मित है।और बरसात के समय में केन नदी के जलस्तर में भारी बढ़ोतरी हो जाने के कारण मार्ग की 1.350 किलोमीटर लंबाई जलमग्न हो जाती है। जिसके फलस्वरूप आसपास के गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से कट जाता है।तथा नाव द्वारा ही आवागमन संभव हो पता है।और पहले से बने रपटे के स्थान पर अब 3м15 मीटर स्पोन के लघु सेतु का निर्माण होना प्रस्तावित है। जिसके बन जाने के बाद बरसात के दिनों में भी जिला मुख्यालय से यहां के लोगों का संपर्क सुगम हो जाएगा और आसपास के गावों की लगभग 12 हजार की आबादी को सुविधा हो जाएगी। अधिशाषी अभियंता सीडी 2 भूपेश कुमार सोनकर ने बताया कि लगभग 3 करोड रुपए की लागत से लघु सेतु का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। और इसके लिए टेंडर भी हो गया है और मुख्यालय से स्वीकृति फरवरी के महीने में मिल जाएगी। जिसके बाद लघु सेतु के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा जिसे 1 साल में पूरा करने का लक्ष्य है। और लघु सेतु के निर्माण होने के बाद इस क्षेत्र के लोगों को बरसात के दिनों में होने वाली परेशानी को नहीं उठाना पड़ेगा और आवागमन सुगम हो जाएगा।

# शातिर वांछित आरोपी को पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट करने वाले मुख्य वांछित अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि 3 दिसंबर 25 को थाना पैलानी क्षेत्रान्तर्गत सिंधनकला के पास कुछ लोगो द्वारा ट्रक चालक के साथ मारपीट की घटना कारित कि गई थी तत्पश्चात ट्रक चालक की सूचना पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत करते हुए घटना में शामिल 02 अभियुक्तों को 4 दिसंबर 25 को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया था जबकि मुख्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे।इसी क्रम में थाना पैलानी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुख्य अभियुक्त को ग्राम सिंधनकला से गिरफ्तार कर लिया गया।तलाशी में उनके कब्जे से एक अवैध तमंचा व दो जिन्दा कारतूस बरामद हुए है।बता दें कि अभियुक्त पर पूर्व में भी हत्या,मारपीट,गैंगस्टर एक्ट आदि सहित आधा दर्जन मामलें दर्ज है।जिसमें वर्ष 2018 में हत्या के मामलें में अभियुक्त आजीवन कारावास की सजा हो चुकी है और वह वर्तमान में जमानत पर बाहर था । गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पिंटू पुत्र रणधीर निवासी सिंधनकला थाना पैलानी जनपद है।

# जनता दर्शन में पहुंची महिला को डीएम ने प्रदान की ट्राई साइकिल

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने आय प्रमाण पत्र में ज्यादा आय होने के कारण उपकरण प्राप्त न करने वाली दिव्यांग महिला को जनता दर्शन में ट्राई साइकिल प्रदान की। साथ ही दिव्यांग महिला को अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला मुख्यालय के सोनेपुर स्थित ऑडिटोरियम में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के आयोजित प्रथम किस्त की स्वीकृति पत्र वितरण के लाइव प्रसारण के कार्यकम में तरौंहा के मणीकुंज निवासी दोनों पैरों से दिव्यांग महिला सुमन बाई से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने दिव्यांग उपकरण के सम्बन्ध में जानकारी ली। जिस पर महिला ने बताया कि आय प्रमाण पत्र में आय अधिक होने के कारण से दिव्यांग पेंशन एवं उपकरण प्राप्त नहीं हो सका है। इस पर डीएम ने मामले को संज्ञान लेते हुये जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव को तत्काल सहायक उपकरण प्रदान करने के निर्देश दिए। जिसके क्रम में सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन के समय जिलाधिकारी ने सुमन बाई को ट्राई साइकिल प्रदान की। दिव्यांग लाभार्थी ने उपकरण प्राप्त होने पर जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा डीएम ने दिव्यांग महिला को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से भी लाभान्वित करने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया।

## सीडीओ ने किया सिद्धपुर गांव के विकास कार्यों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल ने सोमवार को सदर विकासखंड के सिद्धपुर गांव में निर्माणाधीन विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। यहां सीडीओ ने निर्माण कार्यों की प्रगति अवलोकन किया तथा गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सिद्धपुर गांव चल रहे निमार्ण कार्यों के तहत सीडीओ ने अन्नपूर्णा भवन, पंचायत भवन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एमडीएम शेड, बाउंड्रीवाल, दिव्यांग शौचालय, इंटरलॉकिंग सड़क एवं अत्योष्टि स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सीडीओ ने निर्माण कार्यों की समयबद्धता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्यस्थल पर साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरे किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विकास प्रशासन की प्राथमिकता है और ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से किए जाते रहेंगे। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी, मनरेगा उपायुक्त सहायक विकास अधिकारी धर्मेन्द्र यादव, ग्राम प्रधान रामकिंकर सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीडीओ ने दिए खाता परिवर्तित करने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डी.पी. पाल ने विकास भवन में कार्यरत समस्त विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है कि कार्यालय में कार्यरत सभी राजकीय कर्मचारियों के इंडियन बैंक शाखा विकास भवन में संचालित बैंक खाते को सैलरी खाते के रूप में संचालित कराएं। यह निर्देश सीडीओ ने राजकीय कर्मचारियों का बैंक खाता सैलरी खाते के स्थान पर बचत खाते के रूप में संचालित किए जाने की सूचना को संज्ञान में लेकर दिया है। उन्होंने खाता परिवर्तन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए एक सप्ताह के अंदर जानकारी मांगी है। बताया कि खाता परिवर्तन से राजकीय कर्मचारियों को सैलरी खाते से मिलने वाली सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

# राष्ट्रीय सुलह समझौता अभियान को कामयाब बनाने के हुआ बैठक का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**



जिला जज मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुलह समझौता अभियान 2.0 को कामयाब बनाने के लिये न्यायिक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिला जज ने बैठक में मौजूद सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सुलह समझौते के लिये ज्यादा से ज्यादा उचित मामलों को सन्दर्भित कर आपसी सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित कराने की कोशिश करें। बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, ज्ञान प्रकाश सिंह, अपर जिला जज प्रथम उदयवीर सिंह, स्पेशल जज एस.सी./एस. टी. रनवीर सिंह, स्पेशल जज द.प्र.क्षे. अनिल कुमार खरवार, स्पेशल जज कीर्तिमाला सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, सिविल जज (सी0डि0) निहारिका जायसवाल, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय, सिविल जज सी.डि./एफ.टी.सी. वन्दना अग्रवाल, सिविल जज (जू0डि0) अंकित पाल, सिविल जज (जू0डि0)/क्रा0अ0वू0 कीर्ति मिश्रा, सिविल जज (जू0डि0)/एफ0टी0सी0 शैली शरण खासतौर से मौजूद रहे।

# जाति-बिरादरी से उठकर एकजुटता पर ध्यान दें हिंदू: पं0 धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जनपद द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन चिल्ला रोड स्थित होटल रामदा में किया गया जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री एवं विशिष्ट अतिथि प्रांत प्रचारक श्रीराम के द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम के दौरान प्रांत प्रचारक श्रीराम ने संघ 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए हिंदुओं के संगठित रहने की आवश्यकता पर जोर दिया। मुख्य अतिथि धीरेन्द्र शास्त्री ने हिंदुओं से जाति बिरादरी से ऊपर उठकर समाज में समरसता बनाने का आग्रह किया।उन्होंने कहा कि जातियां पहले भी थीं,पर जातिवाद नहीं था।आज जितनी जातियां नहीं है उससे ज्यादा जातिवाद है।उन्होंने कहा कि हिंदुओं को जनसंख्या बढ़ाने तथा बच्चों को नौकरी-व्यापार के साथ संस्कार देने की आवश्यकता है।उन्होंने स्वयंसेवकों को पवित्र सनातन धर्म,संस्कृति एवं समाज की सदैव रक्षा करने हेतु शपथ भी दिलाई।कार्यक्रम के दौरान सह-प्रांत प्रचारक मुनिश,विभाग प्रचारक ऋतुराज,विभाग कार्यवाह संजय,सुरेंद्र,श्यामसुंदर,अनुराग,रामनाथ,उमाशंकर सहित हजारों स्वयंसेवक उपस्थित रहें। संचालन श्याम निगम ने किया।

# भाजपा सरकार के गलत कार्यों का दमदारी से विरोध करेंगे कांग्रेसी- पुष्पेन्द्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




बनारस में ऐतिहासिक मणिकर्णिका घाट को तोड़ने के मामले में कौंग्रसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप-जिलाधिकारी का सौंपा है। साथ ही महापुरूषों के अपमान के मुद्दे पर संघर्ष करने का ऐलान किया है।

कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि बीती 10 जनवरी को भाजपा सरकार ने एतिहासिक मणिकर्णिका घाट को बुल्डोजर से तहस-नहस किया है। वर्ष 1971 में माता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा इसका जीर्णोद्धार कराया गया था। बनारस के मंदिरों को जिस तरह से विकास के नाम पर तोड़ा जा रहा है, उसका कौंग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है और मांग करती है कि इस घटना के दोषियों की निष्पक्ष जांच कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही माता अहिल्याबाई होल्कर की मूर्ति लगाए तथा संतों व सम्मानित नागरिक से सलाह कर सौंदर्यीकरण कराए। वरिष्ठ नेता पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि इस घटना की कौंग्रेस पार्टी निंदा करती है। बताया कि कौंग्रेस पार्टी मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत जनचैपाल के माध्यम से जनपद के मंडलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में आज रसिन मंडल के कोलउहां गांव में व नांदिन मंडल के खरसेडा ग्राम सभा में चैपाल लगाई गई है। कहा कि जब तक इस नए कानून को वापस नहीं लिया जाएगा, तब तक कौंग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। पूर्व प्रत्याशी रंजना बराती लाल पांडेय ने कहा कि भाजपा सरकार में जिस तरह से मठ-मंदिरों को तोड़ा जा रहा है, वह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। साथ ही प्रयागराज में प्रशासन द्वारा साधु संतों के साथ शंकराचार्य को स्नान करने से रोकना बहुत ही निंदनीय है। कौंग्रेस पार्टी इसकी घोर निंदा करती है। अभियान समन्वयक ने कहा कि कौंग्रेस महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है, जिस तरह से राष्ट्रपिता का अपमान वर्तमान सरकार कर रही है, उसके विरुद्ध कौंग्रेस पदाधिकारी संघर्ष करेंगे।

इस मौके पर बुआराम शुक्ला, गज्जू प्रसाद, अनिल गुप्ता, शिव गुलाम वर्मा, कालीचरण राजपूत, चुनबाद प्रसाद प्रजापति, रावेन्द्र सिंह, जग जाहिर पटेल, राजेश सिंह, कामता प्रसाद द्विवेदी, रामकृपाल वर्मा, ओम प्रकाश गुप्ता, चंद्रशेखर सिंह, प्रेमी लाल सोनकर, हरिओम पांडेय आदि मौजूद रहे।

# गैंगस्टर के गुनाहगार को 6 साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ पांच हजार का जुर्माना

**हमीरपुर।** मझगवा में 29 जनवरी 2010 में गैंग बनाकर अपने आर्थिक और भौतिक फायदे के लिये समाज में डर और खौफ का माहौल बनाने के चलते मु0अ0सं0-207/2010 धारा-2/3 गैंगस्टर के तहत अभियुक्त 1.हरी पुत्र रमजू मियांपुरा राठ हमीरपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। वही मामले की जानकारी देते हुये एडीजीसी सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आपरेशन कन्विक्शन के तहत गैंगस्टर अदालत के स्कालर जज अनिल कुमार खरवार ने अभियुक्त हरी पुत्र रमजू को गुनाहगार मानते हुये 6 साल की सख्त सजा के साथ ही 5 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया। मामले की जांच तत्कालीन एस आई जमीरुल हसन ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी।

# श्रीमद्भागवत कथा की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

धर्मनगरी के तरौंहा स्थित रामबाग खाकी अखाड़ा में सोमवार को शतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा निकालकर किया गया। इस दौरान जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज की उपस्थिति में खाकी अखाड़ा के बालयोगी अमृतदास महराज का पट्टाभिषेक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजन व पट्टाभिषेक से हुई, जिसमें जगद्गुरु रामभद्राचार्य महराज व? संतों ने बालयोगी अमृतदास महाराज का? पट्टाभिषेक किया।? इसके बाद खाकी अखाड़ा से सभी अखाड़ों के निशान पूजन? के साथ भव्य कलश शोभायात्रा की शुरुआत हुई।? जिसमें हाथी, घोड़ों व हजारों की? संख्या में महिलाएं-पुरुष सहित संत भी शामिल हुए। शोभायात्रा? तरौंहा से धुसमैदान, पुरानी बाजार, काली देवी मंदिर चैराहा, पुरानी कोतवाली होते हुए राजा घाट पहुंची, जहां से कलश? में जल भर?कर यात्रा रामबाग खाकी अखाड़ा वापस पहुंची। यात्रा का तरौंहा चैगलिया, पुरानी बाजार में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। महंत अमृतदास महराज ने कहा कि अखाड़ा में शतचंडी महायज्ञ व? सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा की? शुरुआत होगी। शोभायात्रा में धर्मनगरी के सभी अखाड़ों के महंत, पूर्व सांसद रमेश चन्द्र द्विवेदी, भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन नरेंद्र गुप्ता, समाजसेवी हरिओम करवरिया, जवाहर सोनी आदि मौजूद रहे।

# स्कूल/विद्यालयों के चालकों एवं परिचालकों का कराया जाए चरित्र सत्यापन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



दिन सोमवार को जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति तथा जिला परिवहन सुरक्षायान की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी स्कूल व विद्यालयों के वाहनों की फिटनेस की चेकिंग कराया जाने तथा 15 वर्ष से पूर्व के वाहनों का पंजीकरण निरस्त किए जाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी विद्यालयों के चालकों एवं परिचालकों का चरित्र सत्यापन कराया जाने के भी निर्देश दिए।उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय प्रबंधन अपने स्कूल में 18 वर्ष से कम आयु के साथ छात्राओं को वाहन लेकर नहीं आने दें।विद्यालयों के आगे स्पीड बेकार बनाए जाने के निर्देश उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए विद्यालयों के प्रचालकों का नेत्र परीक्षण कराया जाने हेतु शिविर लगाए जाने के निर्देशित किया।उन्होंने स्कूलों की रोड़ों की गढ़ों की मरम्मत किए जाने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटना में कमी लाने हेतु लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए, सड़क दुर्घटनाओं में मृत्युको की संख्या में पिछले माह में कमी आयी है उन्होंने ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई किए जाने तथा समन शुल्क वसूलने के निर्देश दिए, जिसके अंतर्गत बताया गया की 112 ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 59 लाख का समन शुल्क वसूल किया गया है। उन्होंने विद्यालयों में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दिए जाने हेतु निर्देशित किया, जिलाधिकारी ने नेशनल हाईवे के अधिकारियों को तिंदवारी के पास महोखर के समीप सड़क को ठीक कराया जाने के निर्देश दिए।उन्होंने ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रिफ्लेक्टर टेप लगाए जाने के निर्देश दिए,बैठक में बताया गया कि व्यावसायिक अभियान के अंतर्गत बिना रिफ्लेक्टर के 72 ट्रैक्टरों का चालान किया गया है जिलाधिकारी ने कबरई रोड में साइनीस लगाए जाने,रोड की मरम्मत तत्काल किए जाने के निर्देश दिए।कानपुर बांदा मार्ग में कट बंद किए जाने के निर्देश दिए,उन्होंने हिट एंड रन तथा राहगीर योजना में दुर्घटना होने पर घायल लोगों को अस्पताल ले जाने वालों व्यक्तियों को पुरस्कृत किए जाने के लिए भी निर्देशित किया।बैठक में संभागीय परिवहन अधिकारी एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग।जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक गण उपस्थित रहे।



### आतंक पर जयशंकर की दो टूक...

भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर एक बार फिर साफ और कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वह आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाए और भारत के पड़ोस में आतंकी ढांचे को किसी भी तरह से बढ़ावा न दे। यह बयान... पढ़ें पेज 12 पर...



## लवकुश नगर में सामुदायिक स्थल बचाने उतरे लोग नगर निगम के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन

- गलत जानकारी के आधार पर ओपन जिम लगाने का आरोप, सामुदायिक केंद्र निर्माण की उठी मांग

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड अंतर्गत लवकुश नगर स्थित बद्री प्रसाद वाल्मीकि सार्वजनिक स्थल को बचाने के लिए आज दर्जनों स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम कार्यालय के सामने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों से अवगत कराया।



धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व सुरेंद्र कुमार वाल्मीकि, परिषद लाल बहादुर शास्त्री प्रथम वार्ड कार्यकारिणी सदस्य ने किया। उन्होंने बताया कि बद्री प्रसाद वाल्मीकि स्थल क्षेत्र का एकमात्र सार्वजनिक स्थान है, जहां स्थानीय निवासी धार्मिक, सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के साथ-साथ शादी-विवाह जैसे आयोजन करते हैं। साथ ही, इसी स्थान पर बच्चे खेलकूद करते हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा नगर निगम प्रशासन के समक्ष गलत तथ्यों को प्रस्तुत कर इस सार्वजनिक स्थल के बीचो-बीच कटीले पेड़-पौधे लगवाने एवं ओपन जिम स्थापित कराने का कार्य कराया जा रहा है, जिससे बच्चों के खेलने और सामाजिक आयोजनों में भारी बाधा उत्पन्न हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त स्थल से मात्र 200 मीटर की दूरी पर पहले से ही एक ओपन जिम मौजूद है। क्षेत्र के अधिकांश निवासी सफाई कर्मचारी एवं अल्प आय वर्ग से संबंधित हैं, जिनके पास इस स्थान के अतिरिक्त कोई अन्य सार्वजनिक विकल्प उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से नगर निगम से मांग की गई कि बीचो-बीच लगाए गए पेड़-पौधों एवं प्रस्तावित ओपन जिम को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जाए तथा बद्री प्रसाद वाल्मीकि स्थल पर सामुदायिक केंद्र का निर्माण कराया जाए। इससे न केवल स्थानीय निवासियों को धार्मिक, सामाजिक व पारिवारिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा मिलेगी, बल्कि नगर निगम की आय में भी वृद्धि होगी। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवा मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में सार्वजनिक स्थल को सुरक्षित रखने की मांग की।

## एक्सप्रेस खबरें...

### इटौंजा थाना क्षेत्र में नहर की मिट्टी का हो रहा है व्यापार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत महोना से लेकर अटरिया थाना क्षेत्र की नहर की मिट्टी का लगातार खनन किया जा रहा है, नहर की मिट्टी की खुदाई कर मिट्टी प्राइवेट में बेची जा रही है। बता दें कि शिवरी गांव के एक ठेकेदार द्वारा नहर की मिट्टी का खनन कर प्राइवेट में बेची जा रही है, लेकिन स्थानीय पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल व नहर के अधिकारी कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि महोना नहर से लेकर अटरिया थाना क्षेत्र की नहर तक धड़ल्ले से नहर की मिट्टी उठाकर प्राइवेट में बेची जा रही है। लेकिन ईश्वर ना तो अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और सिंचाई विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मामले में कार्यवाही की जाएं।

### जरूरतमंदों को किया गया कंबल वितरण,ग्रामीणों के खिले चेहरे

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र अंतर्गत इटौंजा क्षेत्र के अंतर्गत कुंडापुर मजरा बनगांव में जरूरतमंदों को सोमवार को कंबल वितरण किया गया। वही बख्शी का तालाब तहसील के तहसीलदार शरद सिंह ने बताया कि सोमवार को कई गांव में कंबल वितरण किया गया। इसी क्रम में कुंडापुर गांव मजरा बनगांव में भी कंबल वितरण किया गया। वही गांव के निवासी बुजुर्ग मूलचंद ने बताया ठंड के प्रकोप के समय कंबल वितरण अच्छा कार्य है। बुजुर्गों के लिए ठंड से बचने के लिए सहारा साबित होता है। इसी क्रम में इसी गांव के निवासी हजारीलाल ने कहा कंबल वितरण योजना का लाभ हर जरूरतमंद को मिल रहा है। बीकेटी तहसीलदार ने यह भी बताया कि मंगलवार को चांदपुर खानीपुर गांव में भी जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य गांव में भी यह अभियान लेखपालों द्वारा चलाए जा रहा है।



### लखनऊ जिले में कई तहसील क्षेत्रों में अवैध तरीके से मिट्टी खनन जारी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** राजधानी लखनऊ जिले के मलिहाबाद व बीकेटी तहसील क्षेत्र में धड़ल्ले से अवैध मिट्टी खनन जारी है। स्थानीय पुलिस राजस्व के अधिकारियों एवं खनन इंस्पेक्टर के सहयोग से धड़ल्ले से क्षेत्र में मिट्टी खनन किया जा रहा है। वही अवैध मिट्टी खनन कर ठेकेदार रातों-रात मालामाल हो रहे हैं। वहीं राजस्व विभाग को तगड़ा चूना लगाया जा रहा है, जिससे कि राजस्व विभाग का काफी नुकसान हो रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक मलिहाबाद,बीकेटी, महिगवां, इटौंजा, सैरपुर क्षेत्र में धड़ल्ले से मिट्टी खनन किया जाता है। बीकेटी तहसील के भेंसी गांव में तालाब में मिट्टी खनन किया गया,इटौंजा थाना क्षेत्र दौलत में तालाब में मिट्टी खनन किया गया, गोहाना कला गांव के पास पडी वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से स्थानीय पुलिस संरक्षण में मिट्टी खनन किया गया, लेकिन इन क्षेत्र के लेखपाल,खनन स्पेक्टर पटेल स्थानीय पुलिस इस ओर ध्यान नहीं देती हैं और मिट्टी खनन क्षेत्र लगातार जारी है। वही सूत्रों के मुताबिक, चौंकाने वाली बात यह है कि बीकेटी तहसील क्षेत्र के कई थाना क्षेत्रों में परमिशन के नाम पर और अवैध मिट्टी खनन किया जाता है। कही जेसीबी डंपरों से,तो कही ट्रैक्टर ट्राली और जेसीबी लगाकर रात के अंधेरे में मिट्टी खनन का काम किया जाता है। वहीं मिट्टी के ढेर राष्ट्रीय राजमार्गों निर्माणाधीन मकानों, प्राइवेट प्लाटिंगों, प्राइवेट संस्थानों में दिखाई देती है।

## गोंडा में युवाओं के नाम ऐतिहासिक राष्ट्र कथा, भारत के भविष्य की रूपरेखा

# मैं भारत पर गर्व करना नहीं, भारत को जीना सिखाने आया हूँ

## सद्गुरु रितेश्वर महाराज



**नववर्ष 2026 पर उत्तर प्रदेश के गोंडा जनपद में सरयू तट से उठी एक आवाज़ ने देशभर का ध्यान खींचा है। यह आवाज़ किसी राजनीतिक मंच की नहीं, बल्कि युवाओं को राष्ट्रबोध से जोड़ने वाली भारत की पहली समग्र राष्ट्र कथा की है। समकालीन राष्ट्रीय संत सद्गुरु श्री रितेश्वर महाराज ने गोंडा में आयोजित राष्ट्र रक्षा कथा के माध्यम से युवाओं को भारत को महसूस करने और जीने का आह्वान किया। जन एक्सप्रेस के लिए वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र सिंह से विशेष बातचीत में सद्गुरु रितेश्वर महाराज ने राष्ट्र, युवा, संस्कृति और भारत के भविष्य पर खुलकर विचार रखे।**



राजेन्द्र सिंह
(वरिष्ठ पत्रकार एवं कई समाचार पत्रों के पूर्व संपादक)

EXCLUSIVE INTERVIEW

**गोंडा की इस राष्ट्र कथा को आप किस रूप में देखते हैं?**

- यह कोई साधारण धार्मिक कथा नहीं है। यह राष्ट्र के भविष्य से संवाद है। मैं युवाओं से भारत पर गर्व करने को नहीं कह रहा, मैं उन्हें भारत को जीना सिखाने आया हूँ। राष्ट्र को सिर्फ शब्दों में नहीं, चरित्र में उतारना होगा।

**आज का युवा किस सबसे बड़ी कमी से जूझ रहा है?**

- आज का युवा प्रतिभाशाली है, तकनीकी रूप से सक्षम है, लेकिन अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट रहा है। अगर वह भटक रहा है, तो दोष उसका नहीं- दोष उस कथा का है जो उसे राष्ट्र निर्माता के रूप में खड़ा नहीं करती।

**आप कहते हैं कि राष्ट्र रक्षा बंदूक से नहीं, हृदय से होती है- यह कथन आज के संदर्भ में कितना प्रासंगिक है?**

- बहुत प्रासंगिक है। सीमा पर सैनिक रक्षा करते हैं, लेकिन समाज की रक्षा संस्कार करते हैं। जब तक हृदय में राष्ट्र नहीं बसेगा, तब तक हथियार भी राष्ट्र को नहीं बचा पाएंगे। राष्ट्र रक्षा की पहली चौकी व्यक्ति का विवेक है।

**आपकी राष्ट्र कथा को भावनात्मक राष्ट्रवाद से अलग क्यों माना जा रहा है?**

- क्योंकि यह उन्माद नहीं, विवेक सिखाती है। मैं रामायण और भागवत के माध्यम से बताता हूँ कि राष्ट्र धर्म का अर्थ नफरत नहीं, बल्कि कर्तव्य, संयम और समर्पण है। राष्ट्रबोध बिना नैतिकता के खोखला हो जाता है।

**आपने अपने 52 वर्षों की साधना का उल्लेख किया। इसका इस राष्ट्र कथा से क्या संबंध है?**

- मेरी साधना निष्काम रही है। मैंने कभी किसी से कुछ नहीं लिया। मां भारती, राम, कृष्ण और हनुमान जी के लिए कथा कही। निष्काम साधना ही सनातन संस्कृति की रीढ़ है, और वही राष्ट्र निर्माण की शक्ति भी है।

**कथा में आपने भारत के इतिहास और मैकाले की शिक्षा प्रणाली पर भी सवाल उठाए?**

- भारत को योजनाबद्ध तरीके से उसके गौरवशाली इतिहास से काटा गया। चेचक के टीके से लेकर वायुयान की संकल्पना तक सब कुछ होते हुए भी हमें हीनता सिखाई गई। इसमें हमारे इतिहासकारों की भी जिम्मेदारी है।

**इस राष्ट्र कथा में युवाओं की ऐतिहासिक भागीदारी को आप कैसे देखते हैं?**

- यह भारत के भविष्य की दस्तक है। लाखों युवाओं का एक साथ जुटना और राष्ट्रबोध का संकल्प लेना बताता है कि देश की आत्मा जाग रही है।

**अंत में, युवाओं के नाम आपका संदेश?**

- युवा यह समझे कि राष्ट्र कोई बाहर की चीज़ नहीं- वह स्वयं राष्ट्र है। जब युवा बदलेगा, तभी भारत बदलेगा। गोंडा की यह राष्ट्र कथा सिर्फ वर्तमान की आवाज़ नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की घोषणा है।



**आपको युवाओं के लिए पहली समग्र राष्ट्र कथा कहने वाला संत कहा जा रहा है?**

- मैं स्वयं को संत नहीं, साधक मानता हूँ। अगर यह कथा युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनाती है, तो यही मेरी साधना की सफलता है। भारत को फिर से विश्वगुरु बनाने का मार्ग यहीं से निकलेगा।

**डिजिटल युग में सनातन मूल्यों पर हो रहे प्रहारों को आप कैसे देखते हैं?**

- यह युग चुनौती का है। विघटनकारी शक्तियां संस्कृति को कमजोर करना चाहती हैं। ऐसे समय में राष्ट्र कथा एक सांस्कृतिक कवच बनकर सामने आई है।

## बीकेटी इटौंजा में घने कोहरे और ठंड से जनजीवन प्रभावित

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी इटौंजा माल मलिहाबाद सैरपुर दुबग्गा में बुधवार सुबह मौसम में बदलाव के साथ ही ठंड बढ़ गई। घने कोहरे और बादलों कोहरे की वजह से सड़कों पर आवागमन मुश्किल हो गया और वाहनों की रफ्तार कभी धीमी पड़ गई। वहीं इस मौसम में पहली बार इतना घना कोहरा देखा गया, जो दोपहर तक छाया रहा और शाम होते ही ठंडी हवाएं से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। सुबह सुबह स्कूल कॉलेज जाने वाले छात्रों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं ठंड से पशु-पक्षी भी बेहाल नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार, अगले चार दिनों तक इसी तरह घना कोहरे और ठंड छाए रहने की संभावना है। वहीं घने कोहरे और बढ़ती ठंड का असर फसलों पर भी देखा जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक, सर्दी गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद होती है, जबकि फूल वाली फसलों को इससे नुकसान हो सकता है। वहीं किसान नेता राम प्रकाश सिंह ने बताया कि दिसंबर बीत गया जनवरी चल रही है और गेहूं व आलू की फसल के लिए ठंड का बढ़ना आवश्यक है। लेकिन अभी तक तहसील प्रशासन व नगर पंचायत प्रशासन की तरफ से किसी प्रकार की अलाव व शर्दी से राहत के बचाव के लिए कोई कार्य करने चाहिए। वहीं घने कोहरे के साथ कड़ाके की ठंड व बर्फीली धीमी हवा ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया। वही जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।अकडरिया कला, हरदा कालोनी, लासा, सुल्तानपुर अमानीगंज महोना अरम्बा, मुसपिपरी, खेसरावा, अन्य कई गांवों में कंबल नहीं बाटे गए हैं। वहीं क्षेत्र के नागरिकों ने बताया कि प्रशासन द्वारा अलाव के लिए लकड़ी की व्यवस्था करवाई जायें और ग़रीबों को कंबल वितरण कराया जायें,जिससे कि ठंड से उनको राहत मिल सकें।

## 'श्री बालाजी ढाबा' पर खाद्य सुरक्षा का डंडा

- 15 दिन में सुधार नहीं तो रद्द होगा लाइसेंस, एफएसडीए ने थमाया सख्त नोटिस

**जन एक्सप्रेस फॉलोअप**
**लखनऊ**







राजधानी की थाली में जहर: खार में रंगता चाटा, आलमबाग के श्री बालाजी ढाबा पर फूड विभाग का ताबड़तोड़ छापा

राजधानी में खुलेआम जनता की सेहत से खिलवाड़ का एक और गंभीर मामला सामने आया है। आलमबाग स्थित श्री बालाजी ढाबा पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 की धारा 32 के तहत इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किया है। निरीक्षण में मिली खामियों ने ढाबे की कार्यप्रणाली की पोल खोल दी है।

### गंदगी, घटिया बर्तन और लापरवाही का खुला खेल

06 जनवरी 2026 को खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार द्वारा किए गए निरीक्षण में चौंकाने वाली अनियमिताएं सामने आईं। ढाबे में उपयोग किए जा रहे कंटेनर नॉन-टॉक्सिक और नॉन-कोरोसिव नहीं पाए गए। बर्तनों का समुचित सैनिटाइजेशन नहीं हो रहा था, परिसर की सफाई बदहाल थी और कचरा निस्तारण नियमों को ताक पर रखकर किया जा रहा था।

### 15 दिन का अल्टीमेटम, नहीं सुधरे तो ताला तय

सहायक आयुक्त (खाद्य) एवं अभिहित अधिकारी विजय प्रताप सिंह ने ढाबा संचालक धर्मपाल यादव को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 15 दिनों के भीतर सभी कमियों को दूर कर विभाग को सूचित करें। समयसीमा में सुधार न होने पर लाइसेंस निरस्तीकरण सहित सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### सवाल जो सिस्टम से टकराते हैं

जब शहर के व्यस्त इलाके में संचालित ढाबे की यह हालत है, तो बाकी होटलों और ढाबों का क्या हाल होगा? क्या राजधानी में जनता की थाली में इसी तरह लापरवाही परोसी जाती रहेगी?

### कर्मचारियों की सेहत भी भगवान भरोसे

निरीक्षण में यह भी उजागर हुआ कि ढाबे में काम कर रहे कर्मचारियों के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अधूरे हैं। न तो तय मानकों के अनुसार वस्त्र पहने गए थे और न ही किसी कर्मचारी के पास स्न्हस्स्ञ्ष्ट ट्रेनिंग प्रमाण पत्र मिला। खाद्य सामग्री की खरीद से जुड़े रिकॉर्ड भी अधूरे पाए गए, जो सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है।

### नाप-तौल में भी गड़बड़ी की आशंका

ढाबे में नापने-तौलने से संबंधित उपकरणों का नियमित रख-रखाव नहीं किया जा रहा था। इससे उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### नोटिस या ठोस कार्रवाई?

अब निगाहें एफएसडीए पर टिकी हैं-क्या तय समय में वास्तविक कार्रवाई होगी या यह मामला भी फाइलों और नोटिसों में दबकर रह जाएगा?

## कोटा चुनाव में मंजरी का दिखा वर्चस्व, सचिव एडीओ मौके से भाग निकले

- सचिव ने खुली बैठक में मंजरी के समर्थकों के नहीं लिए साइन,बैठक हुई निरस्त

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**





लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब इटौंजा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दुघरा में सोमवार को पूर्व कोटेदार गोबरे की मौत हो जाने से सोमवार को कोटा का चुनाव होना था। जिसकी दावेदारी को लेकर पांच कैंडिडेट मैदान में थे, पंचायत कार्यालय पर लोगों की भीड़ झूठी थी। जिसमें नागरिकों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी, बातचीत के दौरान दावेदार मंजरी वर्मा का वर्चस्व दिखा और कुछ दावेदार पोजीशन पलटी देख पहले ही चले गए। दुघरा ग्राम पंचायत में पूर्व कोटेदार गोबरे का एक वर्ष पहले निधन हो गया था, यहां का कोटा सुल्तानपुर ग्राम पंचायत में संबंध था। नागरिकों की मांग थी कि फिर से कोटेदार का चयन कर कोटा बहाल किया जायें। इसी को लेकर सोमवार को कोटा का चुनाव होना था, एडीओ आर डी कृष्ण कुमार पांडेय ग्राम पंचायत अधिकारी चुनाव करवा रहे थे, लेकिन कोटा की दावेदारी को लेकर मंजरी, गीता, सहित पांच महिलाएं दावेदार थी।एडीओ आर डी कृष्ण कुमार पांडेय का कहना था कि खुली बैठक में चुनाव होगा, ज्यादातर लोग मंजरी वर्मा के समर्थन में थे, वहीं कुछ लोगों का कहना था कि चुनाव वायलेट पेपर से करवाया जायें, हाथ उठाने में बहस हो सकती हैं, लेकिन अचानक एडीओ आर डी कोटा चुनाव क्या परिणाम रहा यह बिना बताए चले गए। मौके पर इकट्ठा ग्रामीण मायूस होकर घर लौट गए। अब देखने वाले बात यह है कि मंजरी वर्मा को हरी झंडी मिलतीं, लेकिन कोटा का चुनाव अगले दिन होगा यह अधिकारियों की कार्य शैली पर निर्भर है। बाहरहाल कोटा चैन को लेकर दुघरा ग्राम पंचायत में सर गर्मी जोरों पर है। पंचायत सचिव व वीडियो रोड कृष्णा पांडे की लापरवाही के चलते ग्रामीण आक्रोश में है। सचिन की लापरवाही से रजिस्टर पर ग्रामीणों के साइन नहीं लिए गए जिससे कि ग्रामीण आक्रोश में है। वही बीकेटी ब्लॉक की वीडियो पूजा पांडेय का कहना है कि कोटा का चुनाव निरस्त कर दिया गया है, अगली बैठक निर्धारित कर चुनाव कराया जायेगा।

## पीठासीन अधिकारी लोकतंत्र की आत्मा : आनन्दीबेन पटेल

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- विधानमंडल जनआकांक्षाओं को स्वर देने का पवित्र मंच

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानसभा में 19 से 21 जनवरी तक आयोजित अखिल भारतीय 86वें पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों से पधारे विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों, गणमान्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।राज्यपाल ने कहा कि लखनऊ में महत्वपूर्ण सम्मेलन का आयोजन होना अत्यंत गौरव का विषय है। यह सम्मेलन भारतीय संसदीय परंपराओं की सुदृढ़ता, मर्यादा और निरंतरता का जीवंत प्रतीक है। लखनऊ की तहज़ीब, संवाद और समन्वय की परंपरा इस सम्मेलन को विशेष गरिमा प्रदान करती है।राज्यपाल ने पीठासीन अधिकारियों को लोकतंत्र की आत्मा का संरक्षक बताते हुए कहा कि उनकी निष्पक्षता, विवेक और मर्यादा सदनों को जनआकांक्षाओं की प्रभावी अभिव्यक्ति का मंच बनाती है। यह सम्मेलन अनुभवों के आदान-प्रदान, श्रेष्ठ संसदीय परंपराओं के संरक्षण और नवाचारों के सृजन का सशक्त माध्यम बने, यही कामना है।

राज्यपाल जी ने उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और लोकतांत्रिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रदेश वैदिक संस्कृति, दर्शन और लोकतांत्रिक चेतना का जीवंत केंद्र रहा है। प्रयागराज, अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसी पावन धरा ने भारत की आत्मा और मूल्यों को दिशा दी है। उन्होंने कहा कि विधानमंडल जनआकांक्षाओं को स्वर देने का पवित्र मंच है।सदन की सार्थकता केवल बहसों की संख्या से नहीं बल्कि लोककल्याण के प्रति दृष्टिकोण, तथ्यपूर्ण एवं समाधानपरक चर्चा से निर्धारित होती है। यदि संवाद समाधान में परिवर्तित हो, तभी संसदीय लोकतंत्र सशक्त और विश्वासयोग्य बनता है।राज्यपाल ने सदन की कार्यवाहियों में व्यवधान को गंभीर चुनौती बताते हुए कहा कि इससे जनहित के महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा बाधित होती है और लोकतंत्र के प्रति जनता का विश्वास प्रभावित होता है। उन्होंने विचारों की भिन्नता को लोकतंत्र की शक्ति बताते हुए असहमति को लोकतांत्रिक सौंदर्य के रूप में स्वीकार करने का आह्वान किया।राज्यपाल ने अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश विधानसभा सतीश महाना के मार्गदर्शन में प्रकाशित पुस्तक 'उत्तर प्रदेश विधान सभा की संसदीय पद्धति और प्रक्रिया' की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रकाशन लोकतांत्रिक मर्यादाओं और संसदीय अनुशासन का महत्वपूर्ण पथ प्रदर्शक सिद्ध होगा। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सम्मेलन में गहन, संतुलित और सार्थक विचार-विमर्श होगा तथा यह आयोजन संसदीय प्रणाली को और अधिक सशक्त, संवेदनशील और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने के साथ भारत के संसदीय लोकतंत्र को नई दिशा प्रदान करते हैं।

# सीएम डैशबोर्ड पर डीएम सख्त, विकास कार्यों में लापरवाही नहीं चलेगी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**





जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिया कि योजनाओं एवं कार्यक्रमों के लक्ष्यों को निर्धारित समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए।उन्होंने ने कहा कि शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया जाए और किसी भी स्तर पर शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।डीएम ने विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभागों की नियमित समीक्षा करें और प्रगति में सुधार लाएं।बैठक के दौरान उन्होंने विभागवार योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली।और लक्ष्य समय से पूरे करने पर जोर दिया। एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन कराने का भी निर्देश दिया।साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल,जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने का आदेश दिया।उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों की योजनाओं में विशेष प्रयास कर जनपद की रैंकिंग में सुधार करें। जिन विभागों की रैंकिंग खराब पाई जाएगी,उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इसके उपरांत कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जिले में निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। डीएम ने स्पष्ट किया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय सीमा में पूरे हों।तथा कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा।सामग्री की गुणवत्ता जांच कर ही प्रयोग सुनिश्चित किया जाए।किसी भी परियोजना में लापरवाही,मानक विहीन कार्य या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह,जिला विकास अधिकारी वीर भानू सिंह,सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशानुसार जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सहित अन्य संबंधित अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# चतुर्ग्रही योग में शुक्रवार को मनाई जाएगी बसंत पंचमी : स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ**



माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को सुर और शिक्षा की देवी माँ सरस्वती को समर्पित बसंत पंचमी मनाई जाती है। मान्यता है कि इस दिन शुभ मुहूर्त में मां सरस्वती की आराधना करने से विद्या बुद्धि की प्राप्ति होती है। बसंत पंचमी केवल धार्मिक या सांस्कृतिक पर्व नहीं है, बल्कि वैदिक ज्योतिष में इसका अत्यंत विशेष स्थान है। यह दिन बुद्धि, विद्या, वाणी, ग्रहों की शुभता और मानसिक शुद्धि से गहराई से जुड़ा हुआ है। इस बार यह पर्व 23 जनवरी शुक्रवार को मनाया जाएगा। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने इस पर्व से जुड़े शुभ योग के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार को प्रातः 02¬28 पर पंचमी तिथि का प्रारंभ होगा जो कि अगले दिन प्रातः 01¬46 तक रहेगी वहीं इस दिन पूजा का शुभ मुहूर्त प्रातः 06¬32 बजे से लेकर सांय 05¬40 तक रहेगा।

स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार बसंत पंचमी के दिन इस बार मकर राशि में सूर्य, बुध, मंगल और शुक्र ग्रह विराजमान रहने के कारण पंचमी तिथि के साथ चतुर्ग्रही योग का अद्भुत संयोग बन रहा है। जो अत्यंत शुभदायक माना जाता है।

देवी शारदा की पूजा एवं आराधना से जुड़ी जानकारी देते हुए स्वामी जी ने बताया कि बसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा माना जाता है। इसी तिथि के दिन से इस ऋतु की शुरुआत मानी जाती है। जब शीत ऋतु का समापन होता है। उसके बाद बसंत ऋतु का आगमन होता है। माघ शुक्ल पक्ष में चंद्रमा बलवान और शुभ स्थिति में होता है,चंद्रमा मन, स्मरण शक्ति और भावनाओं का कारक है।

इस समय किया गया जप, ध्यान और पूजा मानसिक शांति प्रदान करता हैधार्मिक मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान ब्रह्मा ने मां सरस्वती को प्रकट किया था। शांत सृष्टि को देखकर भगवान ब्रह्मा खुश नहीं थे, इसलिए उन्होंने सरस्वती को प्रकट किया। जिन्हें कला और संगीत की देवी माना जाता है। इस कारण बसंत पंचमी के दिन सरस्वती माता की पूजा की जाती है।भगवती सरस्वती विद्या की अधिष्ठात्री देवी हैं और विद्या को सभी धनों में प्रधान धन कहा गया है। विद्या से ही अमृतपान किया जा सकता है,विद्या और बुद्धि की देवी सरस्वती की महिमा अपार है।

# सीएचसी एवं विकास खंड उतरौला का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




सोमवार को डीएम विपिन कुमार जैन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) उतरौला एवं विकास खंड उतरौला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सीएचसी परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, जो संतोषजनक पाई गई। उन्होंने अस्पताल आने वाले मरीजों एवं तीमारदारों की सुविधा हेतु नया वेटिंग एरिया विकसित किए जाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा ओपीडी, पैथोलॉजी कक्ष, क्षय रोग कक्ष, फार्मेसी, एंटी रेबीज वैक्सीन कक्ष, एक्स-रे कक्ष, टेली कंसल्टेंसी, आयुष्मान वार्ड, जन औषधि कक्ष, नेत्र विभाग आदि का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से वार्ता की एवं मिल रही चिकित्सा सुविधा का जायजा लिया ।

उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ को निर्देशित किया कि आमजन को समय पर, बेहतर एवं संवेदनशील चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

फार्मेसी निरीक्षण में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश फार्मेसी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने डेली इंटेंड रजिस्टर, डेली रिपोर्टिंग रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमित रूप से इंटेंड प्रेषित करते हुए सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने सीएचसी के बाहर स्थित मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि सभी मेडिकल स्टोरों पर स्टॉक रजिस्टर सहित आवश्यक अभिलेख अद्यतन रखे जाएँ।

विकास खंड कार्यालय में कार्यों की समीक्षा, समयबद्ध निस्तारण पर जोर इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकास खंड उतरौला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न पटलों के कार्यों की समीक्षा की तथा कार्मिकों की सर्विस बुक, जीपीएफ आदि अभिलेखों के अद्यतन का अवलोकन किया। उन्होंने जन्मदृमृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन आवेदन सहित अन्य जनहित से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश रस्तोगी, समाधित प्रभारी चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी मौजूद रहें।

## युवक ने दादी की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या- क्षेत्र में फैली सनसनी

यूपी के रायबरेली जनपद में शिवगढ़ थाना क्षेत्र के कृष्णपाल खेड़ा मजरे रानीखेड़ा में आज सुबह एक युवक ने अपनी चचेरी दादी की दिनदहाड़े कुल्हाड़ी से काटकर नृसंश हत्या कर दी. दिल दहला देने वाली इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. सूचना मिलते ही मौके पर पंहुची शिवगढ़ और बछरावां थाने की पुलिस ने घटनास्थल की जांच पड़ताल की।वहीं अपनी चचेरी दादी की दिनदहाड़े हत्या करने वाले सोनू (25) पुत्र राजकुमार को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है. पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है. सोनू का घर मृतका तारावती (55) पत्नी रामप्रताप के घर के सामने ठीक सामने है. मृतका के बेटे दिलीप कुमार का आरोप कि रविवार की शाम कातिल सोनू शराब के नशे में उसके घर आकर उसकी मां और बेटियों को गंदी - गंदी गाली और जान से मारने की धमकी दे रहा था. जिसकी शिकायत डायल 112 नम्बर पर की गई थी. पुलिस मौके पर आई भी थी किंतु पुलिस ने ना ही कोई कार्यवाही की और ना ही उसे अपने साथ लेकर गई यदि पुलिस सोनू को अपने साथ लेकर चली जाती तो शायद यह घटना ना होती।

# टीबी की समय पर पहचान के लिए एक्स-रे अनिवार्य, सभी उच्च जोखिम मरीजों की होगी जांच

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




टीबी की शीघ्र पहचान और प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से टीबी की आशंका वाले सभी मरीजों का एक्स-रे कराना अनिवार्य कर दिया गया है।इस संबंध में महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ.रतनपाल सिंह सुमन ने प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया हैं।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि टीबी की आशंका वाले मरीजों में एक्स-रे इसलिए आवश्यक है,क्योंकि यह बीमारी की पहचान का पहला और सशक्त माध्यम है।एक्स-रे से न केवल समय रहते उपचार शुरू किया जा सकता है,बल्कि संक्रमण के प्रसार को भी रोका जा सकता है।उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रमुख रणनीति शीघ्र रोगी की पहचान,टीबी से होने वाली मृत्यु दर में कमी तथा नए मामलों की रोकथाम है।सीएमओ ने बताया कि एक्स-रे टीबी की पहचान के साथ-साथ संक्रमण की गंभीरता और उसके फैलाव को समझने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। डायबिटीज या एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति, धूम्रपान करने वाले,नशा या एल्कोहल का सेवन करने वाले, टीबी के पुराने मरीज,टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले सहित कुल 10 उच्च जोखिम श्रेणियों में आने वाले लोगों में टीबी होने की संभावना अधिक होती है।इन सभी श्रेणियों के व्यक्तियों का अनिवार्य रूप से एक्स-रे कराया जाएगा।तथा जांच का विवरण निक्षय पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।इसके लिए ओपीडी में आने वाले उच्च जोखिम वाले मरीजों का विवरण दर्ज कर उनकी पर्ची पर लाल मोहर या सितारा चिन्ह लगाया जाएगा।इसके बाद उन्हें मेडिकल ऑफिसर के पास भेजा जाएगा,ताकि प्राथमिकता के आधार पर एक्स-रे के लिए रेफर किया जा सके।

जनपद में जिला अस्पताल सहित सभी 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एक्स-रे मशीनें उपलब्ध हैं।इसके अतिरिक्त दूरस्थ क्षेत्रों के लिए पोर्टेबल हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीनों की भी व्यवस्था की गई है।जिला क्षय रोग अधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि कई बार टीबी के शुरुआती चरण में बलगम की जांच नेगेटिव आती है।और खांसी, बुखार या वजन घटने जैसे स्पष्ट लक्षण भी दिखाई नहीं देते। ऐसे मामलों में एक्स-रे के माध्यम से फेफड़ों में संक्रमण,सूजन या धब्बों जैसे संकेत सामने आ जाते हैं।एक्स-रे से यह भी स्पष्ट होता है,कि संक्रमण कितना गंभीर है।और बीमारी केवल फेफड़ों तक सीमित है या शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैल चुकी है ।उन्होंने बताया कि कई बार निमोनिया,फेफड़ों का कैंसर या अन्य फेफड़ों के संक्रमणों के लक्षण टीबी से मिलते-जुलते होते हैं।एक्स-रे डिफरेंशियल डायग्नोसिस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यदि एक्स-रे में टीबी का संदेह होता है,तो पुष्टि के लिए मरीज की ट्रूनैट, सीबीनेट या बलगम की जांच कराई जाती है।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के मेधावियों का हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर नगर क्षेत्र में संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डिवाइन पब्लिक स्कूल में सोमवार को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के अंतर्गत प्रतिभागी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर आयोजित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन लगभग दो माह पूर्व किया गया था, जिसमें विद्यालय के 80 से 85 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था। जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को आयोजित सम्मान समारोह में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा समिति की ओर से दिलीप कुमार श्रीवास्तव (वरिष्ठ सदस्य, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा), राजकरण परिवाचक (गायत्री शक्तिपीठ, बलरामपुर) एवं सुनील कुमार वर्मा (युवा प्रकोष्ठ, गायत्री परिवार बलरामपुर) का विद्यालय प्रांगण में आगमन हुआ। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 5, 6, 7 एवं 8 में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही परीक्षा में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की ओर से प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। परीक्षा में कक्षा 5 की वैष्णवी चौरसिया (प्रथम), उमर खान (द्वितीय), कक्षा 6 की श्रेष्ठ सहाय (प्रथम), व साहिब नूरी खान (द्वितीय), कक्षा 7 के विवेक तिवारी (प्रथम), धर्मेंद्र कुमार गुप्ता (द्वितीय) तथा कक्षा 8 के लकी जायसवाल (प्रथम) व कृतिका दुबे ने (द्वितीय) स्थान प्राप्त किया है । बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रभावित होकर गायत्री परिवार से पधारे अतिथियों द्वारा डिवाइन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक आशीष उपाध्याय को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि उन्हें यह ज्ञात है कि डिवाइन पब्लिक स्कूल बहुत ही कम समय में शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न सामान्य ज्ञान एवं संस्कार आधारित प्रतियोगिताओं में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है और विद्यालय के विद्यार्थी लगभग हर प्रतियोगिता में अग्रणी रहते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों कृतिका दुबे, लकी जायसवाल एवं विवेक तिवारी ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए तथा बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों के बौद्धिक एवं संस्कारात्मक विकास में किस प्रकार सहायक होती हैं। सम्मान समारोह के समय डिवाइन पब्लिक स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधक आशीष उपाध्याय द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत, सम्मान एवं आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है।

## गणतंत्र दिवस को जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा - डीएम

**रायबरेलीद्ध।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को हर्षोल्लास व सादगी के साथ मनाये जाने का निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि 25 जनवरी को समस्त नगर पालिका, नगर पंचायत व ग्राम पंचायत के अन्तर्गत आने वाली मलिन बस्तियों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाए। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकारी भवनों, स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक भवनों एवं मूर्तियों को प्रकाशित किया जाए। 26 जनवरी को प्रातः 8:30 बजे समस्त शासकीय भवनों पर झंडारोहण तथा अभिवादन हो और इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ संविधान में उल्लिखित संकल्पों के स्मरण की व्यवस्था की जाए। शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रध्वज प्रातः 10:00 बजे फहराया जाए।

# श्रीमद्भागवत कथा बना श्रद्धा का संगम, टिकरी में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी**



तिलोई क्षेत्र के टिकरी गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी हुई है।बीते तीन दिनों से लगातार चल रही कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्म रसपान कर रहे हैं।द्वितीय दिवस पर कथावाचक शिवा शास्त्री ने भावपूर्ण शैली में कथा सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।कथावाचक शिवा शास्त्री ने भागवत कथा की उत्पत्ति और महत्व का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि सृष्टि के प्रारंभ में भगवान नारायण विष्णु ने यह दिव्य ज्ञान ब्रह्मा जी को दिया था। उस समय भागवत कथा केवल चार श्लोकों में सीमित थी। बाद में ब्रह्मा जी से नारद, नारद से शुकदेव मुनि और शुकदेव मुनि से राजा परीक्षित तक यह परंपरा पहुंची। राजा परीक्षित के उद्धार के साथ ही भागवत कथा का प्रचार जनमानस में हुआ।उन्होंने कहा कि भागवत कथा मानव जीवन के लिए मार्ग दर्शक है।इसका श्रवण मात्र से मन, विचार और कर्म शुद्ध होते हैं। शिवा शास्त्री ने कहा कि भागवत कथा जीता-जागता प्रयागराज है। जो श्रद्धालु सात दिन नियमित कथा सुनता है, वह मानो संगम में स्नान कर लेता है।कथा के यजमान रामेश्वर सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम के बावजूद श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है।उन्होंने कहा कि कथा से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में मिला व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के जामो थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात व्यक्ति का शव नहर के फाटक के पास फंसा हुआ दिखाई दिया,जिसे देखकर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही जामो पुलिस मौके पर पहुंची।और जांच-पड़ताल शुरू की।घटना शारदा सहायक खंड संख्या-49 के अंतर्गत दोहर नहर के फाटक के पास की बताई जा रही है।ग्रामीणों के अनुसार नहर में बहते हुए शव फाटक में अटक गया था।देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटना स्थल पर एकत्र हो गए।पुलिस ने भीड़ को हटाकर मौके का निरीक्षण किया।और शव को बाहर निकलवाया।पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जामो एसएचओ विनोद सिंह ने बताया कि नहर से मिले शव की पहचान अभी नहीं हो पाई है। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र लगभग 50 से 55 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है।शव करीब आठ से दस दिन पुराना लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा।फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में सूचना भेजकर लापता लोगों की जानकारी जुटा रही है। और मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

## नागरिक सुरक्षा कोर गठन के पदों हेतु 15 फरवरी तक करें आवेदन- एडीएम

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/नोडल अधिकारी नागरिक सुरक्षा कोर सिद्धार्थ ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार जनपद रायबरेली में नागरिक सुरक्षा कोर का गठन किये जाने तथा चीफ वार्डेन, डिप्टी चीफ वार्डेन, डिवीजनल वार्डेन, डिप्टी डिवीजनल वार्डेन, घटना नियंत्रण अधिकारी, पोस्ट वार्डेन, डिप्टी पोस्ट वार्डेन, सेक्टर वार्डेन एवं संदेशवाहक के पदों पर तैनाती की जानी है।

उन्होंने बताया है कि नागरिक सुरक्षा कोर के अवैतनिक स्वयं सेवकों/सदस्यों की नियुक्ति/तैनाती हेतु अर्हताएं भारत सरकार के नागरिक सुरक्षा अधिनियम (एक्ट), 1968, विनियमन नागरिक सुरक्षा (रेगुलेशन), 1968 एवं नागरिक सुरक्षा नियम (रुल्स), 1968 के अन्तर्गत दिये गये है। विनियमन नागरिक सुरक्षा (रेगुलेशन), 1968 के नियम 03 व 04 के अंतर्गत अर्हताए निर्धारित की गई है। जिसके अनुसार नागरिक सुरक्षा कोर में सदस्यता हेतु अभ्यर्थी का भारतीय नागरिक होना आवश्यक है। नागरिक सुरक्षा कोर में सदस्यता हेतु आवेदक की उम्र 18 वर्ष से अधिक हो। 60 वर्ष से कम उम्र के लोगों को वरीयता दी जायेगी। शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम प्राइमरी स्तर की होनी चाहिए। हाईस्कूल एवं उच्चशिक्षित सेवकों को वरीयता दी जायेगी। आवेदक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयंसेवक/सदस्य हेतु महिला एवं पुरुष दोनों आवेदन कर सकते हैं। नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयंसेवक सदस्य का उत्तम चरित्र का होना अनिवार्य है। नागरिक सुरक्षा कोर में स्वयं सेवकों/सदस्यों की सदस्यता हेतु आपदा प्रबंधन, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, तकनीकी ज्ञान, सुरक्षा कार्यों के अनुभवी अभ्यर्थियों को वरीयता दी जायेगी। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप फार्म (ए) पर स्वीकार किये जायेगे। पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से अथवा व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा कोर कलेक्ट्रेट परिसर रायबरेली में आकर जमा कर सकते हैं।

# 12 से चल रहे युवा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में सोमवार को 12 जनवरी से चल रहे युवा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 19 जनवरी को महाविद्यालय प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह व डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकत्व मे 12 जनवरी से चल रहे युवा सप्ताह का समापन समारोह महाविद्यालय के झण्डेवाला पार्क मे आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के सचिव लेफ्टिनेंट कर्नल ( रिटायर्ड) एस के वारसनेय थे । विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह, आई क्यू ए सी के समन्वयक प्रो श्री प्रकाश मिश्र तथा सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा थी।कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण, मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, सरस्वती वंदना तथा दीप प्रज्वलन से हुआ । मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल ( रिटायर्ड) एस के वारसनेय, विशिष्ट अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह, सांस्कृतिक निदेशिका प्रो रेखा विश्वकर्मा तथा आई कयू ए सी के समन्वयक प्रो श्री प्रकाश मिश्र का स्वागत परंपरागत ढंग से राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई, कलपना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भटट द्वारा किया गया । सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश कुमार शुक्ल ने युवा सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 12 जनवरी से 18 जनवरी तक आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमो की संक्षिप्त रूप रेखा प्रस्तुत की । डॉ शुक्ल ने कहा कि युवा सप्ताह के अंतर्गत पर्यावरण , वृक्षारोपण, स्वच्छता, साक्षरता , मतदान का महत्व, कौशल विकास तथा रोजगारपरक कार्यक्रमों का महत्व, खुले मे शौच के दुष्परिणाम सहित अन्य कई विषयों पर चर्चा की गई । डॉ शुक्ल ने कहा कि युवा सप्ताह के अंतर्गत स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं को इन विषयो के प्रति समाज को जागरूक करने मे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की गई । मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल (रिटायर्ड) एस के वारसनेय ने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक संख्या मे राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडे । मुख्य अतिथि ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व व सर्वांगीण विकास मे अत्यन्त सहायक सिद्ध होता है । मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू इकाई , कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल , डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट को युवा सप्ताह के सफल आयोजन हेतु बधाई दी । प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने अपने सम्बोधन मे कहा कि महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तीनो इकाई के द्वारा विगत वर्षो मै विशेष शिविर तथा अन्य कार्यक्रमो के सफल आयोजन से स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाओं एवम छात्र छात्राओ को निरंतर प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा इसका सकारात्मक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहा है । मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह ने प्रसिद्ध रूसी उपन्यासकार लिओ टॉलस्टॉय के जीवन दर्शन का महात्मा गांधी तर प्रभाव के विषय मे संक्षेप मे जानकारी दी तथा सेवा भाव को मानव जीवन का मूल तत्व कहा । आज के कार्यक्रम मे युवा सप्ताह कै अंतर्गत चले विभिन्न के वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता के विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिया गया । कार्यक्रम मे महाविद्यालय के शिक्षक डॉ आशीष कुमार लाल, डॉ ए के दीक्षित, डॉ अभय नाथ ठाकुर डॉ ओमप्रकाश, डॉ विनीत कुमार व शिवम सिंह सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

## दोबारा शादी करेंगे

# शेफाली जरीवाला

## के पति पराग त्यागी? सामने आया ये बड़ा सच



शेफाली जरीवाला टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस थीं. उन्होंने 'कांटा लगा' गाने से अपनी पहचान बनाई थी और रियलिटी शो 'बिग बॉस' से भी सुर्खियां बटोरी थी. शेफाली जरीवाला का कम उम्र में ही साल 2025 में निधन हो गया था. उनके निधन की खबर ने हर किसी को स्तब्ध कर दिया था. सेलेब्स से लेकर फैंस तक उनके निधन पर हर कोई हैरान रह गया था, जबकि शेफाली जरीवाला के पति पराग त्यागी का भी रो-रोकर बुरा हाल था. शेफाली जरीवाला के निधन से पराग त्यागी बुरी तरह टूट गए थे. उन्होंने जैसे-तैसे खुद को इन मुश्किल हालातों में संभाला था. शेफाली की याद और लोगों की भलाई के लिए इन दिनों वो 21 दिनों के लिए भगवान गणेश की एक साधना भी कर रहे हैं. इसी बीच पराग त्यागी ने अभिनेता और बिग बॉस के एक्स कंटेस्टेंट पारस छाबड़ा के पॉडकास्ट में हिस्सा लिया. इस दौरान पराग त्यागी ने दूसरी शादी के सवाल पर भी बड़ा बयान दिया.



**दूसरी शादी करेंगे पराग त्यागी?**

शेफाली जरीवाला के निधन के बाद अक्सर ही पराग त्यागी के सामने ये सवाल आता है कि क्या वो दूसरी बार घर बसाएंगे? पारस छाबड़ा ने भी उनसे ये सवाल किया था. पराग से पारस ने पूछा, अब जिंदगी कैसे बितानी है भाई? आगे शादी करोगे या नहीं?

इस सवाल के जवाब में पराग त्यागी ने कहा, यार शादीज्मेरे पास बहुत सारे कमेंट्स आते हैं. लोग पूछते हैं. डीएम में भी आते हैं बहुत सारे मैसेज. क्या उस लड़की के साथ गलत नहीं होगा? मेरे दिल में तो वो (शेफाली) है और फिजिकली किसी और लड़की के साथ? पारस ने इस पर कहा, कोई समझने वाली मिली तो? फिर पराग ने कहा, भाई कोई नहीं मिलता. वो फिजिकल फॉर्म छोड़कर गई है. वो अभी भी मेरे साथ है.

**जून में हुआ था शेफाली का निधन**

म्यूजिशियन हरमीत सिंह से तलाक के बाद शेफाली जरीवाला ने साल 2014 में पराग त्यागी से शादी की थी. पराग, शेफाली को प्यार से परी बुलाते हैं. एक्ट्रेस का कार्डियक अरेस्ट के चलते 27 जून 2025 को मुंबई में निधन हो गया था. एक्ट्रेस सिर्फ 42 साल की थीं.

## मुंह खोलने से पहले... पत्नी सुनीता के साथ अनबन की अफवाहों पर गोविंदा ने चुप्पी तोड़ी



"सोची समझी साजिश..."

बॉलीवुड के जाने-माने एक्टर गोविंदा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं. उनकी पत्नी सुनीता आहूजा, गोविंदा के साथ अपने रिश्ते पर बात करने में जरा भी नहीं कतराती हैं. हाल ही में गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने और गोविंदा के रिश्ते को लेकर बात की. साथ ही, उन्होंने गोविंदा के अफेयर पर भी जवाब दिया, जो काफी सुर्खियां बटोर रहा है. इन्हीं सब अफवाहों के बीच अब पहली बार गोविंदा का रिएक्शन सामने आया है.

काफी वक्त से गोविंदा और उनकी पत्नी सुनीता के अनबन की अफवाहें सामने आ रही हैं. अब पहली बार गोविंदा इन सभी अफवाहों पर बोले हैं और कहा कि परिवार के लोगों को बड़ी साजिश में इस्तेमाल किया जा रहा है. साथ ही, एक्टर ने खुलासा किया कि उनकी फिल्मों को मार्केट नहीं मिल रहा था.

**गोविंदा का पहला रिएक्शन**

पिछले कई महीनों से उनकी शादी में दरार की खबरें चल रही थीं. ऐसी अफवाहें सामने आ रही थीं कि दोनों के बीच सब ठीक नहीं है. अब गोविंदा ने अपनी चुप्पी तोड़ी है और अपनी कहानी बताई है. हड्ड से बात करते हुए गोविंदा ने कहा कि उन्होंने अब बोलने का फैसला इसलिए किया क्योंकि चुप रहने से उन्हें कमजोर समझा जा रहा था और लोगों के मन में उनके बारे में खराब इमेज बन रही थी.

**सोची समझी साजिश का शिकार...**

पनी पत्नी के साथ रिश्तों पर एक्टर गोविंदा कहते हैं, कभी-कभी परिवार किसी की सोची-समझी साजिश का शिकार हो जाता है और अलगाव हो जाता हैज्मुझे बताया गया था कि ऐसी स्थिति में मेरे परिवार का इस्तेमाल किया जाएगा और मुझे समाज से अलग कर दिया जाएगाज्मेरी फिल्मों को मार्केट नहीं मिला, और मैंने कई फिल्में छोड़ भी दींज्मेरी पत्नी इस बात को लेकर परेशान है कि इस तरह घर कैसे चलेगाज्जब पॉपुलैरिटी एक हद से ज्यादा हो जाती है, तो कई लोग घबरा जाते हैं, यहां तक कि जिनकी उम्मीद नहीं होती, वो भीज्मैंने ऐसा एक सीनियर एक्टर के साथ भी होते देखा हैज्मैं बस अपने बच्चों की भलाई के लिए प्रार्थना करता हूं.

**मेरे खिलाफ मुंह खोलने से पहले....**

उन्होंने आगे कहा, मैंने कृष्णा से भी कहा कि उसका इस्तेमाल मुझे बेइज्जत करने के लिए किया जा रहा है और इसलिए उसे मेरी इज्जत का भी ख्याल रखना चाहिएज्सुनीता को इस बात पर गुस्सा आता थाज्मैं उस इंडस्ट्री को खराब नहीं करना चाहता जिसमें मैंने इतने सालों तक काम किया है, लेकिन सतर्क रहना बहुत जरूरी हैज्कुछ गलतफहमियां पैदा की जा रही हैं.

## डायरेक्टर से थप्पड़ खा चुकी है रणबीर कपूर की ये एक्ट्रेस, पति से 5 साल में हो गया था तलाक



जब सेट पर फूट-फूट कर रोईं एक्ट्रेस

बॉलीवुड में हर साल कई एक्ट्रेस और एक्टर्स अपनी किस्मत आजमाते हुए नजर आते हैं. कोई बड़े पर्दे पर लंबी और सफल पारी खेलने में कामयाब होता है तो किसी का करियर कुछ सालों और कुछ एक फिल्मों में ही सिमट कर रह जाता है. आज हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, जिसकी प्रोफेशनल लाइफ सफल नहीं रही और उनकी शादीशुदा जिंदगी भी उतार-चढ़ाव भरी साबित हुई. ये एक्ट्रेस हैं मिनिषा लांबा.

मिनिषा लांबा का हिंदी सिनेमा में आगाज साल 2005 में हुआ था. पहली ही फिल्म के सेट पर मिनिषा को उनके डायरेक्टर ने थप्पड़ जड़ दिया था. ये खुलासा खुद उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में किया था. आगे जाकर मिनिषा ने रणबीर कपूर जैसे सुपरस्टार के साथ भी फिल्म की थी. लेकिन, मिनिषा का बॉलीवुड में करियर उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा. मिनिषा लंबे वक्त से फिल्मी दुनिया से दूर हैं. हालांकि वो सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं और अक्सर ही अपनी तस्वीरें-वीडियो शेयर करती रहती हैं.

**जब मिनिषा ने खाया डायरेक्टर से थप्पड़**

मिनिषा लांबा ने साल 2005 में फिल्म 'यहां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था. लेकिन, ये फिल्म कोई खास कमाल नहीं कर सकी. एक्ट्रेस इसके बाद साल 2006 में 'कॉर्पोरेट' और साल 2007 में 'हनीमून ट्रेवल्स प्राइवेट लिमिटेड' में दिखाई दीं. जबकि 2009 में उन्होंने रणबीर कपूर के साथ 'बचना ए हसीनों' में काम किया था.

एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने अपनी डेब्यू फिल्म के एक इमोशनल सीन को लेकर बात करते हुए बताया था कि उस सीन में उन्हें रोना था, लेकिन उन्हें रोना नहीं आ रहा था. तब थक हारकर एक्ट्रेस अपने डायरेक्टर शूजित सरकार के पास गईं और उनसे कहा कि वो उन्हें जोरदार थप्पड़ मारे. शूजित सरकार ने ऐसा ही किया और एक्ट्रेस फिर फूट फूट कर रोने लगीं. इसके बाद उन्होंने सीन पूरा किया.

**2015 में शादी, 2020 में तलाक**

मिनिषा लांबा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो अभिनेत्री ने होटल व्यवसायी रयान थाम से 6 जून 2015 को कोर्ट मैरिज की थी. लेकिन, ये रिश्ता 5 साल में ही खत्म हो गया था. मिनिषा और रयान ने साल 2020 में तलाक लेकर अपनी राहें अलग कर ली थीं.



## अंडरवर्ल्ड डॉन के प्यार में बर्बाद हो गई थीं

# मोनिका बेदी

## जेल में काटे थे दिन

एक वक्त बॉलीवुड में काफी सुर्खियों में रही एक्ट्रेस मोनिका बेदी आज 51 साल की हो चुकी हैं. पंजाब में पैदा हुईं मोनिका अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम के प्यार में पड़ गई थीं. लेकिन, उनका ये फैसला उनके लिए करियर बर्बाद करने वाला साबित हुआ था. 80 और 90 के दशक में जब फिल्म इंडस्ट्री में अंडरवर्ल्ड की दखलंदाजी हुआ करती थी उस वक्त मोनिका अबू सलेम के संपर्क में आई थीं और बाद में उसके साथ अपने अफेयर को लेकर काफी चर्चा में रही थीं.



फर्जीवाड़े में हुई थीं अरेस्ट

मोनिका बेदी का जन्म शकुंतला बेदी और प्रेम कुमार बेदी के घर 18 जनवरी 1975 को पंजाब के होशियारपुर के चब्बेवाल में हुआ था. मोनिका ने दक्षिण भारतीय सिनेमा से अपना एक्टिंग डेब्यू किया था. इसके बाद उन्होंने मशहूर एक्टर सैफ अली खान के साथ हिंदी सिनेमा में अपना आगाज किया था. लेकिन, अभिनेत्री अपनी फिल्मों और एक्टिंग से ज्यादा चर्चा में अपनी पर्सनल लाइफ से रहीं. अंडरवर्ल्ड डॉन से नजदीकियों के चलते उन्हें अरेस्ट कर लिया गया था और चार साल उन्हें जेल में बिताने पड़े थे.

**देखते ही हो गई थीं अबू सलेम पर फिदा**

मोनिका बेदी की मुलाकात साल 1998 में एक स्टेज शो के दौरान अंदरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से हुई थी. बताया जाता है कि अबू को पहली नजर में देखते ही मोनिका उस पर फिदा हो गई थीं. दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती गईं और फिर दोनों का अफेयर शुरू हो गया था.

**मोनिका ने 4 साल जेल में काटे**

अबू सलेम और मोनिका बेदी को सितंबर 2002 में पुर्तगाल के लिस्बन में फर्जी दस्तावेजों (पासपोर्ट) पर यात्रा करने के चलते अरेस्ट कर लिया गया था.

अभिनेत्री ने इस दौरान ढाई साल पुर्तगाल की जेल में बिताए थे. इसके बाद उन्हें भारत लाया गया था. इस दौरान उन्हें सीबीआई कोर्ट ने 5 साल जेल की सजा सुनाई. लेकिन, बाद में उनकी सजा कम हो गई थी और एक्ट्रेस को 25 जुलाई 2007 को रिहा कर दिया गया था. उन्होंने चार साल से भी ज्यादा का समय जेल में बिताया था.

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

## मप्र में अधर्म को प्रसारित करने वाला कांग्रेसी जनप्रतिनिधि

**महर्षि अरविंद ने लिखा, 'भारतीय संस्कृति में माता सर्वोपरि।' ऐसे में निश्चित तौर पर कांग्रेस विधायक बरैया जैसों के बयानों का विरोध हर सनातनी का कर्तव्य है। नए कानूनों में भी इस तरह के वक्तव्यों की सजा कम से कम तीन वर्ष तक सुनिश्चित है और एससी/एससी एक्ट 3(1)(एक्स) महिलाओं के अपमान पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करता है। विधायक अपराध से मुक्त नहीं है। यह समझने की आज सभी को जरूरत है। अंत में यही कहना है कि हिंदू समाज सहिष्णु है, किंतु इसका अर्थ ये कदापि नहीं कि वो अपमान सहन करे।**

*लोकतांत्रिक व्यवस्था में निर्वाचित प्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि वे समाज को एकजुट करें, उसके लिए अपने स्तर पर तमाम प्रयास करें न कि विभाजित करने का षड्यंत्र एवं संवाद स्थापित करें, किंतु जब कोई विधायक भारतीय समाज में विभाजन की रेखा तीव्र करे, नारी सम्मान, सामाजिक नैतिकता और देश की सांस्कृतिक चेतना पर सीधा प्रहार करे तब यह कृत्य धर्म के स्थान पर अधर्म को प्रसारित करने वाला कहलाता है। वस्तुतः मध्य प्रदेश कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने दावा किया कि हिंदू ग्रंथों में दलित या आदिवासी महिला के साथ सहवास को तीर्थ यात्रा के फल के समान पुण्य बताया गया है। खूबसूरत लड़की देखकर पुरुष का दिमाग भटक जाता है, ऐसी घटनाएं हो जाती हैं। कहना होगा कि ये घटना हिंदू धर्म की परंपराओं के खिलाफ घृणित दुष्प्रचार है। सच यही है कि हिंदू धर्म की मूल चेतना नारी को देवी के रूप में पूजती है। हिन्दू सनातन धर्म में ऐसी कोई पुस्तक ज्ञात नहीं है, जो इस तरह से महिलाओं के प्रति निकृष्ट सोच रखती हो, बल्कि जितने भी धार्मिक ग्रंथ हैं, उन सभी में नारी की श्रेष्ठता का बखान है, यहां तक कि वेदिक काल से लेकर आधुनिक समय तक के ग्रंथ भी मातृ देवो भवः और यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।। (मनुस्मृति 3.56) की ही शिक्षा देते हैं। ऋग्वेद (10.85.46) में कहा गया है, स्त्री प्रजातिस्त्राणा संनादति अर्थात् स्त्री सृष्टि का आधार है और उसे रक्षा का अधिकार है। दुर्गा सप्तशती में नारी शक्ति को अधर्म का नाश करने वाली बताया गया है। रामायण में सीता को मर्यादा पुरुषोत्तम राम की अर्धांगिनी मान कर सम्मान दिया गया, जबकि महाभारत के शांतिपर्व (141.44) में बलात्कार को 'स्त्री हिंसा' कहकर महापाप घोषित किया गया है। मनुस्मृति (8.352) स्पष्ट कहती है कि स्त्री पर अत्याचार करने वाले को नरक मिलता है। वस्तुतः इन ग्रंथों एवं इसी तरह के अन्य धार्मिक ग्रंथों में कहीं भी बलात्कार जैसे जघन्य अपराध को पुण्य बताने की कल्पना नहीं। बरैया का दावा कि किसी ग्रंथ में आदिवासी महिला से सहवास को तीर्थ फल कहा गया है, पूर्णतः झूठा है। ऐसे में सच यही दिखता, यह जानबूझकर हिंदू धर्म को बदनाम करने की साजिश है, जो महिलाओं के खिलाफ अपराध को सामान्य बनाने का प्रयास करती है। इस बयान का दूसरा भयंकर आयाम अपराधी की जिम्मेदारी को धुंधला करना है। 'खूबसूरत लड़की देखकर दिमाग भटक जाता है' कहना बलात्कार को दुर्घटना बनाता है, जबकि हिंदू दर्शन में भगवद्गीता (6.26) संयम और आत्मनियंत्रण को परम धर्म बताता है। इन्द्रियाणां हि चरतां यन्मनोऽनुविधीयते। तदस्य हरति प्रज्ञां वायुर्नावमिवाम्भसि।। अर्थात् इंद्रियों को नियंत्रित न करने वाला मूर्ख है। नारी को दोषी ठहराना न भारतीय संस्कृति है, न हिंदू ज्ञान अथवा अन्य परंपरा का हिस्सा। वस्तुतः यह विकृत मानसिकता है। इस पूरे घटनाक्रम में आज सवाल कांग्रेस पर भी खड़े होते हैं, यदि पार्टी महिलाओं और एससी व एसटी हितों के प्रति गंभीर होती तो ऐसे विधायक को तत्काल निष्कासित करती। वस्तुतः यह चुप्पी पार्टी की वैचारिक कमजोरी दर्शाती है। वैसे, कांग्रेस का हिंदू-विरोध ऐतिहासिक रुप से बहुत पुराना है। इस घटना ने एक बार उसकी याद दिला दी है; 1980 के दशक में राजीव गांधी ने बोफोर्स कांड के बाद शिलान्यास विवाद खड़ा किया। साल 2014 में दिग्विजय सिंह ने राम को काल्पनिक कहा।*

### एक्सप्रेस आलेख

**आज जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक शाखा, साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली को मिलाकर संख्या देढ़ लाख से अधिक हो चुकी है और सामाजिक समरसता के प्रयास व्यापक रूप ले रहे हैं, तब यह स्पष्ट होता है कि समाज जाग रहा है। जातिगत भेद, आंतरिक विभाजन और हीनभावना को त्यागकर संगठित होना ही भारत की शक्ति का मूल है। संगठित समाज ही सांस्कृतिक निरंतरता, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी बनता है। अंततः भारत के लिए हिंदू होने का अर्थ किसी संकीर्ण पहचान में सीमित होना नहीं है। यह एक जीवन दृष्टि है, जो विविधता को सम्मान देती है, आत्मभूतेषु भाव से सभी में एकात्मता देखती है।**

## हिंदू होने का मर्म है विविधता में एकता और आत्मभूतेषु भाव



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**आज डॉ. मोहन भागवत के कथन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमें स्मरण कराते हैं कि भारत का भविष्य किसी और के हाथ में नहीं, हमारे अपने आचरण में निहित है। यदि हिंदू समाज अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का संकल्प लेता है तो भारत का चरित्र स्वत: उज्ज्वल होगा। यही हिंदुत्व का मर्म है, यही सनातन का संदेश है और यही भारत का गौरव भी है।**

भारत एक देश होने के साथ ही एक चेतना है, एक संस्कार है, एक जीवन दृष्टि है। यह वह भूमि है जहां हजारों वर्षों से मानवता को जीने की कला सिखाई गई, जहां विविधता को शक्ति के रूप में देखा गया और जहां अंतःचेतना को ही एकता के लिए समाज की आधारशिला बनाया गया। इसी भारत के स्व को स्वर देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने आज जो कहा है, वह हम सभी के लिए गहन रूप से विचारणीय है। वस?तुतः ये भारत के अतीत, वर्तमान और भविष्य को जोड़ने वाला वैचारिक उद्घोष है। जिसमें कि उनके शब्द हर हिंदू, हर सनातनी और हर भारतवासी के भीतर यह भाव जगाते हैं कि इस राष्ट्र का चरित्र हमारे आचरण से बनता है और इसकी जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। डॉ. भागवत का यह कथन है कि भारत एक भौगोलिक इकाई से ऊपर एक चरित्र है, जोकि भारतीय सभ्यता के मूल स्वभाव को रेखांकित करता है। भारत की पहचान उसकी सीमाओं से अधिक उसके संस्कारों से है। यदि भारत में कुछ अच्छा होता है तो उसका श्रेय भी हिंदू समाज को जाता है और यदि कुछ गलत होता है तो उत्तरदायित्व भी उसी पर आता है। कहना होगा कि भागवत जी का ये कथन किसी श्रेष्ठता का दावा नहीं है, वस्तुतः एक गहन दायित्वबोध है। यह हमें स्मरण कराता है कि बहुसंख्यक होना अधिकार नहीं, उत्तरदायित्व है। हिंदू समाज की परंपरा मूलतः समावेशी रही है। यहां कभी एकरूपता थोपने का प्रयास नहीं हुआ। यहां विचार, पूजा पद्धति, जीवन शैली, भाषा और खानपान की असंख्य धाराएं साथ-साथ बहती रहीं और ये सतत है। किसी ने शंकर को पूजा, किसी ने राम को, किसी ने शक्ति को, किसी ने निराकार को, फिर भी समाज बिखरा नहीं। यही कारण है कि भारत में शैव, वैष्णव, शाक्त, बौद्ध, जैन और सिख परंपराएं टकराव नहीं, सह-अस्तित्व का उदाहरण बनीं। डॉ. भागवत जब कहते हैं कि हिंदू समाज ने विविधता को कभी संघर्ष का कारण नहीं बनने दिया, तो वे इतिहास के सत्य को दोहराते हैं। सदियों के आक्रमण, शोषण और सांस्कृतिक आघातों के बावजूद भारत की मूल चेतना सुरक्षित रही क्योंकि उसका आधार समावेश है। भारत की विविधता में एकता सिर्फ आदर्श वाक्य नहीं है, यह भारत का चरित्र और सामाजिक यथार्थ है। 2011 की जनगणना बताती है कि देश में 22 आधिकारिक भाषाएं हैं और हजारों बोलियां जीवित हैं। समाजशास्त्रीय अध्ययनों के अनुसार चार हजार से अधिक जाति और उपजातीय समूह भारत में मौजूद हैं, फिर भी एक सांस्कृतिक सूत्र पूरे समाज को बांधे रखता है। दीपावली, होली, रामनवमी, मकर संक्रांति जैसे पर्व किसी एक वर्ग के नहीं, पूरे समाज के उत्सव बन जाते हैं। यही वह भारत है, जहां भिन्नता के बावजूद एकत्व का अनुभव होता है। वर्ष 2021 के प्यू रिसर्च अध्ययन में यह तथ्य सामने आया कि भले ही सामाजिक संरचनाओं में अभी चुनौतियां हैं, लेकिन समरसता और समानता की दिशा में प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। कहना होगा कि इस समावेशिता की जड़ें भारतीय दर्शन में हैं। उपनिषदों का आत्मभूतेषु भाव, अर्थात सभी प्राणियों में एक ही आत्मा का दर्शन, हिंदू चिंतन की रीढ़ है। सर्व खल्विदं ब्रह्म और अहं ब्रह्मास्मि जैसे महावाक्य व्यक्ति को धार्मिक के साथ ही उसे सामाजिक रूप से भी उदात्त बनाते हैं। जब मनुष्य सभी में स्वयं को देखने लगता है, तब भेदभाव स्वतः समाप्त होने लगता है। डॉ. भागवत का जाति, भाषा और व्यवसाय से ऊपर उठकर मित्रता करने का आह्वान इसी दर्शन का सामाजिक रूपांतरण है। यह वास्वत में व्यवहारिक सामाजिक सुधार का मार्ग है। यहां यह भी बताना होगा कि हिंदूत्व का यह दर्शन अध्यात्म तक सीमित नहीं है। यह शासन, समाज और अर्थव्यवस्था तक बहुत विस्तृत है। इसी क्रम में डॉ. भागवत का आत्मनिर्भरता पर जोर अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्थानीय उत्पादों के उपयोग का आग्रह आर्थिकता के साथ ही सांस्कृतिक स्वाभिमान से जुड़ा विषय है। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत मार्च 2025 तक 1.76 लाख करोड़ रुपये का निवेश, 16.5 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन और बिक्री तथा लगभग 12 लाख रोजगार सृजित हुए हैं। यह आंकड़े बताते हैं कि आत्मनिर्भरता राष्ट्रीय पुनर्निर्माण की ठोस प्रक्रिया है। उन्होंने वैश्वीकरण को वैश्विक बाजार के बजाय वैश्विक परिवार के रूप में देखने की बात कही है। यह वही दृष्टि है, जिसने भारत को वसुधैव कुटुंबकम् का संदेश दिया। भारत सदियों से अपने नागरिकों को सशक्त बनाकर विश्व के साथ संतुलित संबंध बनाने वाला राष्ट्र रहता आया है। आत्मनिर्भरता का अर्थ आत्मबल के साथ विश्व से जुड़ना है। हिंदू समाज में एकता के संदर्भ में डॉ. भागवत का संदेश स्पष्ट और दृढ़ है। यह समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। संघ पहल करेगा, मार्गदर्शन देगा, किंतु नेतृत्व समाज को स्वयं करना होगा।भगवान राम का उदाहरण यह सिखाता है कि संवाद, धैर्य और मर्यादा भारतीय परंपरा का मूल है, किंतु जब अन्याय सीमा लांघ जाए, तब दृढ़ता भी आवश्यक है। यह संतुलन ही भारतीय चरित्र की पहचान है। आज जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक शाखा, साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली को मिलाकर संख्या देढ़ लाख से अधिक हो चुकी है और सामाजिक समरसता के प्रयास व्यापक रूप ले रहे हैं, तब यह स्पष्ट होता है कि समाज जाग रहा है। जातिगत भेद, आंतरिक विभाजन और हीनभावना को त्यागकर संगठित होना ही भारत की शक्ति का मूल है। संगठित समाज ही सांस्कृतिक निरंतरता, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा की गारंटी बनता है। अंततः भारत के लिए हिंदू होने का अर्थ किसी संकीर्ण पहचान में सीमित होना नहीं है। यह एक जीवन दृष्टि है, जो विविधता को सम्मान देती है, आत्मभूतेषु भाव से सभी में एकात्मता देखती है और आत्मनिर्भरता के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाती है। वस?तुतः आज डॉ. मोहन भागवत के कथन इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे हमें स्मरण कराते हैं कि भारत का भविष्य किसी और के हाथ में नहीं, हमारे अपने आचरण में निहित है। यदि हिंदू समाज अच्छे, दृढ़ और ईमानदार बनने का संकल्प लेता है तो भारत का चरित्र स्वतः उज्ज्वल होगा। यही हिंदूत्व का मर्म है, यही सनातन का संदेश है और यही भारत का गौरव भी है।



**2011 की जनगणना बताती है कि देश में 22 आधिकारिक भाषाएं हैं और हजारों बोलियां जीवित हैं। समाजशास्त्रीय अध्ययनों के अनुसार चार हजार से अधिक जाति और उपजातीय समूह भारत में मौजूद हैं, फिर भी एक सांस्कृतिक सूत्र पूरे समाज को बांधे रखता है।**

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे है, गृह प्रवेश कर रहे है, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | द्वितिया 26:41 तक |
| नक्षत्रः | श्रावण 12:56 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | सिद्धि, 19:53 |
| सूर्योदयः | 07:14 |
| सूर्यास्तः | 17:48 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 15:08-16:27 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | माघ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:10-12:52 |

## जन एक्सप्रेस

**जंग ये हमारी !**

*मान और सम्मान की।*
*हो चली लड़ाई ।।*
*ठोकनी है ताल ।*
*करनी और कड़ाई ।।*
*अब जमकर ललकारेंगे।*
*जंग ये हमारी ।।*
*उसी दिशा में बढ़ रही ।*
*आगे की तैयारी ।।*
*है पड़ाव आखिरी ।*
*जोर है लगाना ।।*
*बज के रहेगा डंका ।*
*देखेगा जमाना ।।*
*छप गया है पर्चा ।*
*हम ही आने वाले ।।*
*भले कोई वर्तमान में ।*
*अपना नाम निकाले ।।*




\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## गलत पोस्चर में बैठने की आदत कही रीढ़ की हड्डी को तो नहीं पहुंचा रही नुकसान?

**आज** के समय में ज्यादातर लोग काम या अन्य कारणों से घंटों-घंटों बैठे रहते हैं। इसके कारण बहुत से लोगों को पोस्चर के खराब होने की शिकायत होती है। इसके कारण लोगों को कमर में दर्द होने, गर्दन में दर्द होने, सिर में दर्द होने, थकान होने, कंधों के झुकने और मांसपेशियों में खिंचाव होने की समस्या होती है। ऐसे में कई बार लोगों के मन में सवाल उठता है कि क्या खराब पोस्चर के कारण रीढ़ की हड्डी को नुकसान हो सकता है? डॉ. दीपक अरोड़ा के अनुसार, हमारी रीढ़ की हड्डी में पोस्चर का बहुत बड़ा रोल होता है। रीढ़ की हड्डी बेसिकली कई हड्डियों और लिगामेंट्स से बनी होती है और उनके बीच अटैचमेंट लिगामेंट्स और डिस्क के जरिए होता है। यह एक खास पोस्चर में होती है, जिसे हम स-पोस्चर कहते हैं। अगर हम अपनी रीढ़ की हड्डी को ऊपर से नीचे, साइड से देखें, तो हम देखते हैं कि इसमें दो स-कर्व होते हैं, जो रीढ़ की हड्डी के वजन को बराबर बांटते हैं। इससे



पोस्चर हमेशा मेंटेन रहता है। रीढ़ की हड्डी का वजन रीढ़ की हड्डी के वजन के बराबर होता है। डॉ. दीपक अरोड़ा बताते हैं कि, इसे डबल स-पोस्चर कहते हैं। अगर हम इसे साइड से देखें। लेकिन अगर हम लगातार गलत पोस्चर में बैठते हैं, जिसे स्लौचिंग पोस्चर कहते हैं। उदाहरण के लिए, जब हम कुर्सी पर बैठते हैं, तो हम अपनी कमर नीचे करके स्लौचिंग पोस्चर में बैठते हैं। इस वजह से, यह पोस्चर धीरे-धीरे खराब हो जाता है और इस पोस्चर के खराब होने की वजह से रीढ़ की हड्डी में परमानेंट दर्द शुरू हो जाता है।

**मसल्स होती हैं कमजोर:** डॉ. दीपक अरोड़ा आगे बताते हैं कि दूसरा पोस्चर जो हमारे लिए है, जब हम कंप्यूटर पर काम करते हैं और अगर कंप्यूटर की स्क्रीन नीचे रखी हैं, तो हमारी गर्दन लगातार झुकी रहती है। अगर हम मोबाइल देखते हैं, तो भी गर्दन लगातार झुकी रहती है। अगर हम इस पोस्चर में लंबे समय तक काम करते हैं, तो धीरे-धीरे मसल्स का एक खास ग्रुप एक्टिव हो जाता है और मसल्स का दूसरा ग्रुप कमजोर हो जाता है। इस वजह से, मसल्स में इम्बैलेंस शुरू हो जाता है। और बार-बार, हमें ऐंठन और दर्द होने लगता है। तो, अगर आप गलत पोस्चर में हैं, तो 15 से 20 मिनट से ज्यादा देर तक न रहें। फिर उठें और सही पोस्चर बनाए रखें।

**निष्कर्ष:** गलत पोस्चर में लंबे समय तक बैठे रहने के कारण रीढ़ की हड्डी को नुकसान होने या रीढ़ की हड्डी में परमानेंट में दर्द शुरू हो सकता है। ऐसे में रीढ़ की हड्डी की समस्या से बचने के लिए सही पोस्चर में बैठें, नियमित रूप से काम के बीच में स्ट्रेचिंग करें और एक्सरसाइज करें।

### एक्सप्रेस विशेष

## 'मनरेगा' और 'विकसित भारत जी राम जी'



हृदयनारायण दीक्षित

**वैसे तो इस योजना का उद्देश्य लोगों को रोजगार देना है। गांव में सरकारी स्तर पर सेवा देने वाले कोई कार्यालय नहीं हैं। उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में पंचायत भवन बनाए गए हैं। इसके लिए अलग बजट का प्रावधान करना होता है।**

**डॉ. आम्बेडकर ने कहा था कि, 'ग्राम पंचायतें मेरे विचार से स्थानीय कलह का अड्डा होंगी।' पीछे 10-12 साल में सरकारी स्तर पर ग्राम पंचायतों को विकसित और समृद्ध बनाने की मद पर भारी व्यय हुआ है। नि:संदेह कहीं-कहीं कुछ ग्राम पंचायतों ने बहुत अच्छा काम किया है लेकिन तमाम ग्राम सभाओं द्वारा विकास कार्यों की धनराशि को हड़पने का भी काम किया है।**

**कांग्रेस** 'मनरेगा बचाओ संग्राम' अभियान चला रही है। कांग्रेस बीते 11 वर्षों से सत्ताहीन है। अच्छी बात है कि कांग्रेस ने केन्द्र का विरोध करने के लिए सड़क पर आने का निर्णय लिया है। रोजगार योजनाएं गरीबों की आय बढ़ाने की दृष्टि से चलाई गई हैं। कोई भी व्यवस्था जड़ नहीं होती। देशकाल की गति में जीर्ण-शीर्ण और पुराना विस्थापित होता है। नया उसकी जगह लेता रहता है। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित किया। वह पुरानी होने के साथ-साथ ध्येयनिष्ठ भी नहीं रही। जन समर्थन घटा। भाजपा ने कांग्रेस को विस्थापित कर दिया। कांग्रेस मनरेगा को लेकर अपना रोना रो रही है। मनरेगा में कानूनी तौर पर रोजगार पाने की गारंटी थी लेकिन प्रमुख विपक्षी दल होने के बावजूद वह नए वी.बी.जी राम जी एक्ट का विरोध कर रही है। देखना यह चाहिए कि राजग सरकार द्वारा लाए गए नए अधिनियम की अच्छाइयां बुराइयां क्या हैं? आइए नए अधिनियम वी.बी.जी राम जी की खास विशेषताएं जान लें। इस अधिनियम द्वारा ग्रामीण परिवारों के लिए कानूनी रूप से गारंटीकृत कार्य दिवसों को 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन प्रतिवर्ष कर दिया गया है। अभी तक लागू कानून में मजदूरी देने की कोई सुनिश्चित अवधि नहीं थी। लेकिन नए अधिनियम में 15 दिन के भीतर मजदूरी का भुगतान जरूरी बताया गया है। ऐसा न किए जाने पर मजदूरों को पांच प्रतिशत की दर से प्रतिदिन ब्याज मिलेगा। रोजगार प्राप्त करने के 15 दिनों के भीतर काम न मिलने पर भी बेरोजगारी भत्ता देने का प्रावधान किया गया है। भारत में शिक्षित बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्रों का बड़ा हिस्सा मजदूरी के लिए महानगरों की ओर रुख करता है। सड़क के किनारे सोता है। सुबह प्रतीक्षा करता है कि कोई मकान बनाने वाला, दुकान चलाने वाला उसको दिनभर का काम दे दे। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। खेत मजदूर की मोलभाव करने की क्षमता नहीं होती है। बड़े-बड़े महानगरों में मजदूरों के मार्केट लगते हैं। वहां से लोग कम पैसे में तय करके मजदूर लाते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों की व्यथा सिर्फ आंकड़ों से नहीं जानी जा सकती। ताजा 'वी बी राम जी' योजना ग्रामीण क्षेत्र के बेरोजगारों के लिए सुखद आश्वासन है। भारत कृषि प्रधान देश है। कृषि अभी भी घाटे का सौदा है। पीछे लगभग 28 वर्षों से किसानों को किसान क्रेडिट योजना के माध्यम से कृषि कार्य के लिए ऋण दिया जाता है। योजना अच्छी है। ऋण लेकर बुवाई आदि के सीजन में खाद-पानी देने के लिए पूँजी उपलब्ध कराने की योजना अच्छी है। तमाम योजनाएं अच्छी तो हैं लेकिन किसानों को उनकी जानकारी नहीं है। गांव में रोजगार के अवसर नहीं हैं। पढ़े-लिखे युवा भी शहर भागते हैं। रोजगार योजनाओं का इतिहास दिलचस्प है। यह योजना सबसे पहले स्थानीय कठिनाइयों के चलते साल 1970 में महाराष्ट्र में लागू हुई थी। तब इसे 'महाराष्ट्र रोजगार गारंटी योजना' कहा गया। साल 1980 में भारत की पहली केन्द्रीयकृत योजना लागू हुई। भ्रष्टाचार के कारण योजना का लाभ नहीं मिला। योजनाओं का धन बिचैलिए मार देते थे। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ आई जवाहर रोजगार योजना। यह भी अपने उद्देश्यों में असफल रही। इसका फिर नाम बदला और इसे 'नरेगा' नाम से जाना गया। फिर साल 2008 में यह 'मनरेगा' हो गई। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की योजनाएं इसी तरह असफल होती गईं। भारत की मिट्टी में उपजाऊ शक्ति ज्यादा है। कृषि कार्य में गरीब परिवार जुटे रहते हैं। सभी सदस्य काम करते हैं। तब किसी प्रकार गरीब परिवार चलता है। बुवाई और फसल कटाई के समय के दौरान 60 दिनों का अवकाश रखा गया है। इससे लाभ यह होगा कि कृषि कार्यों के लिए भी श्रमिकों की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी। ग्राम सभाएं बुनियादी लोकतांत्रिक संस्थाएं हैं। ग्राम स्वराज गांधीजी का स्वप्न था। भारत की संविधान सभा में ग्राम पंचायत के गठन पर लंबी बहस हुई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# गोकशी का आरोपी पुलिस हिरासत से फरार, दरोगा व 112 के हेड कांस्टेबल निलंबित



रघुनाथपुर में गोकशी की सूचना पर डायल-112 टीम मौके पर पहुंची, जहां ग्रामीणों ने एक गौकश को पकड़ लिया था, लेकिन वह चकमा देकर फरार हो गया। सूचना पर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की है। मामले में लापरवाही बरतने पर हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक व डायल-112 पर तैनात हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है।

विक्रम दहिया
अपर पुलिस अधीक्षक।





## रघुनाथपुर में तनाव, पुलिस कार्यप्रणाली पर उठे गंभीर सवाल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

**पूरनपुर।** कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में रविवार देर रात सामने आई गोकशी की सनसनीखेज घटना के बाद इलाके में तनाव और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों द्वारा मौके से पकड़े गए आरोपी के पुलिस हिरासत से फरार हो जाने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हल्का दरोगा और डायल 112 पर तैनात हेड कांस्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

### संदिग्ध गतिविधि से हुआ खुलासा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 11:30 बजे रघुनाथपुर निवासी अरुण वर्मा ने गांव से कुछ दूरी पर स्थित अमन वर्मा के बाग में संदिग्ध हलचल देखी। पहले उन्हें लकड़ी चोर होने की आशंका हुई, जिस पर उन्होंने तत्काल बाग मालिक अमन वर्मा को सूचना दी। अमन वर्मा अपने करीब आधा दर्जन साथियों के साथ मौके पर पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर सभी स्तब्ध रह गए।ग्रामीणों के अनुसार बाग में गौवंश का वध किया जा चुका था और एक या अधिक पशुओं के मांस के टुकड़े कर उन्हें बेचने की तैयारी चल रही थी। ग्रामीणों को आता देख वहां मौजूद लोग भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर ग्रामीणों ने एक आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गए।

### पुलिस हिरासत से फरारी, भड़का आक्रोश

ग्रामीणों ने पकड़े गए आरोपी के हाथ-पैर बांधकर उसे बाग में बैठा दिया और तत्काल पुलिस तथा राष्ट्रीय बजरंग दल को सूचना दी। सूचना मिलने पर बजरंग दल के ठाकुर शिवम सिंह भदोरिया व आर्यन पांडेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में डायल 112 की पुलिस टीम भी घटनास्थल पर पहुंच गई।
ग्रामीणों का आरोप है कि जब पुलिस ने आरोपी को अपनी अभिरक्षा में लिया और उसके हाथ-पैर खुलवाए, तभी वह पुलिस को चकमा देकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। आरोपी के फरार होते ही गांव में भारी आक्रोश फैल गया। लोगों का कहना है कि जब आरोपी पूरी तरह पुलिस घेरे में था, तो उसका भाग निकलना घोर लापरवाही को दर्शाता है।

### वरिष्ठ अधिकारी मौके पर, दो पुलिसकर्मी निलंबित

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया देर रात स्वयं गांव पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जांच की। प्राथमिक जांच में ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की स्पष्ट लापरवाही सामने आने पर हल्का दरोगा मनोज कुमार तथा डायल 112 पर तैनात हेड कांस्टेबल बनवारी लाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया हैं। भारतीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संजय कुमार मिश्रा ने पूरनपुर कोतवाली में लिखित तहरीर देकर एक आरोपी को नामजद किया है। पुलिस ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार पशु तस्करों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर लगातार दबिश दी जा रही है। वहीं थानाध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि मामला पूरी तरह संज्ञान में है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटा लिए गए हैं और फरार आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में भारी पुलिस बल तैनात है और प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। हालांकि, इस घटना ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था, पुलिस की सतर्कता और संवेदनशील मामलों में लापरवाही को लेकर गंभीर बहस छेड़ दी है।

# 24 जनवरी को कंजाहरैया में होगा विशाल हिन्दू सम्मेलन, गांव-गांव में बैठकों के माध्यम से तेज हुई तैयारी

## जब समाज अपने संस्कारों और परंपराओं के प्रति सजग होता है- कुलदीप

- विशाल हिन्दू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प- स्वामी प्रवक्तानंद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

आगामी 24 जनवरी को विधानसभा बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंजाहरैया स्थित दुर्गामाता मंदिर प्रांगण में आयोजित होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन को लेकर क्षेत्र में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक कुलदीप जी की अध्यक्षता में विभिन्न ग्रामों में बैठकें आयोजित कर ग्रामवासियों से सीधा संवाद स्थापित किया गया। जिसमें सम्मेलन की तैयारियों के तहत श्री संजय गांधी इंटर कॉलेज, कंजाहरैया, ग्राम घेरा रिछौला, ग्राम कल्याणपुर नौगवां, ग्राम ढेरा मंडरिया एवं गोयल कॉलोनी में बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में ग्रामीणों को सम्मेलन के उद्देश्य, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सामाजिक सहभागिता के महत्व की जानकारी दी गई। बड़ी संख्या में ग्रामवासी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रधानगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### हिन्दू समाज की एकता और संस्कारों का मंच है सम्मेलन: कुलदीप जी

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर प्रचारक कुलदीप जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू सम्मेलन समाज को संगठित करने, सांस्कृतिक मूल्यों को जागृत करने और राष्ट्र निर्माण की दिशा में सामाजिक चेतना को मजबूत करने का माध्यम है। जब समाज अपने संस्कारों और परंपराओं के प्रति सजग होता है, तभी राष्ट्र आत्मनिर्भर और सशक्त बनता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी में सेवा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होती है।



### सम्मेलन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन

बैठकों के दौरान ग्रामवासियों को सम्मेलन के बाद आयोजित होने वाले विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने का भी निमंत्रण दिया गया। ग्रामीणों ने सम्मेलन में बढ़-चढ़कर सहभागिता का भरोसा जताया।

### संगठित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव: स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

बैठकों में उपस्थित महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि विशाल हिन्दू सम्मेलन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और सनातन संस्कृति की रक्षा का संकल्प है। जब समाज संगठित होता है, तभी विकास और समरसता का मार्ग प्रशस्त होता है।÷उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे 24 जनवरी को प्रातः 11 बजे दुर्गामाता मंदिर प्रांगण में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएं।




### प्रधानगण व कार्यकर्ताओं की रही सक्रिय सहभागिता

इस अवसर पर आसपास के गांवों से आए ग्राम प्रधानगण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने सम्मेलन की सफलता के लिए जनसंपर्क को और तेज करने का संकल्प लिया।

# मुड़िया भगवंतपुर में प्रधान पति ने हल्का दरोगा पर किया हमला, गांव में तनाव और पुलिस बल तैनात





जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के दियोरिया कोतवाली क्षेत्र में एक बेहद गंभीर और शर्मनाक घटना सामने आई है। ग्राम मुड़िया भगवंतपुर में सरकारी कार्यवाही के लिए पहुंचे पुलिस उपनिरीक्षक (हल्का दरोगा) अखिलेश चौहान पर ग्राम प्रधान के पति विमल मिश्रा ने हमला कर दिया। इस हमले में दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें तत्काल दियोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया।सूचना के अनुसार हल्का दरोगा अखिलेश चौहान किसी प्रकरण की विवेचना के सिलसिले में गांव पहुंचे थे। इस दौरान ग्राम प्रधान के पति विमल मिश्रा से कुछ दस्तावेज़ों को लेकर पूछताछ हुई। पहले दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, लेकिन कुछ ही देर में प्रधान पति ने अपना आपा खो दिया और दरोगा के साथ गाली-गलौज और हाथापाई पर उतर आया।
ग्रामीणों का कहना है कि दरोगा को जोरदार धक्का दिया गया जिससे वह गिर पड़े और इसके बाद उनके साथ मारपीट की गई। घटना के तुरंत बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। हमले में हल्का दरोगा अखिलेश चौहान को कई स्थानों पर चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें दियोरिया सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टरों के अनुसार उनकी स्थिति फिलहाल स्थिर है, लेकिन अंदरूनी चोटें गंभीर हैं।
घटना की सूचना मिलते ही दियोरिया कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने बताया कि मामले का संज्ञान लिया गया है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त सीओ प्रगति चौहान और भारी पुलिस बल गांव में पहुंचे, घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति को नियंत्रण में लिया।
इस घटना के बाद गांव में भय और तनाव का माहौल व्याप्त है। आम नागरिक इस घटना को लेकर चर्चा कर रहे हैं कि जब कानून-व्यवस्था बनाए रखने वाले पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नहीं हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े होते हैं।

### अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया ने कहा,

मुड़िया भगवंतपुर में पुलिस टीम सरकारी कार्य के लिए गई थी। वहां ग्राम प्रधान पति विमल एवं उनके कुछ साथियों द्वारा पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार किया गया है। मामले का संज्ञान लिया गया है और दोषियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**हालांकि इस मामले में पुलिस ने गांव में अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है और जांच पूरी सतर्कता के साथ जारी है, ताकि कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके और भविष्य में ऐसे घटनाओं को रोका जा सके।**

# स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने बरखेड़ा में कई सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन कर ग्रामीण संपर्क मजबूत किया





- भाजपा शासनकाल में सड़क निर्माण से बदली ग्रामीण तस्वीर- बरखेड़ा विधायक

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** सोमवार को 128 विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण संपर्क और बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने क्षेत्र की कई प्रमुख सड़क परियोजनाओं का विधिवत उद्घाटन किया।
भाजपा के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों में विधायक ने नारियल फोड़कर सड़कों का शुभारंभ किया और उन्हें क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सड़क निर्माण की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया।
कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत रायपुर से हुई, जहां लगभग 1 किलोमीटर लंबी पक्की सड़क का उद्घाटन किया गया। इस मार्ग के बनने से किसानों को खेतों तक पहुंचने, कृषि उपज मंडियों तक ले जाने और रोजमर्रा की आवाजाही में बड़ी सुविधा मिलेगी। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था किसानों पर आधारित है और खेतों को बेहतर सड़कों से जोड़ना समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सरकार किसानों और ग्रामीणों की मूलभूत जरूरतों को प्राथमिकता दे रही है।

### न्यूरिया बस अड्डे से खकरा नदी पुल तक सुगम मार्ग

इसके बाद विधायक ने न्यूरिया कस्बा बस अड्डे से खकरा नदी पुल तक लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले खराब सड़क के कारण खासकर बरसात में आवागमन बाधित रहता था, लेकिन अब यह मार्ग स्कूल, अस्पताल, बाजार और तहसील तक सुरक्षित और आसान पहुंच सुनिश्चित करेगा। विधायक द्वारा टोंडरपुर में 2 किलोमीटर लंबी सड़क और मझोला मार्ग से ग्राम धनकुनी तक लगभग 1 किलोमीटर लंबी सड़क का भी लोकार्पण किया गया। इन सड़कों के निर्माण से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य मार्गों से संपर्क मजबूत होगा, जिससे रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।

### सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं, विकास की धुरी- स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

उद्घाटन समारोह के दौरान स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने ग्रामीणों से संवाद कर क्षेत्र में चल रही और प्रस्तावित विकास योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल आवागमन का साधन नहीं हैं, बल्कि यह विकास की धुरी हैं। अच्छी सड़कें व्यापार बढ़ाती हैं, समय बचाती हैं और ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार लाती हैं।
ग्रामीणों ने सड़क उद्घाटन की खुशी में एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और विधायक का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि स्वामी प्रवक्तानंद महाराज के नेतृत्व में आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य होंगे। बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में एक साथ कई सड़क मार्गों का उद्घाटन न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा और क्षेत्रीय विकास को नई गति प्रदान करेगा।

# ऑपरेशन रक्षा के तहत पूरनपुर में बालश्रम उन्मूलन अभियान



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में बालश्रम के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन रक्षा के अंतर्गत सोमवार को पूरनपुर क्षेत्र में सघन रेस्क्यू अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी के निर्देश पर की गई, जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर तीन बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराया गया।

### दुकानों, होटल-ढाबों व वर्कशॉप पर की गई कार्रवाई

अभियान के दौरान पूरनपुर क्षेत्र में मैकेनिक शॉप, होटल, रेस्टोरेंट, ढाबे, कपड़ों की दुकानें, किराना स्टोर, स्टील वर्क्स सहित अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कार्यरत पाए गए तीन नाबालिग बच्चों को चिन्हित कर तत्काल बालश्रम से अवमुक्त कराया गया। मुक्त कराए गए सभी बच्चों को वर्चुअल माध्यम से बाल कल्याण समिति पीलीभीत के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चों के परिजनों को भविष्य में बालश्रम न कराने की सख्त हिदायत देते हुए बच्चों को उनके सुपुर्द कर दिया। बालश्रम कानून के तहत कड़ी सजा का प्रावधान प्रशासन ने स्पष्ट किया कि

### तीन बाल श्रमिक कराए गए मुक्त

बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के तहत खतरनाक प्रक्रियाओं में बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले सेवायोजकों के विरुद्ध एक वर्ष तक की सजा या 50 हजार रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त, प्रति बाल श्रमिक 20 हजार रुपये की वसूली चाइल्ड लेबर वेलफेयर फंड में की जाएगी। वहीं, यदि किसी बाल श्रमिक के माता-पिता चेतावनी के बावजूद पुनः अपने बच्चों को व्यवसायिक कार्यों में लगाते पाए गए, तो उनके खिलाफ भी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस संयुक्त अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी शशिकला, चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता कर्मा राव, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना प्रभारी निरीक्षक गोविंद सिंह, कांस्टेबल अमित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से शामिल रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनपद में बालश्रम के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# धान तौल और अवैध वसूली को लेकर पूरनपुर में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर



मंडी समिति में धान खरीद के दौरान कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने के बाद किसानों में आक्रोश व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि धान तौलने के नाम पर एक व्यक्ति ने उनसे 150 रुपये और बारदाना वसूला। इस मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ग्राम अध्यक्ष बालकराम ने सोमवार को मंडी परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। बालकराम ने बताया कि मंडी समिति में एक व्यक्ति ने उनके दामाद का धान तौलने से इंकार किया, जिसके बाद किसान ने एसडीएम अजीत प्रताप सिंह से शिकायत की। शिकायत के बाद धान की तौल तो हुई, लेकिन आरोप है कि व्यक्ति ने किसान से बारदाना मंगवाया और 150 रुपये 'खर्च' के तौर पर वसूले।

### किसानों का प्रदर्शन- बिचौलिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग

इस घटना से नाराज किसानों ने मंडी परिसर में व्यक्ति को बिचौलिया बताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने अब्दुल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि मंडी में धान तौल शुरू कराने और क्रय केंद्रों पर खड़ी ट्रॉलियों की तौल कराने की आवश्यकता है, क्योंकि धान खरीद का निर्धारित लक्ष्य पूरा हो चुका है।
आरोपी का बयान इस मामले में नामजद व्यक्ति ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वह न तो ठेकेदार हैं और न ही किसी क्रय केंद्र के प्रभारी, और आरोप लगाने वाले किसान के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने का निर्णय लिया है।
एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि उन्हें लिखित शिकायत मिलती है, तो पूरे प्रकरण की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
इस घटना ने मंडी प्रशासन और किसानों के बीच विश्वास एवं क्रय प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पीलीभीत में चाइनीज मांझे पर रोक की मांग, सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



बसंत पंचमी के अवसर पर बढ़ती पतंगबाजी के मद्देनजर अखिल भारत हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों ने सोमवार को सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। संगठन के युवा जिलाध्यक्ष गौरव शर्मा और युवा जिला महामंत्री आयुष सक्सेना के नेतृत्व में दिया गया ज्ञापन जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री एवं प्रयोग पर पूर्ण रोक लगाने की मांग करता है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा आमजन, बच्चों, बुजुर्गों, दोपहिया चालकों और पशु-पक्षियों के लिए गंभीर खतरा है। संगठन ने पिछले हादसों का हवाला देते हुए सख्त कार्रवाई की अपील की। ज्ञापन में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (हत्नज्ञ) के आदेश का भी उल्लेख किया गया, जिसमें चाइनीज मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध है।
संगठन ने मांग की कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, बाजारों में छापेमारी कर मांझा जब्त किया जाए और आमजन को जागरूक किया जाए।
सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान गौरव शर्मा, आयुष सक्सेना, कृष्णा साहनी, राहुल राठौर, जितेंद्र मौर्य, चेतन श्रीवास्तव, सुनील कुमार, सुनील कश्यप, राहुल, अनिल कुमार और प्रकाश अग्निहोत्री सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पूरनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और कंबल वितरित

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर




नगर पालिका परिषद के सभागार में रविवार शाम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत प्रदेशभर के दो लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में 2,000 करोड़ रुपये की अनुदान राशि ऑनलाइन वितरित की गई। इस अवसर पर भाजपा विधायक बाबूराम पासवान और नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।
कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित 237 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति के प्रमाण पत्र प्रदान किए। ठंड के मौसम को ध्यान में रखते हुए जरूरतमंद लाभार्थियों को कंबल भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान केंद्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति बिना पक्की छत के न रहे। प्रधानमंत्री आवास योजना और मुख्यमंत्री आवास योजना के माध्यम से सभी जरूरतमंदों को पक्का आवास उपलब्ध कराया जा रहा है।नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने लाभार्थियों से अपील की कि वे समय पर अपने निर्माण कार्य को पूरा करें और अनुदान राशि का सही उपयोग सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में मैलानी चेयरमैन प्रतिनिधि भवानी शंकर माहेश्वरी, सभासद अनुज गुप्ता, सूरज बाथम, सौरभ सक्सेना, रोहित मिश्रा, तौफीक अहमद कादरी, नादिर रजा बरकाती, ईओ एजाज अहमद सहित अन्य सभासदगण और गणमान्य नागरिक भी मौजूद थे।

# आयकर विभाग ने मजदूर को भेज दी 7 करोड़ से अधिक की नोटिस,न्याय के लिए भटक रहा पीड़ित परिवार

**जन एक्सप्रेस । माधौगंज**



मेहनत मजदूरी कर भरण पोषण करने वाले युवक के घर आयकर विभाग ने 7 करोड़ रुपए से अधिक का नोटिस थमाकर दस्तावेज मांगे। परिवार के लोग परेशान होकर वकील के माध्यम से न्याय के लिए भटक रहे है।

माधौगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रूदामऊ निवासी गोविन्द कुमार को आयकर विभाग की ओर से 7 करोड़ 15 लाख 92 हजार 786 रुपये की नोटिस मिला।नोटिस मिलते ही पूरे परिवार में हड़कंप मच गया । 13 जनवरी को आयकर विभाग की टीम युवक के घर पहुंची और बैंक खातों से संबंधित दस्तावेज मांगे। गोविन्द कुमार ने बताया कि वह मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है।और इतनी बड़ी रकम की नोटिस आने का उसे कोई कारण समझ में नहीं आ रहा है। उसके पिता रामचन्द्र कश्यप और मां कमला देवी ने बताया कि बड़ा बेटा पंकज कस्बे के चौराहे पर ठेली लगाता है, जबकि छोटा बेटा गोविन्द मजदूरी करता है। उसके पास सात बिसुआ जमीन है लोगो के खेत बटाई लेकर परिवार चलाता है। उसने बताया कि गोविन्द करीब छह वर्ष पहले शादी के बाद कानपुर में एक गुटखा कंपनी में 4 महीने तक काम करने गया था। वहीं उसके भांजे अजय कुमार ने कुछ लोगों से काम दिलाने के नाम पर संपर्क कराया। एक महिला ने गरीबी रेखा के नीचे बैंक खाते के जरिए सरकारी लाभ दिलाने का लालच दिया था।महिला के कहने पर दो लोगों ने सीतापुर जनपद के विसवां स्थित एचडीएफसी बैंक में खाता खुलवाया, जहां दो से तीन हजार रुपये नकद भी दिए गए। बाद में कोई लाभ नहीं मिला और गोविन्द गांव लौटकर खेती-बाड़ी व मजदूरी करने लगा। उसे आशंका है कि उसी खाते से जुड़ा मामला अब सामने आया है।गोविन्द ने बताया कि खाता खुलवाने वाले लोग पासबुक और बैंक से जुड़े सभी कागजात अपने साथ ले गए थे। आयकर विभाग की टीम ने बताया कि यह पहली नोटिस नहीं है, इससे पहले भी कई नोटिसें भेजी जा चुकी हैं। नोटिस लेकर वह अपने को बेगुनाह साबित करने के लिए आयकर विभाग से लेकर बैंक तक भाग दौड़ कर रहा है।

## एम्बुलेंस व ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत, चालक सहित दो घायल

**जन एक्सप्रेस । उरई**

आटा थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह नेशनल हाईवे पर एम्बुलेंस और ट्रैक्टर की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।हादसे में एम्बुलेंस चालक सहित दो लोग घायल हो गए।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बताया गया कि एम्बुलेंस सोमवार को लखनऊ से शव छोड़कर राजस्थान लौट रही थी। जैसे ही एम्बुलेंस नेशनल हाईवे आटा बस स्टैंड के पास पहुंची। उसी समय विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद एम्बुलेंस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और हादसे में चालक लोकेश गम्भीर रूप से घायल हो गया। जबकि एम्बुलेंस में मौजूद सुनील को भी गम्भीर चोटें आई हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू किया। फिलहाल घायलों की हालत ठीक बताई जा रही है। वहीं पर पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन उरई स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ राष्ट्रीय जागरूकता अभियान के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में महिला कल्याण विभाग द्वारा 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 तक संचालित किए जा रहे अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति और दण्डनीय अपराध है, जो बच्चों विशेषकर बालिकाओं के शारीरिक, मानसिक एवं शैक्षिक विकास को बाधित करता है। इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों, शहरी वार्डों, विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वयं सहायता समूहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। साथ ही पोस्टर, बैनर, शपथ कार्यक्रम, जनसभाएँ एवं संवाद के माध्यम से आमजन को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाल विवाह की किसी भी सूचना पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर पुलिस, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायतीराज एवं महिला कल्याण विभाग के बीच आपसी समन्वय से तत्काल हस्तक्षेप किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि संवेदनशील ग्रामों एवं परिवारों की विशेष निगरानी की जाए, जिससे बाल विवाह की घटनाओं को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि किशोरियों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि बाल विवाह की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सके। जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग को अभियान की नियमित समीक्षा एवं प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्देशित किया कि बाल विवाह मुक्त जनपद के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अभियान को जन-आंदोलन के रूप में संचालित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र भिटौरिया, प्रभारी प्रोबेशन अधिकारी निशान्त पांडेय, डीआईओएस राज कुमार पंडित, बीएसए चंद्रप्रकाश आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## गांव की आरसीसी सड़क तोड़कर बनाया शौचालय टैंक, ग्रामीणों में आक्रोश



**जन एक्सप्रेस । उरई**

माधौगंज थाना क्षेत्र में गांव के रास्ते पर दबंगों द्वारा आर सी सी तोड़कर शौचालय का टैंक बना दिया। गांव के लोगो के मना करने के बावजूद नहीं माने। बी डी ओ ने जांच के आदेश दिए। ग्राम पंचायत सहिजना में केशन ने गांव में पड़ी आर सी सी सड़क को तोड़कर शौचालय का टैंक बनवाया जिसको पड़ोसी राकेश, महिपाल, मोहनलाल आदि ने मना किया जिस पर दंबगई दिखाते हुए टैंक जबरन टैंक बनाने लगे। गांव के लोगो ने उच्चाधिकारियों से शिकायत की। बी डी ओ सर्वेश कुमार ने कहा वह जांच करा कर कार्यवाही करने की बात कही।

# मनरेगा योजना में फर्जीबाड़ा का गढ़ बना रामपुरा ब्लॉक

**जन एक्सप्रेस । उरई/रामपुरा**



विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहादुरपुर में मनरेगा योजना में चकबंध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम पंचायत बहादुरपुर में पुल से संजू के खेत तक चकबंद निर्माण कार्य दिखाया जा रहा है। जिसकी ड्डश्वह्म्ध्र ष्टश्वस्रद्ग = 3138001047/ख्र/958486255 824888618 में 19/01/2026 को मास्टर रोल नंबर 6365 से 6379 तक 5 मास्टर रॉल में 50 लेबर की फर्जी एनएमएमएस करके फर्जी फोटो लगाई जा रही है। जिसकी हाजिरी फोटो में साफ तौर पर फर्जी दिखाई दे रही है। वहीं मजदूरों के पास न तो तासला और न ही फावड़ा दिखाई दे रहा है, राजसी सूटबूट पहनकर बिना फावड़ा तसला के लेवर कर रही मनरेगा योजना में मजदूरी जो साफ तौर पर दिखाई दे रही है। जिसकी हकीकत फोटो बया कर रही

कि हम फर्जी हैं ना फवड़ा ना तसला फिर भी चकबंद निर्माण किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधान, मेट, रोजगार सेवक एवं सचिव व ब्लाक के अधिकारियो की मिलीभगत से चल रहा यह फर्जी वाडा, जिसकी ग्रामीणों द्वारा सूचना मिली कि ग्राम पंचायत की मिली भगत से फर्जीवाडा किया जा रहा है। सुबह 08 आदमी की फोटो खींच लेते हैं फिर इस फोटो से जमीन पर रखकर हाजिरी लगाते हैं। जब की साइड पर कोई भी मजदूर नहीं जाता यह जो मनरेगा मजदूरों की फोटो डाली जाती है, वह फर्जी फोटो डाली जा रही है, जब की हकीकत तो यह बया कर रही की धरातल पर न तो लेवर, मजदूर जाते और न ही कोई कार्य किया जा रहा। अब देखना यह है कि मनरेगा योजना में हो रहे फर्जीबाड़ा को उच्च्य अधिकारी संज्ञान में लेकर कार्यवाही करते हैं या फिर हवा हवाई कर ठंडे बस्ते में मामले को डाल दिया जाएगा या फिर इसी तरह फर्जीवाडा चलता रहेगा। और अधिकारी चुप्पी सादे बैठे रहेंगे? इस मामले में डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच कराई जाएगी जांच में जो भी सामने तथ्य आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## सीडीपीओ पर भ्रष्टाचार फैलाने का आरोप, डीएम से शिकायत

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** बाल विकास परियोजना अधिकारी टोडरपुर राहुल सिंह पर लंबे समय से तैनाती के दौरान भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है। दिनेश सिंह पुत्र राम सिंह निवासी ग्राम रामपुर हम्जा ने आरोप लगाया है कि बाल विकास परियोजना अधिकारी राहुल सिंह 5 वर्षों से एक ही परियोजना में डटे हैं जिसके चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं । जिला कार्यक्रम अधिकारी की बदौलत राहुल सिंह ने शाहाबाद सीडीपीओ का चार्ज भी ले रखा है। एक ही स्थान पर बने रहने का आरोप भी जड़ा है। आरोप है कि मुख्य सेविका सृष्टि तिवारी को टोडरपुर से और ब्लॉक समन्वयक प्रशांत मिश्रा को कोथावां से शाहाबाद कार्यालय में बाल विकास परियोजना अधिकारी द्वारा लाया गया और उनके माध्यम से ही भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इन दोनों के भ्रष्टाचार से आंगनबाड़ी कार्यकर्ती काफी त्रस्त हैं।

## जिला पंचायत सदस्य ने जरूरतमंदों को वितरित किये कंबल

**जनएक्सप्रेस/शाहाबाद।** जिला पंचायत सदस्य मंजू देवी राजेंद्र ने सोमवार को अंबेडकर पार्क में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जरूरतमंदों को कंबल वितरण किये। जरूरतमंद कंबल पाकर प्रसन्न देखे गए। जिला पंचायत सदस्य मंजू देवी राजेंद्र अपने समर्थकों के साथ अंबेडकर पार्क पहुंची। यहां पर उन्होंने अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और उसके बाद पहले से मौजूद तमाम जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए उन्होंने कंबल वितरण किया। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे। इस मौके पर लालता प्रसाद, हरिकरण, हरिओम, अजय प्रधान, शिव शंकर एवं बहुजन समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिव्यांग बच्चों के सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल उपकरण वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिले में दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उपकरण वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड डकोर स्थित बीआरसी मडोरा में किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, सीडीओ केके सिंह एवं बीएसए चन्द्रप्रकाश द्वारा माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 168 दिव्यांग बच्चों को एएलआईएमसीओ कानपुर के सहयोग से 218 सहायक उपकरण एवं उपस्कर वितरित किए गए। जिससे बच्चों को शिक्षा एवं दैनिक जीवन में सुविधा प्राप्त हो सके। डीएम ने कहा कि दिव्यांगता किसी भी प्रकार से कमजोरी नहीं है, बल्कि यह एक चुनौती है, जिसे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प से अवसर में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज दिव्यांग बच्चे शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा से समाज को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने बच्चों एवं उनके अभिभावकों से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। एएलआईएमसीओ कानपुर की ओर से अब्दुल रहमान, प्रेरणा एवं मोहनलाल द्वारा बच्चों के चिन्हीकरण एवं उपकरण वितरण में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक पाण्डेय एवं जिला समन्वयक समेकित शिक्षा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्पेशल एजुकेटर नीरज पांचाल, मनीष कुमार, ईश्वर चन्द्र पाल, जगत सिंह पाल, संदीप दीक्षित, कपूरी देवी, वर्षा बिश्नोई, रोहित कुमार, राजेश कुमार सहित अन्य कार्मिकों का विशेष योगदान रहा।

## रोबोटिक तकनीक से किडनी ट्रांसप्लांट अब ज्यादा सुरक्षित और कम दर्दनाक

**आगरा।** किडनी ट्रांसप्लांट के क्षेत्र में मेडिकल और इम्यूनोलॉजिकल मैनेजमेंट में पिछले वर्षों में काफी उल्लेखनीय प्रगति हुई है, लेकिन सर्जिकल तकनीक में पिछले पांच दशकों में बहुत बड़े बदलाव नहीं देखे गए हैं। इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लैप्रोस्कोपिक डोनर नेफ्रेक्टॉमी का रहा, जो आज लाइव किडनी डोनेशन के लिए स्टैंडर्ड ऑफ केयर बन चुकी है।

मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, साकेत के यूरोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट, यूरो-ऑन्कोलॉजी एवं रोबोटिक सर्जरी विभाग के डायरेक्टर डॉ. समित चतुर्वेदी ने बताया रोबोट असिस्टेड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी पहले से ही कई यूरोलॉजिकल प्रक्रियाओं जैसे रैडिकल प्रोस्टेटेक्टॉमी, रैडिकल सिस्टेक्टॉमी आदि में एक स्थापित तकनीक है। सर्जिकल रोबोट ने जटिल लैप्रोस्कोपिक सर्जरी को और अधिक सटीक और सुरक्षित बनाया है। थ्री-डायमेंशनल विज़न, सर्जन द्वारा कैमरा कंट्रोल, 7 डिग्री मूवमेंट वाले आर्टिकुलेटेड इंस्ट्रूमेंट्स, सटीक स्यूचरिंग की सुविधा और ह्यूमन ट्रेमर का खत्म होना-ये सभी फायदे सर्जन की क्षमता को काफी बढ़ाते हैं।

# मारपीट कर चाचा की हत्या के आरोप में भतीजो सहित 5 लोगो पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



हरदोई।बीते रविवार को कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में फर्जी वोटों की शिकायत पर जांच के दौरान सगे चचेरे भाइयों में विवाद होने पर मारपीट में एक अधेड़ की मौत हो गयी थी।इस घटना में भतीजो सहित 5 लोगो पर चाचा की मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग दर्ज कर आरोपियो की गिरफ्तारी का प्रयास शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार मृतक अशोक सिंह के पुत्र अरविंद कुमार ने राज्य निर्वाचन आयोग को शिकायती पत्र देकर ग्राम पंचायत में करीब 150 फर्जी वोट शामिल किए जाने की शिकायत की थी। इसी शिकायत की जांच के लिए रविवार को तहसील प्रशासन की ओर से राजस्व निरीक्षक राजेश शुक्ला और लेखपाल श्यामवीर सिंह गांव पहुंचे थे।

जांच के दौरान ही विवाद बढ़ गया और आरोप है कि अरविंद कुमार के सामने ही उसके पिता अशोक सिंह पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया गया। हमले में अशोक सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन उन्हें इलाज के लिए तत्काल सीएचसी हरपालपुर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था।मृतक के पुत्र अरविंद कुमार का आरोप है कि सामेन्द्र, रामेन्द्र उर्फ रामू पुत्रगण कैलाश,भानु प्रताप पुत्र आदेश सिंह अभय सिंह, शिवम पुत्र सुरेंद्र ने मिलकर उसके पिता को बेरहमी से पीटा था जिससे उनकी मौत हो गयी।सूचना मिलते ही एएसपी पश्चिमी मार्तंड प्रकाश सिंह और सीओ सत्येंद्र सिंह ने घटनास्थल पहुंचकर घटना करते हुए थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए थे।उधर घटना की जानकारी मिलते ही विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रानू ने भ8 पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढांढस बंधाया था।मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने प्रधान पति सामेन्द्र सिंह,रामेंद्र सिंह,अभय सिंह,शिवम सिंह,भानुप्रताप सहित 5 लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर नामजद आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।

## फोन पर बात करते समय बॉयफ्रेंड से हुआ विवाद, युवती ने पुल से लगाई छलांग

**उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को एक युवती ने बॉयफ्रेंड से विवाद के बाद पुल से छलांग लगा दी। नीचे गिरने से युवती घायल हो गई, जिसे नाजुक हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा है कि युवती मोबाइल फोन पर किसी से बात कर रही थी। इसी दौरान अचानक उसने पुल से छलांग लगा दी। युवती को पुल के नीचे गिरता देख राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवती को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार युवती का पैर फैक्चर हो गया है, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवती का अपने बॉयफ्रेंड से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवती के बयान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद कुछ देर के लिए पुल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे आवागमन भी प्रभावित हुआ।

# जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 92 शिकायतें



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई। कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 92 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे आज एक व्यक्ति का दिव्यांग पेशन योजना तथा एक राशन कार्ड के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भाष्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आवास योजनाओं की प्रगति पर डीएम सख्त, लापरवाही पर नोटिस व प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन उरई स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की जिला स्तरीय निगरानी समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आवास प्लस सर्वे-2024, जॉबकार्ड अपडेट, अपूर्ण आवासों की स्थिति एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति की समीक्षा की गई। कई विकास खण्डों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों पर फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि एक सप्ताह में जॉबकार्ड अपडेट एवं आवास पूर्णता सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने जालौन, नदीगांव, रामपुरा व कुठौन्द विकास खण्डों की स्थिति को अत्यन्त खराब बताते हुए संबंधित खण्ड विकास अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने तथा लक्ष्य पूरा न होने पर कठोर कार्यवाही के निर्देश दिये। उन्होंने सभी लाभार्थियों के आवासों का स्थलीय सत्यापन, गुणवत्तापूर्ण निर्माण, मनरेगा मस्टररोल निर्गत, पात्र परिवारों को सोलर सिस्टम व राशन कार्ड से आच्छादन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि समयबद्ध प्रगति न होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय, वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 23 जनवरी को मार्क डिल सायं 6 बजे से किया जायेगा: अरूणिमा श्रीवास्तव




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

हरदोई।23 जनवरी को आयोजित होनी वाली मार्क डिल के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित स्वामी विवेकानन्द सभागार में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अरूणिमा श्रीवास्वत की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट ने उपस्थित आपदा प्रबन्धन समिति के सदस्यों से कहा कि 23 जनवरी को मार्क डिल सायं 6 बजे से 10 मिनट के लिए किया जायेगा, इस दौरान सायरन बजने पर नगर की सारी लाइट बन्द कर दी जायेगी। उन्होने कहा कि समिति के सदस्य आग एवं अन्य आपदा के समय कैसे लोगों को बचाया जाये इसकी संबंध में चिकित्सकों एवं फायर अधिकारियों द्वारा दी जा रही जानकारी पर ध्यान दें और उसी अनुसार बचाव कार्य करें।कार्यशाला में डा0 पंकज मिश्रा ने सड़क दुघर्टना एवं अग्नि पीड़ित लोगों को कैसे उठाकर एम्बुलेंस के माध्यम से चिकित्सालय पहुंचायें एवं उपचार कराने के बारे में बताया तथा अग्नि शमन अधिकारी ने समिति के सदस्यों को आग से बचाव एवं फायर सेफ्टी चलाने की जानकारी दी। इस अवसर पर आपदा प्रबन्धन समिति से जुड़े सदस्य एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहीं।

# सहमति से सुलझेंगे भूमि झगड़े, डीएम ने ग्रामीणों को दिलाया भरोसा

## विशेष अभियान के तहत खतौनी त्रुटि संशोधन पर जोर, सहमति से अंश निर्धारण कराने की अपील

जन एक्सप्रेस | महाराजगंज



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खतौनी में खातेदारों एवं सह-खातेदारों के गाटों के अंश निर्धारण में हुई त्रुटियों और लोप के संशोधन के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत महराजगंज जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत फुलवरिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आपसी सहमति के आधार पर अंश निर्धारण कराने हेतु प्रोत्साहित किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ग्राम फुलवरिया को पूर्णतः भूमि विवाद मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सहमति के आधार पर अंश निर्धारण होने से प्रत्येक सह-खातेदार का हिस्सा स्पष्ट रूप से निर्धारित हो जाता है, जिससे पारिवारिक और साझेदारी से जुड़े भूमि विवाद समाप्त या न्यूनतम हो जाते हैं।

डीएम ने बताया कि अंश निर्धारण के बाद प्रत्येक खातेदार अपनी भूमि पर स्वतंत्र रूप से खेती, निर्माण, बिक्री अथवा पट्टा कर सकता है। साथ ही राजस्व अभिलेखों (खसरा-खतौनी) में नाम और हिस्सा दर्ज होने से भविष्य में किसी भी प्रकार के कानूनी विवाद से बचाव होता है। किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, मुआवजा और सरकारी अनुदान जैसी योजनाओं का लाभ भी सीधे संबंधित खातेदार को मिल पाता है। इस अवसर पर तहसीलदार सदर एवं नायब तहसीलदार सदर मौके पर उपस्थित रहे और ग्रामीणों से अंश निर्धारण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही और लोगों ने अभियान के प्रति रुचि दिखाई।

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस | ठूठीबारी/महराजगंज

ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस घटना से पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है और परिजन अनहोनी की आशंका से भयभीत हैं।

पीड़िता की मां ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि जब वह घर पर मौजूद नहीं थीं, उसी दौरान गांव का ही युवक निखिल गोंड उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन किए जाने के बावजूद लड़की का अब तक कोई सुराग नहीं लग सका है। मामले को लेकर परिजनों ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी घटना न हो जाए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी नवनीत नगर ने बताया कि आरोपी युवक निखिल गोंड के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और नाबालिग की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

# कार्यशाला में पुलिसकर्मियों को आईआरएडी एप के लिए दिया गया प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले में सोमवार को एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर पुलिस लाइन स्थित सई काम्प्लेक्स में सड़क दुर्घटनाओं की प्रभावी रोकथाम एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से एक विशेष प्रशिक्षण गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस एप में जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की फीडिंग करने का प्रशिक्षण दिया गया। सीओ यातायात अनिल कुमार राय द्वारा प्रभारी यातायात प्रदीप कुमार सिंह, एनआईसी के रोल आउट मैनेजर ओमप्रकाश गुप्ता तथा कांस्टेबल अरविन्द कुमार की उपस्थिति में विशेष क्रिटिकल कॉरिडोर टीम को आईआरएडी प्रणाली के संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान ब्रेथ एनालाइज़र, स्पीड रडार गन, डेसीबल मीटर एवं बॉडी-वॉर्न कैमरा के समुचित एवं प्रभावी उपयोग की जानकारी दी गई, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित डेटा के सटीक संकलन, ऑनलाइन अपलोडिंग एवं त्वरित विश्लेषण पर विशेष बल दिया गया। गोष्ठी के दौरान अधिकारियों द्वारा सीसी टीम को निर्देशित किया गया कि वे प्रशिक्षित तकनीकी उपकरणों एवं डिजिटल प्रणाली का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन तथा पीड़ित पक्ष को शीघ्र सहायता एवं न्याय प्रदान करें, जिससे जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके।

# पदचिह्न के आधार पर विभाग का दावा- महराजगंज गया तेंदुआ

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर



क्षेत्र के सिसवा गोपाल गांव के सरेह में वन विभाग द्वारा लगाए गए जाल को फाड़कर भागे तेंदुए का तीसरे दिन भी कुछ सटीक पता नहीं चला। हालांकि थर्मल ड्रोन की मदद से की जा रही तलाश में सरेह में कुछ पदचिह्न मिले हैं, जिसके आधार पर विभाग का दावा है कि जाल फाड़कर भागने वाले दिन ही तेंदुआ महराजगंज जिले के निचलौल जंगल में चला गया। उधर, डीएफओ के नेतृत्व में टीम ने गांव और आसपास के खेतों में कांबिंग की। पर्याप्त संसाधन नहीं होने के कारण टीम ने गन्ने खेतों में जाने से परहेज किया। एहतियात के तौर पर गांव में टीम कैंप कर रही है। गांव वालों को सतर्क रहने के लिए मुनादी कराई गई। मालूम हो कि सिसवा गोपाल गांव में वन विभाग के जाल में फंसा तेंदुआ जाल फाड़कर दो दिन पूर्व भाग गया था। इस दौरान दो लोग जख्मी हो गए। उसकी तलाश की गई पर कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बलरामपुर जिले के सुहेलवा वन्य जीव प्रभाग से लाए गए थर्मल ड्रोन की मदद से प्रशिक्षकों ने रविवार को करीब चार घंटे सरेह में तेंदुए को ट्रेस करने का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला। ड्रोन कैमरे में कुछ पदचिह्न दिखे, जांच में वह तेंदुए के ही निकले, जिसके आधार पर विभाग का दावा है कि जिस दिन जाल फाड़कर तेंदुआ भागा था, उसी रात को वह महराजगंज जिले के निचलौल जंगल में चला गया था। महराजगंज में शनिवार को एक तेंदुए ने युवती पर हमलाकर मार डाला था।

# चोरी के सामान के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार, बाल सुधार गृह भेजा

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़

जिले की उदयपुर थाने की पुलिस ने थाना इलाके के मुबारकपुर गांव में घर की दीवार तोड़कर चोरी करने वाले दो नाबालिग चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है मिली जानकारी के अनुसार थाना इलाके के मुबारकपुर गांव में रविवार रात अज्ञात चोरों ने एक घर के पीछे की दीवार तोड़कर घर मे घुसे। जहां बक्से का ताला तोड़कर नगदी व जेवरात चोरी कर फरार हो गए। जिसके बाद पीड़ित ने चोरी की सूचना थाने पर दी। पुलिस तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई थी। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय व सीओ लालगंज आशुतोष मिश्रा के कुशल पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एसआई संजय यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की घटना से संबंधित दो नाबालिग आरोपियों को थाना इलाके के राजापुर कोट मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के कब्जे से चोरी के जेवरात के साथ ही दो हजार सात सौ पचासी रुपये नकद बरामद किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई के बाद सोमवार को दोनों नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेज दिया।

# कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले 13 किन्नरों पर दर्ज हुआ मुकदमा, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की नगर कोतवाली थाने की पुलिस ने कानून एवं शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले किन्नरों के दो गुटों से कुल तेरह किन्नरों पर मुकदमा दर्ज करते हुए रविवार को जेल भेज दिया। किन्नरों पर आरोप है कि ये आये दिन इलाके पर कब्जे को लेकर व पैसे की वसूली को लेकर मारपीट करते हुए शांति व्यवस्था भंग करते हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली थाना इलाके में जेल रोड के पीछे पैसे की वसूली को लेकर किन्नरों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। सूचना मिलते ही एसआई प्रशांत दूबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मौके पर किन्नर अंजली सिंह उर्फ लवलेश उर्फ मंगल उर्फ अंजली सखी एवं किन्नर जोया गुरु मिस्बा के गुटों में लाठी डंडा व लोहे की राड से जान से मारने की नियत से एक-दूसरे पर प्रहार कर रहे थे व गाली गलौज करते हुए मार पीट कर रहे थे। इस दौरान जब पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो किन्नरों ने पुलिस वालों से धक्का मुक्की किया। पुलिस द्वारा जब पकड़ने का प्रयास किया गया तो दोनो पक्ष उग्ररूप धारण करते हुये मौके से भाग गये। जिससे मौके पर अफरा-तफरी का महौल व्याप्त हो गया था। आरोप है कि ये लोग आये दिन डरा धमका कर क्षेत्र में अवैध धन वसूली का काम करते है व इन लोगो में आपस मे इलाके पर कब्जा करने के लिये विवाद व लडाई झगडा करते रहते है। जिससे क्षेत्र में भय व दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों द्वारा संगठित गिरोह भी चलाया जाता है और दोनों पक्ष एकदूसरे को जहां देखते हैं मारपीट करने पर अमादा हो जाते हैं और सरकारी सम्पति क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करते हैं। साथ ही जो भी पुलिसकर्मी इन्हें समझाने का प्रयास करते हैं उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हैं। जेल जाने वाले किन्नरों में कोहंडौर भनईपुर का अंजली सिंह उर्फ लवलेश, मुस्कान, कंधई धर्मापुर का नैना, मानधाता का नीतू उर्फ नसीप खलीफा, प्रियंका मौर्य, रानीगंज नरी का शर्मीली, चंदौली चौबीपुर सुनई बथरा खुद का मोहित यादव उर्फ राखी, अचलपुर का निशा चौहान, मिस्बा, जोया, कशिश, माहनी और किमी का नाम शामिल है। सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशांत राज हुड्डा ने बताया कि एक पक्ष से 6 और दूसरे पक्ष से सात किन्नरों समेत कुल 13 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया जहां से इन सबको जेल भेज दिया गया।

# गोकशीकांड के 48 घण्टे के अंदर पुलिस ने मुठभेड़ में पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले के देल्हूपुर थाना इलाके के बरसंडा गांव के निकट चेकिंग के दौरान देल्हूपुर पुलिस व स्वॉट टीम ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी और पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

बता दें कि बीते शनिवार की रात देल्हूपुर थाना इलाके के बरसंडा गांव निवासी जगदीश बहादुर सिंह के घर के बाहर बंधी उनकी दो गायों को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पगहा सहित खोलकर चोरी कर लिया गया। कुछ देर बाद पता चला कि पड़ोसी आकाश सिंह की गायें भी चोरी हो गई हैं। खोजबीन के दौरान गांव के समीप स्थित नदी किनारे आकाश सिंह की गायों के अवशेष प्राप्त हुए थे। जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ गौहत्या निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। मौके पर पहुंचे विधायक धीरज ओझा ने कहा था कि अगर चौबीस घण्टे के अंदर आरोपी नहीं पकड़े गए तो हाइवे चक्काजाम कर देंगे। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में घटना के त्वरित अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित टीमों द्वारा सतत रूप से साक्ष्य संकलन, सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण एवं संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी। उसी क्रम में पुलिस ने 48 घण्टे के अंदर घटना का सफल अनावरण करते हुए इसमें संलिप्त अभियुक्तों की पहचान की गई और सोमवार को एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी देल्हूपुर राधेबाबू व स्वॉट टीम प्रभारी अमित चौरसिया के साथ ही सर्विलांस टीम के सहयोग से देल्हूपुर थाना इलाके के बरसंडा गांव के समीप जंगल के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्तों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग की गयी। पुलिस द्वारा जबाबी फायरिंग में प्रयागराज जिले के मऊआइमा थाना इलाके के रहने वाले एक शातिर अभियुक्त मो. नौशाद कुरैशी के दाहिने पैर में लगी गोली और गिरफ्तार किया गया। हालांकि मौके से उसके तीन साथी फरार हो गए। पुलिस ने घायल अभियुक्त को ईलाज हेतु जिला अस्पताल प्रतापगढ़ भेजा गया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा, दो खोखा कारतूस एवं दो कारतूस के साथ ही एक पल्सर बाइक बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि हम चारों लोगों ने तीन दिन पहले ग्राम बरसण्डा से चोरी करके तीन गाय काटी थी। आज हम लोग अन्य गाय की रेकी के लिए घूम रहे थे आप लोगों को देखकर डर की बजह से भाग रहे थे। पुलिस गिफ्तार अभियुक्त के अन्य साथियों की तलाश सरगर्मी से कर रही है।

# हमने आक्रांताओं को भी बनाया महान, अब सुधार


जन एक्सप्रेस | देवरिया

देवरही माता मंदिर में सोमनाथ व सिंधी मिल बस्ती द्वारा हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें हिंदू समाज को जाति पाति से हटकर एकजुट रहने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिंदू समाज ने आक्रातांओं को भी महान मान लिया और देश भर में उनके नाम पर सड़कें बन गईं। अब इसे सुधारना होगा।

मुख्य अतिथि जिला प्रचारक आकाश ने कहा कि हिन्दू समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है। हिंदू बहन बेटियों को लव जिहाद से बचना होगा। पूर्व प्राचार्य अवधेश सिंह, गायत्री शक्ति पीठ के बाबू सिंह, चंदा त्रिपाठी आदि ने भी संबोधन किया। संचालन अनिल मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष मिश्र अमन ने किया। इस दौरान दिनेश चौरसिया, पवन उदयपुरिया, विनोद पांडेय, सतीश पांडेय, श्वेता पाण्डेय ने अतिथियों का सम्मान किया।

# दहेज हत्या में एक महिला सहित चार गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले की कुण्डा कोतवाली थाने की पुलिस ने दहेज हत्या के तहत दर्ज मुकदमे में एक महिला समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया।

मालूम हो कि कुंडा कोतवाली थाना इलाके के बरई पनाहनगर गांव निवासी हरिश्चन्द्र पटेल की बेटी तनूजा ( 23 वर्ष ) की शादी अप्रैल 2025 को कुंडा के तिलौरी गांव निवासी राजेन्द्र पटेल के साथ हुई थी। तीन दिनों पहले ही राजेन्द्र अपनी पत्नी तनूजा को ससुराल से विदाई कराकर घर ले आया। रविवार सुबह तनूजा की तबियत खराब होने पर राजेन्द्र उसे सीएचसी ले गया जहां उसकी मौत हो गई थी। खबर मिलते ही मायके से परिजन पहुंचे और दहेज में बुलेट न दिए जाने को लेकर हत्या का आरोप लगाने लगे। परिजनों का कहना था कि विवाहिता को दहेज के लिए ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जाता था। मृतका के पिता हरिश्चन्द की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति, ससुर व सास समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। आरोपियों की गिरफ्तारी के क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमे के चारों आरोपियों को थाना इलाके के तिलौरी मोड के आगे नहर के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चारों आरोपियों को सोमवार को जेल भेज दिया।

# टाई ब्रेकर में तमकुहीराज ने जीता उद्घाटन मैच



जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

शहीद रामानंद खेल समिति पचरुखिया की तरफ से रविवार को जिला स्तरीय पांच दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

इसमें टाई ब्रेकर में तमकुहीराज की टीम 5-3 गोल के अंतर से उद्घाटन मैच अपने नाम कर लिया। फाजिलनगर के पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने पडरौना और तमकुहीराज के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उद्घाटन मैच शुरू कराया।

इसके बाद आमने-सामने हुई दोनों टीम के खिलाड़ियों ने जबरदस्त खेल कौशल का परिचय दिया। 40 मिनट हुए इस खेल में दोनों टीम एक-एक गोल की बराबरी पर रहीं, जिसके चलते हार जीत का निर्णय टाई ब्रेकर से लिया।

इसमें तमकुहीराज की टीम ने 5-3 गोल के अंतर से मैच जीत कर विजेता घोषित हुई। इस दौरान ग्राम प्रधान सुरेश कुशवाहा, इरफान मसूरी, जावेद आलम,अशोक गुप्ता, आशिफ, शकील आदि मौजूद रहे।

# करंट से लाइनमैन की मौत, तीन घंटे ट्रांसफॉर्मर पर लटका रहा शव

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

लार थाना क्षेत्र के मझवलिया नंबर तीन गांव में रविवार शाम करीब पांच बजे ट्रांसफॉर्मर पर चढ़कर बिजली का तार जोड़ रहे एक संविदा लाइनमैन की मौत हो गई। हादसे के बाद तीन घंटे तक शव ट्रांसफॉर्मर पर लटका रहा। देर शाम नायब तहसीलदार व बिजली विभाग के एसडीओ के पहुंचने पर ट्रांसफॉर्मर से शव को उतारा गया। मौके पर पुलिस पहुंची छानबीन में जुट गई।

धरहरा निवासी मुख्तार साहनी (30) पुत्र स्व. विश्वनाथ साहनी फरियावडीह विद्युत उपकेंद्र पर संविदा लाइनमैन है। रविवार की शाम लगभग पांच बजे मझवलिया गांव में किसी के यहां बिजली का तार जोड़ने गया था।

# योगी सरकार ने दिव्यांगजनों को बनाया आत्मनिर्भर : मंत्री नरेन्द्र कश्यप

जन एक्सप्रेस | प्रतापगढ़



जिले में सोमवार को राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) नरेन्द्र कश्यप ने श्रीराम वाटिका चिलबिला में दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा दिव्यांगजनों द्वारा अपने कौशल, परिश्रम और रचनात्मकता से तैयार किए गए विभिन्न उत्पादों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बीते साढ़े आठ वर्षों से प्रदेश के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, स्वावलंबी और सम्मानजनक जीवन देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, स्टिल सहित अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के कौशल विकास और रोजगार सृजन के उद्देश्य से प्रदेश भर में दिव्य कला एवं कौशल प्रदर्शनियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे दिव्यांगजन अपने हुनर को मंच प्रदान कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा राज्य है, जहां दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु दो विशेष विश्वविद्यालय डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ और जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें लगभग छः हजार दिव्यांग विद्यार्थी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि रोजगार के क्षेत्र में भी दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार द्वारा विशेष योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनके अंतर्गत दुकान संचालन हेतु दस हजार रुपए तथा दुकान निर्माण हेतु बीस हजार रूपए की सहायता राशि आसान किस्तों पर उपलब्ध कराई जा रही है। इस दौरान विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सरकारी सहायता कौशल विकास एवं रोजगार के अवसरों में दिव्यांगजनों से अपील की कि वह बढ़ चढ़कर हिस्सा लें। उप निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग प्रयागराज मंडल प्रयागराज अभय कुमार श्रीवास्तव द्वारा दिव्यांग अधिकार अधिनियम एवं विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिलामंत्री रामजी मिश्रा सहित नारायण यादव, अमित कुशवाहा, अनिरुद्ध नारायण तिवारी हर्ष सिंह, राकेश कुमार सरोज, संजय शर्मा एवं बड़ी संख्या में दिव्यांगजन सामाजिक कार्यकर्ता स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र ओझा ने किया।

# जौनपुर में दिल दहला देने वाली वारदात

## युवक को पीटकर किया बेहोश हमलावर काटकर ले गए पैर का पंजा

### इलाके में दहशत








जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र के खलीलपुर गांव में शनिवार रात एक सनसनीखेज और अमानवीय घटना सामने आई है।

यहां दो हमलावरों ने एक युवक को बेरहमी से पीटकर बेहोश कर दिया और धारदार हथियार से उसका पैर का पंजा काटकर अपने साथ ले गए। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

घायल युवक की पहचान 25 वर्षीय सूरज भास्कर के रूप में हुई है, जो नीट की तैयारी कर रहा है। फिलहाल उसका इलाज जौनपुर जिला अस्पताल में चल रहा है।

### घटना का पूरा घटनाक्रम

बताया जा रहा है कि सूरज भास्कर अपने घर से करीब 100 मीटर दूर सड़क किनारे बन रहे नए मकान में रात के समय पढ़ने और सोने जाया करता था।

शनिवार रात करीब 12~30 बजे वह सड़क पर टहल रहा था, तभी पीछे से आए कुछ युवकों ने उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

बेरहमी से पिटाई के बाद युवक बेहोश हो गया।

सुबह करीब पांच बजे जब सूरज को होश आया तो उसने खुद को खेत में पड़ा पाया। उसके बाएं पैर का पंजा गायब था, जिसे हमलावर काटकर ले गए थे।

इसके बाद किसी ने परिजनों को सूचना दी।

### पुलिस की कार्रवाई

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस मामले में सूरज के बड़े भाई आकाश भास्कर की तहरीर पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुलिस का बयान

सीओ सिटी गोल्डी गुप्ता ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है।

शुरुआती जांच में घटना का संबंध प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है।

पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

### इलाके में दहशत

घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। लोग इस नृशंस वारदात से सहमे हुए हैं और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

# हौसले से ही व्यक्ति को मुकाम मिलता है: उपेन्द्र यादव


जन एक्सप्रेस। बस्ती



हर्रैया। हर्रैया क्षेत्र के डीआरसी राष्ट्रीय सैनिक विद्यालय कृष्ण कुंज भीटी मिश्र के प्रांगण में वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सात दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर जहां अपर आयुक्त जीएसटी बतौर मुख्य अतिथि तथा योग गुरु से नाम से मशहूर वरिष्ठ सर्जन डॉक्टर दीनानाथ पटेल विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा पुष्पर्चन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय में संपन्न प्रतियोगिता खो-खो, सुई धागा दौड़, रस्सी कूद, जैवलिन थ्रो, गोला क्षेपण, लंबी कूद, ऊंची कूद, कबड्डी रिले रेस सहित अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं में सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर के सील देकर उन्हें सम्मानित किया गया। छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा की खेल हमेशा प्रतियोगी भाव से खेलना चाहिए प्रतिशोधी भाव से नहीं, उन्होंने कहा कि खेल ही एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बाल खेल से ही मानसिक विकास होता है खेल से ही बच्चों का बौद्धिक विकास भी होता है। विशिष्ट अतीथि और सर्जन डॉक्टर दीनानाथ पटेल ने छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा की छोटे मंच से ही बेहतर प्रदर्शन के बाद बड़ा मंच मिलता है ।उन्होंने कहा की किसी भी प्रतियोगिता में हमें हमेशा हौसला और सफलता का भाव लेकर ही उतरना चाहिए क्योंकि हौसले से ही सफलता की मंजिल मिलता है ।किसी भी मंजिल तक पहुंचने के लिए कठिन अभ्यास की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि हमेशा कोई भी जीवन में कार्य करें तो लगन और परिश्रम से करना चाहिए क्योंकि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आज खेल की दुनिया में जो भी खिलाड़ी बुलंदियों पर पहुंचे हैं। वे भी छोटे मंच से ही उस मुकाम तक पहुंचे हैं।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवनाथ पाण्डेय, शिक्षक बाबूलाल वर्मा, रवि प्रताप, बृजेश प्रताप, मनीष कुमार वर्मा, कृष्ण कुमार, ज्योति सिंह, अनुपम वर्मा, उत्कर्ष पटेल, किरन पांडे, पदमशरण, वेदषी पाण्डेय, यशवंत आदि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंध निदेशक महंथराम वर्मा ने सभी सफल छात्र छात्राओं को शुभकामना देते हुए अतिथियों के प्रति आभार जताया।

# सुईथाकला ब्लॉक में टेंडर पर 'महाभारत', भारी पुलिस पहरे में 17 फर्मों ने डाले आवेदन



## जौनपुर में पहली बार बॉक्स प्रणाली से हुई प्रक्रिया, जांच रिपोर्ट तक सील रहेगा निविदा पेटी

## टेंडर देखने उमड़ी भीड़, बिना खुलासे मायूस लौटे लोग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

सुईथाकला क्षेत्र पंचायत की 84 विकास कार्यों की निविदा प्रक्रिया एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। सोमवार को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच 17 फर्मों ने टेंडर बॉक्स में अपने आवेदन डाले, लेकिन जिलाधिकारी द्वारा गठित जांच टीम की रिपोर्ट आने तक निविदा पेटी को सील कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जांच आख्या मिलने के बाद ही टेंडर खोले जाएंगे।

जौनपुर के इतिहास में यह पहला मौका रहा जब क्षेत्र पंचायत स्तर पर टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह बॉक्स प्रणाली से सार्वजनिक रूप में कराई गई। इससे पहले निविदा डालने की प्रक्रिया पर गोपनीयता और मिलीभगत के गंभीर आरोप लगते रहे हैं। आम जनता और जनप्रतिनिधियों को यह तक पता नहीं चल पाता था कि किस फर्म ने कब टेंडर डाला। इस बार निविदादाताओं की उपस्थिति में फार्म जमा कराए गए, जिससे पारदर्शिता का संदेश तो गया, लेकिन विवाद खत्म नहीं हुआ।

करीब पंद्रह दिन पूर्व क्षेत्र पंचायत ने 84 विकास कार्यों की निविदा कुछ समाचार पत्रों में प्रकाशित कराई थी। 19 जनवरी को टेंडर खोलने की तिथि तय थी, लेकिन इससे पहले ही आधा दर्जन क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने प्रक्रिया पर सवाल खड़े कर दिए। सदस्य अनिता देवी, अनिता वर्मा, सूर्यभान यादव, राजेश कुमार बिंद सहित अन्य प्रतिनिधियों ने 16 जनवरी को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पूरी प्रक्रिया की जांच कराने की मांग की थी।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि क्षेत्र पंचायत की बैठक बुलाए बिना ही ब्लॉक प्रमुख विद्या देवी द्वारा बार-बार टेंडर निकाले जा रहे हैं, जो पंचायती राज नियमावली के विपरीत है। सदस्यों का कहना है कि विकास कार्यों का प्रस्ताव सदन में चर्चा और अनुमोदन के बाद ही पास होना चाहिए, लेकिन यहां मनमाने ढंग से सूची तैयार कर निविदा प्रकाशित कर दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी ऐसी ही शिकायतों के बाद 45 कार्यों की निविदा जांच उपरांत निरस्त की जा चुकी है।

सोमवार को टेंडर खुलने की तिथि होने के कारण ब्लॉक मुख्यालय पर सुबह से ही मेले जैसा माहौल रहा। पक्ष-विपक्ष के नेता, ठेकेदार और आम लोग बड़ी संख्या में जमा रहे। संभावित टकराव की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने पीएसी और स्थानीय पुलिस का कड़ा पहरा लगा दिया था। खंड विकास अधिकारी जितेंद्र सिंह ने निविदादाताओं के सामने घोषणा की कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जांच पूरी होने तक बॉक्स नहीं खोला जाएगा।

बीडीओ ने सभी 17 निविदाओं को विधिवत सील कराते हुए कहा कि रिपोर्ट मिलते ही नियमानुसार सभी आवेदकों की मौजूदगी में बॉक्स खोला जाएगा। इस फैसले से शिकायतकर्ता सदस्यों ने राहत की सांस ली, जबकि कई फर्मों में असमंजस और नाराजगी भी देखी गई। टेंडर प्रक्रिया को पहली बार देखने पहुंचे सैकड़ों लोग बिना किसी नतीजे के मायूस लौट गए।

मामले ने जिले की सियासत को गरमा दिया है। विपक्ष इसे भ्रष्टाचार का बड़ा खेल बता रहा है, जबकि सत्ता पक्ष पारदर्शिता की दलील दे रहा है। जानकारों का मानना है कि निष्पक्ष जांच और खुली प्रक्रिया से ही विकास कार्यों में जनता का भरोसा लौट सकेगा। अब सबकी नजर जिलाधिकारी की गठित टीम पर है, जिसकी रिपोर्ट ही तय करेगी कि सुईथाकला क्षेत्र पंचायत की यह निविदा आगे बढ़ेगी या फिर पिछली बार की तरह रद्दी की टोकरी में जाएगी।

# सख्ती के साथ संवेदनशीलता की मिसाल बने एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

वर्दी को अक्सर सख्ती और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है, लेकिन जब उसी वर्दी के भीतर संवेदना, दया और करुणा झलकने लगे, तो वह पुलिसिंग मिसाल बन जाती है। बीते दिनों एक प्रकरण के दौरान मौके पर पहुंचे एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव की एक तस्वीर इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसे पुलिस विभाग के साथ-साथ आमजन द्वारा भी सराहा जा रहा है।

तस्वीर में एक ओर कानून की दृढ़ता स्पष्ट नजर आती है,

तो दूसरी ओर मानवीय संवेदना की झलक भी दिखती है। यही कारण है कि लोग एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव को ऊपर से सख्त, भीतर से करुणा से भरे अधिकारी के रूप में देख रहे हैं। यह तस्वीर उस पुलिसिंग का प्रतीक बन गई है, जहां अधिकारी केवल आदेश देने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि सामने खड़े व्यक्ति की पीड़ा को भी समझता है।

बतौर आईपीएस अधिकारी आयुष श्रीवास्तव ने जौनपुर में अपने कार्यकाल के दौरान यह साबित किया है कि प्रभावी पुलिसिंग का अर्थ केवल अपराध नियंत्रण नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतना भी है। मामलों को देखने का उनका संवेदनशील और मानवीय दृष्टिकोण उन्हें अन्य अधिकारियों से अलग पहचान देता है।

किसी भी गंभीर या संवेदनशील घटना में उनकी मौके पर मौजूदगी से हालात स्वत~ नियंत्रित हो जाते हैं। पीड़ितों से संवाद, परिजनों को भरोसा और दोषियों के प्रति सख्त रुख इन तीनों के बीच संतुलन उनकी कार्यशैली की सबसे बड़ी विशेषता मानी जा रही है।

यही वजह है कि आमजन के बीच यह धारणा मजबूत हो रही है कि एसपी सिटी आयुष श्रीवास्तव जहां पहुंचते हैं, वहां व्यवस्था और भरोसे का माहौल बन जाता है। उनकी कार्यप्रणाली यह संदेश देती है कि पुलिस यदि चाहे, तो वह डर का नहीं, बल्कि विश्वास का प्रतीक बन सकती है।

जौनपुर में तैनात यह युवा आईपीएस अधिकारी आज केवल एक प्रशासनिक पद तक सीमित नहीं, बल्कि बेहतरीन,

संवेदनशील और आदर्श पुलिसिंग की पहचान बनते जा रहे हैं जहां कानून और इंसानियत दोनों समान रूप से साथ चलते हैं।

# दबंगों ने महिला को पीटा, तीन नामजद पर मुकदमा दर्ज




जन एक्सप्रेस। बस्ती

हरैया थाना क्षेत्र के महेवा कुंवर गांव में दबंगों द्वारा एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता पूनम सिंह की तहरीर पर पुलिस ने प्रदीप, नतिन और अनिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला किया और मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया और बयान दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाराबंकी की घटना को लेकर लामबंद हुए अधिवक्ता, सौंपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस। बस्ती

हर्रैया। बाराबंकी में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना के विरोध में बस्ती जनपद के अधिवक्ता एकजुट हो गए। हर्रैया तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमाकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने चौकड़ी टोल प्लाजा पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। इसके बाद टोल मैनेजर को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

अधिवक्ताओं ने घटना की कड़ी निंदनीय करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ताओं के सम्मान और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं ने टोल प्लाजा पर कर्मचारियों के व्यवहार, सुरक्षा व्यवस्था, भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने तथा पीड़ित अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई। इस दौरान ज्ञापन देने में अध्यक्ष उमाकांत तिवारी, महामंत्री अमरनाथ पांडेय, उपाध्यक्ष संतोष पांडेय, पवन वर्मा, दीनदयाल दुबे, विकास पांडेय, अनंत कुमार वर्मा, विकास भारद्वाज, रामचंद्र यादव, राधेश्याम तिवारी, अशोक तिवारी, विष्णुकांत मिश्रा, रजनीश मिश्रा, बालकृष्ण पांडेय, शिवपाल यादव, अमित कुमार पांडेय, अवनीश कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# मनोरमा में जल कम, जलकुंभी अधिक: चन्द्रमणि पाण्डेय

जन एक्सप्रेस। बस्ती



हर्रैया। महाभारत व रामायण काल की साक्षी, गंगा के समान पवित्र एवं मोक्षदायिनी मानी जाने वाली मनोरमा नदी की बदहाल स्थिति को लेकर भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने गहरी चिंता व्यक्त की है। दशकों से मनोरमा नदी की सफाई तथा इसे सरयू नदी से जोड़ने की मांग उठाते आ रहे श्री पाण्डेय इन दिनों नदी तट पर स्थित मंदिरों, धर्मशालाओं एवं प्रमुख घाटों के आसपास उसकी वास्तविक स्थिति का स्थलीय निरीक्षण कर रहे हैं तथा जनसहभागिता के माध्यम से व्यापक रणनीति तैयार के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत झुंगीनाथ मंदिर से पंडूलघाट तक मनोरमा नदी का स्थिति देखा। उन्होंने पाया कि इस पूरे क्षेत्र में नदी में जल की मात्रा अत्यंत कम है, जबकि जलकुंभी का अत्यधिक फैलाव नदी की धारा को अवरुद्ध कर रहा है। इससे न केवल नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है, बल्कि पौराणिक व धार्मिक महत्व वाली इस नदी का अस्तित्व भी संकट में पड़ता जा रहा है। श्री पाण्डेय ने बताया कि पंडूलघाट के निकट नदी किनारे मांस-मछली की दुकानें संचालित हो रही हैं, जिनसे निकलने वाला अपशिष्ट सीधे नदी में डाला जा रहा है। इसके अतिरिक्त आसपास के क्षेत्रों से कूड़ा-कचरा भी नदी में फेंका जा रहा है तथा कई स्थानों पर नदी की धारा में अनाधिकृत अतिक्रमण पाया गया है। स्थानीय नागरिकों ने उन्हें अवगत कराया कि पूर्व सांसद द्वारा घाट का निर्माण तो कराया गया था, किंतु वर्तमान जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों द्वारा नदी संरक्षण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है। इस अवसर पर चन्द्रमणि पाण्डेय 'सुदामा' ने कहा कि मनोरमा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और इतिहास की जीवंत धरोहर है। इसकी उपेक्षा भविष्य के लिए गंभीर संकट को जन्म देगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शीघ्र ही प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभागों को उनके दायित्वों का बोध कराने के लिए एक ठोस रणनीति तैयार कर विशेष जन-अभियान चलाया जाएगा, ताकि मनोरमा नदी की सफाई, संरक्षण और पुनर्जीवन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे मनोरमा को बचाने के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता करें, क्योंकि जनसहयोग के बिना किसी भी पौराणिक धरोहर का संरक्षण संभव नहीं है।

# ग्राम दुर्गापुर में निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित, 53 मरीजों की जांच



## 13 मोतियाबिंद पीड़ित ऑपरेशन हेतु रेफर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शिवराजपुर ब्लॉक के ग्राम दुर्गापुर स्थित उमा रमा पार्टी लॉन में आज एक निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान नेत्र परीक्षक डॉ. उपदेश सिंह यादव द्वारा कुल 53 मरीजों की आंखों की जांच की गई। जांच के उपरांत 13 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें आगे के इलाज एवं ऑपरेशन के लिए साईं हॉस्पिटल, कानपुर रेफर किया गया है। आयोजकों ने बताया कि चयनित सभी मरीजों का ऑपरेशन, दवाएं एवं चश्मा पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।स्वास्थ्य सेवाओं को गांव तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर को ग्रामीणों ने सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और उत्साह देखने को मिला।इस अवसर पर निर्मल यादव, राजकुमार, मुन्नालाल, प्रियशू, धनंजय सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

# अधिवक्ताओं के हित में बड़ी पहल: टोल फ्री सुविधा और सुरक्षा कानून की मांग, मुख्यमंत्री को सौंपा गया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर बार एसोसिएशन एवं द लॉयर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से मुक्त किए जाने और अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी बिल्हौर के माध्यम से प्रेषित किया गया।पदाधिकारियों ने ज्ञापन में अवगत कराया कि प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर अधिवक्ताओं के साथ आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे उनके कार्य में बाधा आती है। हाल ही में बाराबंकी के हैदरगढ़ टोल प्लाजा से जुड़ा मामला शासन स्तर तक पहुंचा, जिसके बाद प्रशासनिक कार्रवाई भी की गई।बार प्रतिनिधियों ने कहा कि अधिवक्ता समाज में न्याय, अधिकारों और सामाजिक सरोकारों के लिए निरंतर संघर्ष करते हैं। उनके कार्य की प्रकृति ऐसी है कि उन्हें नियमित रूप से न्यायालयों, प्रशासनिक कार्यालयों और विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में पूरे उत्तर प्रदेश में अधिवक्ताओं को टोल टैक्स से मुक्त किया जाना न्यायोचित और व्यवहारिक कदम होगा।

साथ ही, उन्होंने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को तत्काल प्रभाव से लागू करने की मांग करते हुए कहा कि इससे अधिवक्ताओं को कार्यस्थल और क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान सुरक्षा मिलेगी तथा कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती प्राप्त होगी। इस अवसर पर बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश कुमार कटियार महामंत्री सौरभ कटियार, द लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण कटियार महामंत्री राजीव कुमार ,पूर्व महामंत्री बार एसोसिएशन अमित श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में सरकार से अधिवक्ताओं के हित में शीघ्र ठोस और सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की।

# जवाहर लाल इंटर कॉलेज में संस्थापकों की प्रतिमाओं का अनावरण, शैक्षिक परंपरा को सहेजने का संदेश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर के पनकी रोड जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज में सरस्वती की प्रतिमा के साथ विद्यालय के संस्थापक/ प्रबंधक स्वर्गीय नवाब सिंह और पूर्व प्रधानाचार्य/ प्रबंधक स्वर्गीय शिव स्वरूप तिवारी की प्रतिमाओं का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। प्रतिमाओं का अनावरण अवधूत भगवान राम सेवा आश्रम, मुंबई के पीठाधीश्वर बाबा अलख राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में को-ऑपरेटिव स्टेट चेयरमैन, दादानगर विजय कपूर ने विद्यालय को उपलब्ध कराई गई आरओ मशीन और वाटर कूलर का भी अनावरण किया। वक्ताओं ने कहा कि संस्थापकों के आदर्श और मूल्य आज भी विद्यालय की शैक्षिक संस्कृति का आधार हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मल तिवारी, प्रबंधक अनुज राजावत, अध्यक्ष प्रतीक तिवारी, कोषाध्यक्ष जगदीश शुक्ल, क्षेत्रीय पार्षद आनंद शुक्ला, रजनीश सिंह, राहुल शुक्ला, अतुल शुक्ला, राजेश सिंह, शिरोमणि सिंह, देवी सहाय तिवारी, दिग्विजय सिंह, जगपाल सिंह, अंश सिंह सहित प्रबंध समिति के पदाधिकारी तथा प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में युवक व उसकी मां पर जानलेवा हमला

## लोहे की रॉड से पीटकर गंभीर किया

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



ककवन थाना क्षेत्र में दबंगों द्वारा शराब के नशे में एक युवक और उसकी मां पर घर में घुसकर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसादपुरवा खंड रहीमपुर विषधन निवासी दीपक पुत्र स्वर्गीय बाबूराम गलेबाज अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही महेश पुत्र धनीराम, सर्वेश पुत्र धनीराम, चंद्रपाल पुत्र स्व. रामनाथ, संतराम पुत्र चंद्रपाल तथा 3-4 अज्ञात साथी वहां पहुंचे और रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट करने लगे।

विरोध करने पर आरोपी घर में घुस आए और दीपक व उसकी मां के साथ गाली-गलौज करते हुए लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में दीपक के दाहिने हाथ और आंख में गंभीर चोटें आईं, जबकि उसकी पीठ पर भी रॉड के निशान पाए गए हैं। पेट पर वार के बाद उसकी हालत बिगड़ गई और खून की उल्टियां होने लगीं, जिससे उसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

# प्रापर्टी डीलरों की महिमा अपरम्पार भू स्वामियों को बना दिया किराएदार

## ना लाइसेंस ना रजिस्ट्रेशन न कोई मानक खरीद लिया किसानों का खेत और खेत के आस पास उनके खेत की शोभा में रोड़ा उत्पन्न करता तो झेलना पड़ता है प्रापर्टी डीलरो का प्रकोप



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** प्रापर्टी डीलरों की दबंगई आए दिन सामने आती रहती है होता यह है प्रापर्टी डीलर खेत भूमि खरीद लेते और उक्त प्लाट के आगे कही कोई रोड़ा बना हो तो फौरन उसे दबंगई से हटा देते न हटा पाने पर न्यायालय को गुमराह किया जाता बात करते हैं रहस्यमई घाटा संख्या 431 जिसका बैनामा होते हुए तो सहन यानि सामने रह रहे 50 सालो से पट्टे धारको को किराएदार बना दिया न्यायालय में वाद डाल दिया गया जबकि गाटा संख्या 431 किसान की भूमि जो बाद में प्रापर्टी डीलर ने खरीदा और गाटा संख्या 443 जो ग्राम समाज की भूमि है। जिसका कई दशकों पहले पट्टा हुआ ग्रामीण काबिज़ होते आ रहे हैं गौरतलब है कि तहसील लखीमपुर व ब्लाक फूलबहेड़ की ग्राम पंचायत महेवा के गांव बुढ़नापुर मझरा फार्ममें एक किसान बाबू पठान के पुत्र वाशिर से खेत गाटा संख्या 431 क्षेत्रफल 1.306 हे0 प्रापर्टी डीलर आशीष गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता, दिलीप चंद्र पुत्र हुलास चन्द्र,मनीष जैन विनय जैन पुत्र धर्मसिंह ने बैनामा कराया था उस बैनामे की आंड़ अपनी भूमि की कीमत बढ़ाने के लिए गाटा संख्या 431 के सामने गाटा संख्या 443 आदि में इन प्रापर्टी डीलरों ने न्यायालय को गुमराह करते हुए वाद डाला जिसमें असली भू-स्वामी गाटा संख्या 443 के भू स्वामियों को किरायेदार बताकर न्यायालय को गुमराह करने वाले इन प्रापर्टी डीलर आये दिन उनके प्लाटों के आगे ग्राम समाज की भूमि पर 50 साल पट्टे धारकों को आये दिन प्रताड़ित किया जा रहा है।

जबकि उक्त प्रापर्टी डीलरों का गाटा संख्या 443 से न कोई वास्ता न कोई सरोकार है।धन बल के दंमपर प्रापर्टी डीलरों द्वारा गरीबों को प्रताड़ित किया जा रहा है जो जांच का विषय है। आए दिन नाप कही कुछ पूरे मामले में तहसील प्रशासन के चंद लोगों की संलिप्तता सामने आएगी इसी क्रम में सोमवार को लेखपाल पंकज तोमर द्वारा राजस्व विभाग के आदेशानुसार नाप हुयी अगर नाप और जांच निष्पक्ष हो जाए तो प्रापर्टी डीलरों के साथ साथ राजस्व विभाग के कुछ जुम्मेदार लोगों की गर्दन फंसेगी मजे की बात यह की जिस किसान के पुत्र से प्रापर्टी डीलरों ने बैनामा कराया उस बैनामें से 431 गाटा संख्या के अलावा कोई भी अतिरिक्त गाटा संख्या से उस किसान ने कहा कोई जानकारी नहीं मैं क्या जानूं प्रापर्टी डीलर द्वारा क्या खेल खेला गया गाटा संख्या 431 पर प्रापर्टी डीलर मानकों को ताक पर रख कर प्लाटिंग कर रहे और आस पास के लोगों को परेशान कर रहे इससे पहले भी प्रापर्टी डीलरों के विरुद्ध खबर प्रकाशित हुई लेकिन इन प्रापर्टी डीलरों पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा देखते हैं इन प्रापर्टी डीलर के विरुद्ध क्या कार्रवाई होगी यह भविष्य के गर्भ में है।

## निशुल्क मोतियाबिंद आई कैम्प के प्रचार वाहन को विधायक हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे

जन एक्सप्रेस। उन्नाव। उन्नाव जनपद के विकास खण्ड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर में कन्याएं देवी का स्वरूप होती है उनका पूजन हो सम्मान हो सुरक्षा हो और उन्हें दान आदि देकर सम्मानित करके समाज को उनकी शिक्षा सम्मान और सुरक्षा के प्रति जाग्रत करने के उद्देश्य से ग्राम प्रधान तारावती पाल ने आगामी 21 जनवरी को मकर संक्रांति के मधुरिम समापन के अवसर पर 251 कन्याओं का पूजन अर्चन कर सामूहिक खिचड़ी भोज के बाद उन्हें प्रतीक स्वरूप दान उपहार के रूप में भेंट कर सभी कन्याओं को मुख्य अतिथि के रूप में पधार रहे क्षेत्रीय विधायक ब्रजेश रावत के कर कमलों द्वारा सभी कन्याओं को सम्मानित और पूजित कर विदा करेंगी इस अवसर पर सामाजिक संस्था नवयुग जन चेतना द्वारा आगामी 3 फरवरी को आयोजित होने वाले निश्शुल्क मोतियाबिंद आई कैम्प के प्रचार वाहन को भी विधायक हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे। जो प्रचार वाहन पूरे क्षेत्र में भ्रमण कर गांव गांव आई कैम्प का प्रचार करेगा उक्त जानकारी ग्राम प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने देते हुए बताया कि सभी ग्राम वासी व क्षेत्रवासी इस सामूहिक समरसता भोज व कन्या पूजन में शामिल होकर पुण्य लाभ के भागीदार बनें।

# लापता युवक का नाली में शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी





जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नबाबगंज। अजगैन कस्बा निवासी लापता युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में नाली से बरामद होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट अजगैन कोतवाली में दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कस्बा अजगैन निवासी राजेश लोधी (45) पुत्र गंगाराम लोधी का शव सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में नाली में पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार, राजेश करीब 10 दिन पहले अजगैन गांव के रामदत्त कुशवाहा के घर खाना बनाने गया था। लेकिन घर नहीं पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद न मिलने पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। अजगैन पुलिस लगातार खोजबीन में लगी रही। सोमवार को कस्बा अजगैन के मोहल्ला निखौड़ा में नाली से शव मिलने की सूचना पर हड़कंप मच गया। अजगैन कोतवाली पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पत्नी शैलेंद्री और बच्चे रेनू, आशीष का रो-रोकर बुरा हाल है।

अजगैन कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर पहले से ही मुकदमा दर्ज है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्द वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच जीती पीलीभीत की टीम, हजारो दर्शक रहे मौजूद

- क्लब के अध्यक्ष हसन नकवी ने मोहम्मदी के सभी वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ियों का शाल उड़ाकर सम्मान किया



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

स्वर्गीय मंशहूर अहमद सिददीकी और अनिल कुमार श्रीवास्तव की याद मे मेहदीबाग मे आयोजित एक दिवसीय डे एण्ड नाइट हिंद बालीबाल क्लब की ओर से वॉलीबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच रात 1 बजे समाप्त हुआ, प्रातः 10ः00 बजे विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा कमेटी के अध्यक्ष हसन नकवी सभासद सुशील वर्मा, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सयुंक्त रुप से फीता काटकर मैच का उद्घाटन किया, तथा उदधाटन मैच के सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, कलब के अध्यक्ष ने आये हुऐ सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया, जिसमें पूरनपुर जिला पीलीभीत की टीम ने फाइनल मुकाबला जीता, जिसमे हजारों की सख्या मे दर्शक सुबह से रात्रि तक मौजूद रहे, सेमीफाइनल मे ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ने टूर्नामेंट में आकर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की, वही इस टूर्नामेंट मे पुलिस उपाधीक्षक अरूण कुमार सिह, उपखंड अधिकारी बरबर, बार अध्यक्ष कुलदीप सिह, पूर्व बार अध्यक्ष आलोक कुमार सिह, प्रद्युम्न मिश्रा पूर्ण पोशाक अध्यक्ष मोहम्मद हाशिम कुलदीप सिंह शुभम सिंह न्यू एनटीआई स्कूल के प्रबंधक शाहनवाज खान ने खिलाड़ियों से

### रात्रि एक बजे समाप्त हुआ फाइनल मैच

परिचय प्राप्त किया, फाइनल मुकाबला जीतने और हारने वाली टीमों के कप्तानों को अध्यक्ष संदीप मल्होत्रा, अतुल बाजपेई, क्लब के अध्यक्ष मोहम्मद हसन नकवी एडवोकेट ने संयुक्त रूप से पुरस्कार और ट्रॉफी वितरित की, वही जीती हुई टीम के कप्तान को 7500 रूपये तथा हारी हुई टीम को 5100 रूपये का नगद धनराशिभी प्रदान की। गयी, क्लब की तरफ से सभी वॉलीबॉल के वरिष्ठ खिलाड़ियों का अध्यक्ष हसन नकवी ने शाल उढाकर सम्मान किया, वहीं समाजसेवी जमाल मसूरी ने सभी खिलाड़ियों तथा क्लब के सभी पदाधिकारी को एक-एक लोरी प्रदान की, इस टूर्नामेंट मे मो.शोयव, तस्लीम खा, सच्चिदानंद दीक्षित, गुच्छन खा, नूरू कुरैशी सभासद रसीद मसूरी, फाजिल खा, अमन पाडे, मो.रिजवान खा, फिरासत खा, मो.आरिफ सिददीकी, मो.शमीम खा, तौसीफ खा अजहर हुसैन, तबरेज खान हित सभी का सहयोग मिला।

# बाइक चोर गैंग के दो शातिर आरोपी गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी

कोतवाली पुलिस ने बाइक चोरी कर पड़ोसी देश नेपाल को बिक्री करने वाले गैंग के दो आरोपियों को चोरी की गई 6 बाइकों के साथ गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली परिसर में एएसपी पश्चिमी और सीओ अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से जानकारी देकर बताया क्षेत्र में लंबे समय से बाइक चोरी घटनाओं को लेकर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी मुखबिर की सूचना पर निरीक्षक उमेश चौरसिया और उनकी टीम के एस आई राम लखन, मोइन अहमद, जान मोहम्मद,आरक्षी अवधेश, शिवम राणा, सुधीर, प्रदीप और सुनील ने बाइक खरीदार बनकर आरोपियों तक पहुंच कर तय समय पर बताएं स्थान पर पहुंचकर दोनों आरोपियों को दबोच लिया पूछताछ करने पर अलग-अलग जगह से 6 चोरी की बाइकें बरामद कर ली है। आरोपियों की पहचान शैलेंद्र कुमार उर्फ अन्ना गांव बहादुरपुर थाना भीरा और राजेश कुमार गांव मुरगहा थाना मझगई के रूप में हुई है।

शैलेंद्र पर 15 से अधिक और राजेश पर 9 आपराधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

# कांग्रेसियों ने जिला अधिकारी ऑफिस के सामने किया धरना प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



सोमवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर वाराणसी के ऐतिहासिक मणिकर्णिका के घाट को विगत 10 जनवरी को अचानक व्यस्त कर दिया गया। जिसका जीर्णोद्धार वर्ष 1791 में माता अहिल्याबाई होलकर जी के द्वारा करवाया गया था। वाराणसी प्रशासन द्वारा विकास के नाम पर ध्वस्तीकरण के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में आज कांग्रेस जनों ने जिला अधिकारी ऑफिस के समक्ष धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल महोदय को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी लखीमपुर को सौंपा। उक्त प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल कहा कि वाराणसी प्रशासन द्वारा विकास के नाम पर ऐतिहासिक धरोहर मणिकर्णिका घाट पर लोक माता अहिल्याबाई होलकर की प्रतिमा तथा अन्य मूर्तियों का ध्वस्तीकरण किया गया। यह कार्यवाही उसे स्थान के ऐतिहासिक महत्व को पूरी तरह से अनदेखा करते हुए की गई है। हम सभी इस शर्मनाक और अप्रतिष्ठित कार्य की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। इस संबंध में खासगी देवी अहिल्याबाई होलकर चैरिटीज ट्रस्ट, इन्दौर द्वारा भी अपना विरोध दर्ज कराया गया है। साथ ही पटेल भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा उक्त विरासत पर की गई कार्यवाई काशी की विरासत पर हमला है। हम सभी कांग्रेस जन मांग करते हैं कि मणिकर्णिका घाट का पुनर्निर्माण, माता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्ति की स्थापनानएवंघाटों के शुद्धिकरण का कार्य काशी के सम्मानित धर्माचार्य एवं काशी वासियों के साथ विचार विमर्श के उपरांत ही कराया जाए। उक्त कार्यक्रम की जानकारी कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

उक्त प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित रवि तिवारी, कृष्ण किशोर मिशा, रामकुमार वर्मा, नवाज खान जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस, अनूप सक्सेना, सत्ती सरन गौतम, चंद्र प्रभा अवस्थी, सरोजनी अवस्थी, मनसुखा देवी अब्दुल कयूम, राहुल मिश्रा, जावेद अली एडवोकेट, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम सलीम खान, हरगोविंद वर्मा, राजेंद्र गुप्ता रामजीवन राज संजय गोस्वामी, शमीम अहमद, कल्लन हलवाई गुलफाम अहमद आदि सैकड़ो कांग्रेस जन।

# रामकथा मे आज केवट का सुंदर प्रसंग सुनाया



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

नगर शुक्लागंज गंगाघाट मे राधा कृष्ण मन्दिर परिसर मे पोनी रोड विकलांग गेट के निकट आज की पावन कथा ब्यास महाराज संजीव कृष्ण दुवे ने बहुत सुन्दर कथा का बृतांत सुनाया और बताया कि जिस स्थान पर काम क्रोध लोभ बढ़ जाता है वहाँ प्रभु श्री राम नहीं रुकते इसीलिए राम जी ने अयोध्या छोड़ वन गमन की लीला की क्योकि अयोध्या में काम ने महाराज दसरथ जी को वशीभूत कर लिया था क्रोध ने कैकेयी जी को बस मैं कर लिया तथा लोभ ने मन्थरा को बस में कर लिया था इसलिए रामजी ने अयोध्या छोड़ कर भगवत प्राप्ति का सरल मार्ग बताया काम क्रोध लोभ और मोह छोड़कर प्रत्येक जीव को भगवत प्राप्ति के लिए पात्रता बनानी चाहिए भगवान भक्त के बस में रहते है और भक्त की निष्काम भक्ति भगवान को भक्त के विवश कर देती है और भगवान को भक्त के पास आना ही पड़ता है केवट को भगवान को ढूँढने नहीं जाना पड़ा बल्कि भगवान स्वंय चलकर केवट के पास आये और केवट का जीवन धन्य कर दिया जो सौभाग्य देवताओं को भी प्राप्त नहीं होता वह सौभाग्य केवटू को प्राप्त हुआ भगवान के चरण धोने का सौभाग्य प्राप्त किया और केवट ने चरणोदक लेकर अपना और अपने परिवार का,अपने पितरों का आने वाली पीढ़ियों का सबका कल्याण करवा दिया जिसको भगवान ने विमल भक्ति का वरदान दिया और केवट की बार-बार सराहना की जिसको प्रभु याद करें उसका जीवन धन्य है वीरेन्द्र शुक्ला शशांक दोसर, प्रिया दोसर, प्रत्यय गुप्ता, शिल्पी गुप्ता आदि कथा यजमान उपस्थित रहे।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर शाम 6 बजे होगा ब्लैक आउट मॉक ड्रिल: एडीएम

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह ने अवगत कराया है कि अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, लखनऊ तथा प्रमुख सचिव, नागरिक सुरक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र के निर्देशों के क्रम में दिनांक 23 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर सायं 6.00 बजे ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

उक्त मॉक ड्रिल के सफल आयोजन हेतु समस्त संबंधित विभागों के साथ बैठक कर कार्ययोजना तैयार की जाएगी, साथ ही ब्लैक आउट मॉक ड्रिल आयोजित किए जाने हेतु उपयुक्त स्थान एवं शेल्टर का चयन किया जाएगा। मॉक ड्रिल में सहभागिता के लिए स्वयंसेवकों, आपदा मित्रों एवं अन्य सहयोगी कर्मियों को चिन्हित किया जाएगा। निर्धारित समय पर मॉक ड्रिल का शुभारम्भ होगा, जिसमें हवाई हमले की चेतावनी के रूप में 2 मिनट तक ऊँची-नीची आवाज में सायरन ध्वनित किया जाएगा। सायरन बजते ही सभी चिन्हित क्षेत्रों एवं स्थलों की विद्युत व्यवस्था बाधित कर पूर्ण ब्लैक आउट किया जाएगा तथा नागरिकों द्वारा सुरक्षित स्थानों एवं शेल्टरों में शरण ली जाएगी।

हवाई हमले का खतरा समाप्त होने पर 2 मिनट तक ऊँची आवाज में ऑल क्लीयर सायरन ध्वनित किया जाएगा। चेतावनी समाप्त होने के उपरान्त नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों द्वारा छोटी आग बुझाने हेतु फायर एक्सटिंगुशर का प्रयोग किया जाएगा तथा फायर सर्विस द्वारा बड़ी आग बुझाने के लिए फायर टेंडर वाहनों का उपयोग किया जाएगा। मॉक ड्रिल के दौरान घायल हुए व्यक्तियों को नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों द्वारा प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, ध्वस्त अथवा क्षतिग्रस्त भवनों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जाएगा तथा गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल तक पहुँचाया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागों से अपेक्षा की है कि वे अपने-अपने विभाग से एनसीसी/एनएसएस, एनवाईकेएस के कैडेट्स/स्वयंसेवक, नागरिक सुरक्षा से संबंधित स्वयंसेवक, उनके नोडल अधिकारी तथा आपदा मित्र के रूप में चयनित समस्त होमगार्ड्स को आवश्यक उपकरणों सहित पुलिस लाइन, कन्नौज में निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व भेजना सुनिश्चित करें, ताकि मॉक ड्रिल का आयोजन सुव्यवस्थित, प्रभावी एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया जा सके।

## भाजपा में है कार्यकर्ताओं का सम्मान: राम अवध यादव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



यदि पार्टी नेतृत्व मुझे विधानसभा नवाबगंज सीट-268 से दिया तो चुनाव जीतकर दिखाएंगे। वहीं, टिकट न मिलने की स्थिति में राजनीति से संन्यास लेने का भी ऐलान किया है। उक्त बात भाजपा के वरिष्ठ नेता राम अवध यादव ने सदर विधानसभा क्षेत्र से अपनी दावेदारी ठोंकते हुए बड़ा बयान दिया है। श्री यादव ने आगे कहा कि मैं लंबे समय से संगठन में सक्रिय कार्यकर्ता रहकर पार्टी की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करता चला आ रहा हूं। भाजपा सरकार में विकास, कानून व्यवस्था और गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है,

जिसका लाभ सीधे आम जनता को मिल रहा है। सदर विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और आम जनता से जनसम्पर्क कर उनकी समस्याओं को उठा रहे हैं। श्री यादव ने विश्वास जताया कि पार्टी नेतृत्व उनके अनुभव, कार्यशैली और क्षेत्र में मजबूत जनसमर्थन को देखते हुए उन्हें टिकट देगा। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का साथ उनकी सबसे बड़ी ताकत है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### मारपीट में तीन महिला जख्मी चार के खिलाफ केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। अमीर नगर चौकी क्षेत्र के गांव रसूलपुर मे पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने घर में घुसकर लात घुसकर और डंडों से महिलाओं पर हमला कर दिया जिसमें तीन महिलाओं समेत चार लोगों को जख्मी कर दिया पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता इकबालन ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर बताया पड़ोसी कुवैद खान, जबैर खान, अजिवुस्शान और अनिस आए दिन दरवाजे पर आकर अश्लील गालियां देते थे कई बार विरोध किया जिसको लेकर गुस्साए सभी आरोपियों ने एक राय होकर रविवार12 बजे करीब घर में घूस पड़े और पीड़िता, मां, और बहू पर हमला कर दिया शोरगुल सुनकर बचाने दौड़े पुत्र की भी पिटाई कर दी पीड़िता ने मामले की शिकायत डायल 112 पर देने के बाद कार्रवाई न होने पर चौकी पर पहुंच कर सूचना दी चौकी इंचार्ज संजीत तिवारी ने घायलों को भर्ती कराकर नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### घायल बंदर का बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने कराया इलाज

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने घायल बंदर का इलाज कराया। आपको बताते चलें कि गोला नगर के भुसौरिया बाईपास पर टीवीएस एजेंसी के पास एक बंदर घायल अवस्था में पड़ा था, जिसे चील कौवे नोच रहे थे। जिसकी सूचना राहगीरों ने राष्ट्रीय बजरंग दल के नगर महामंत्री विकास कनौजिया को दी, जो वहां तत्काल अपनी टीम के साथ पहुंचकर तुरंत वन विभाग में फोन कर घटना की सूचना दी। जहां पर डॉक्टर पहुंच कर घायल बंदर का उपचार किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल की टीम से नगर महामंत्री विकास कनौजिया अभिषेक सूर्या मोहित कुमार अंकित भारती आज कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसान पंचायत का तिकुनिया में हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। सोमवार को भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की ओर से तिकुनिया में गुरुद्वारा कौडियाला में किसान पंचायत का आयोजन किया गया। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने किसानों का कर्ज माफ किए जाने समेत कई मांगे रखीं। टिकैत ने कहा कि घरेलू स्मार्ट मीटर न लगाया जाए, यूरिया डीएपी भरपूर मात्रा में किसानों को उपलब्ध हो। खाद, बीज, दवा नकली न बेची जाए और गेहूं खरीद कटौती मुक्त हो। वन विभाग की जमीन गंगानगर, रामनगर, बेला परसुआ, दीपनगर में है, यहां वन विभाग द्वारा किसानों को परेशान न किया जाए। इन सभी मांगों को लेकर किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों को हर हालत में सरकार द्वारा इन सभी सुविधाओं को दिलाया जाए, जिससे किसान तनाव मुक्त होकर खेती कर सकें और अपने बच्चों का पालन पोषण कर सकें।

### गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कोतवाली बड्डूपुर पुलिस टीम ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 1 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की है। यह कार्रवाई सोमवार को कोतवाली बड्डूपुर क्षेत्र अंतर्गत शारदा नहर पटरी, बहदग्राम कतुरीकला के पास की गई। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमित पुत्र श्रीपाल एवं अंकित रावत पुत्र बालक, निवासीगण ग्राम उमरा, थाना कुर्सी, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि उक्त क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से 01 किलो 150 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके अतिरिक्त तस्करी में प्रयुक्त एक स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद किया। इस संबंध में कोतवाली बड्डूपुर प्रभारी मनोज कुमार सोनकर ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

# कन्नौज संग्रहालय में बच्चों की डिटेक्शन चैंपियनशिप, जॉइंट मजिस्ट्रेट ने विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल दिए

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



राजकीय पुरातत्व संग्रहालय में स्कूली बच्चों के बीच डिटेक्शन चैंपियनशिप प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें जॉइंट मजिस्ट्रेट ने विजेता बच्चों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए। यहां छिबरामऊ और कन्नौज के कई बच्चों ने प्रतिभाग किया। म्यूजियम के हाल में राजकीय पुरातत्व संग्रहालय और ब्रेन-ओ ब्रेन एकेडमी के सहयोग से डिटेक्शन चैंपियनशिप प्रतियोगिता कराई गई।

जिसमें छिबरामऊ और कन्नौज के 50 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। यहां कम्पटीशन के दौरान याशिका गुप्ता, अदिविका, एलिना, ओजस्वी, प्रज्ज्वल और तेजस ने हुनर का प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम की।

इसके अलावा आशवी, ईशान, याशिका, एलिना, ओजस्वी, प्रगनय और अवनि ने गोल्ड मेडल हासिल किया।

सभी विजेताओं को जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री वैशाली (आईएएस) ने ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण देकर पुरस्कृत किया।

उन्होंने कहाकि यहां मैथ से जुड़े सवाल बच्चों से किए गए। मैथ में एक खासियत है कि उसका आंसर सही होगा तो पूरे अंक मिलेंगे और अगर आंसर गलत तो पूरे नम्बर कटेंगे। मैथ में उसी को सफलता मिलती है, जो सोच समझ कर आंसर लिखता है।

उन्होंने कहाकि जो बच्चे कम्पटीशन नहीं जीत पाए, वो निराश न हों, अगली बार और अधिक जानकारी के साथ आप सफलता हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कहाकि मैं खुद चार बार असफल होने के बाद पांचवी बार में परीक्षा पास कर पाई और आईएएस बन गई। इसलिए कभी असफलता से किसी को निराश होने की जरूरत नहीं है। कार्यक्रम के दौरान वीथिका सहायक डॉ. पवन तिवारी, रोहित राज, निशा उपाध्याय, माया सेंगर, अरविंद कुमार सिंह, विशाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# आतंक पर जयशंकर की दो टूक

## पोलैंड के शीर्ष नेतृत्व के साथ की बैठक, कहा, पड़ोस में आतंकी ढांचे को बढ़ावा न दें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने आतंकवाद के मुद्दे पर एक बार फिर साफ और कड़ा रुख अपनाया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पोलैंड से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि वह आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस अपनाए और भारत के पड़ोस में आतंकी ढांचे को किसी भी तरह से बढ़ावा न दे। यह बयान नई दिल्ली में पोलैंड के शीर्ष नेतृत्व के साथ हुई अहम बैठक के दौरान आया। जयशंकर का यह संदेश उस पृष्ठभूमि में आया है, जब पिछले साल अक्तूबर में पोलैंड और पाकिस्तान के संयुक्त बयान में कश्मीर का उल्लेख किया गया था। इसे लेकर भारत ने असंतोष जताया। बैठक में जयशंकर ने न सिर्फ आतंकवाद पर चिंता रखी, बल्कि यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत पर हो रहे चुनिंदा और अनुचित हमलों पर भी नाराजगी जताई।



### यूक्रेन संघर्ष और 'चुनिंदा निशाना'

बैठक में विदेश मंत्री ने यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत पर हो रही आलोचना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि रूस से ऊर्जा खरीद को लेकर भारत को बार-बार निशाना बनाया जाना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत। इस पर पोलैंड के विदेश मंत्री ने भी सहमति जताते हुए माना कि कुछ मामलों में भारत को चुनिंदा तौर पर टारगेट किया गया है।

### कश्मीर और आतंकवाद पर सख्त रुख

- जयशंकर ने पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्लाव सिकोरस्की से स्पष्ट बात रखी।
- उन्होंने कहा कि पोलैंड भारत के क्षेत्र और उसकी सुरक्षा चुनौतियों से भली-भांति परिचित है।
- सीमा पार आतंकवाद पर पोलैंड से साफ और संतुलित रुख अपनाने की अपेक्षा जताई।
- भारत के पड़ोस में सक्रिय आतंकी ढांचे को किसी भी तरह का समर्थन न देने पर जोर दिया।
- राजनीतिक या कूटनीतिक स्तर पर आतंक से जुड़े ढांचों को समर्थन अस्वीकार्य बताया।

### भारत-पोलैंड रिश्तों में मजबूती

जयशंकर ने दोनों देशों के रिश्तों में आई मजबूती को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि अगस्त 2024 में नरेंद्र मोदी की पोलैंड यात्रा के बाद द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा मिला। व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ तकनीक और डिजिटल इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। भारत-पोलैंड व्यापार करीब 7 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है और भारतीय निवेश से पोलैंड में रोजगार के नए अवसर बने हैं। जयशंकर ने भारत और पोलैंड के ऐतिहासिक मानवीय संबंधों का भी जिक्र किया। उन्होंने 'डोब्री महाराजा' की परंपरा को याद दिलाया, जिसके तहत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान पोलिश बच्चों को भारत में शरण, भोजन और शिक्षा मिली थी। उन्होंने कहा कि यही मानवीय जुड़ाव आज भी दोनों देशों के रिश्तों की मजबूत नींव है।

# उत्तराखंड में कम वर्षा और हिमपात हिमालय की चेतावनी



**जन एक्सप्रेस। पारवेश दत्ता**

उत्तराखंड को 'उत्तर भारत का जल-स्रोत' कहा जाता है। इस वर्ष यहाँ वर्षा और हिमपात सामान्य से बहुत कम हुआ है। यह केवल मौसम की गड़बड़ी नहीं है, बल्कि एक गंभीर चेतावनी है। इसके दुष्परिणाम न केवल उत्तराखंड पर, बल्कि उन मैदानी क्षेत्रों पर भी पड़ सकते हैं जो यहाँ से निकलने वाली नदियों पर निर्भर हैं।



### जल संकट बढ़ने की आशंका

हिमालय में गिरने वाली बर्फ प्राकृतिक जल-भंडार का काम करती है। गर्मियों में यही बर्फ पिघलकर गंगा और यमुना जैसी नदियों को पानी देती है। जब बर्फ कम गिरती है, तो नदियों में पानी भी कम हो जाता है। इसका सीधा असर पीने के पानी पर पड़ता है। पहाड़ी गाँवों और कस्बों में कई झरने और जलस्रोत पहले ही सूखने लगे हैं, जो आगे और गंभीर संकट पैदा कर सकते हैं।

### किसानों की चिंता बढ़ी

उत्तराखंड की खेती अधिकतर बारिश पर निर्भर है। बारिश कम होने से बुवाई प्रभावित होती है और फसलें कमजोर रह जाती हैं। गेहूँ, दालें और सेब जैसी फसलें सबसे अधिक प्रभावित होती हैं। इससे किसानों की आमदनी घटती है और कई लोग रोजगार की तलाश में पलायन करने को मजबूर होते हैं।

### वनाग्नि का खतरा

कम बारिश और बढ़ती गर्मी से जंगलों में आग लगने का खतरा बढ़ जाता है। हाल के वर्षों में उत्तराखंड में जंगल की आग की घटनाएँ बढ़ी हैं। इससे जंगल, जानवर और आसपास रहने वाले लोग सभी खतरे में पड़ जाते हैं। जंगल की आग से निकलने वाला धुआँ पर्यावरण को और नुकसान पहुँचाता है।

### अब क्या करना होगा

पानी के सही उपयोग, जंगलों की रक्षा, पुराने जलस्रोतों को फिर से जीवित करने और मौसम के अनुसार खेती के तरीकों को अपनाने की जरूरत है। सरकार और जनता दोनों को मिलकर प्रकृति की रक्षा करनी होगी। हिमालय चुपचाप हमें चेतावनी दे रहा है। अगर आज हमने नहीं सुना, तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

### बिजली और पर्यटन पर प्रभाव

उत्तराखंड में बिजली का बड़ा हिस्सा जलविद्युत से आता है। नदियों में पानी कम होने से बिजली उत्पादन घट सकता है। साथ ही, पर्यटन भी प्रभावित होता है क्योंकि बर्फ से ढके पहाड़ों की जगह सूखे दृश्य पर्यटकों को कम आकर्षित करते हैं।

### प्रकृति और जीव-जंतुओं पर असर

बारिश और बर्फ हिमालय की प्रकृति को संतुलित बनाए रखती हैं। इनके कम होने से घास के मैदान, झीलें और वन्यजीव प्रभावित होते हैं। ठंडे मौसम में रहने वाले कई जीव-जंतु धीरे-धीरे लुप्त होने की कगार पर पहुँच सकते हैं।

### जलवायु परिवर्तन का संकेत

विशेषज्ञ मानते हैं कि मौसम में इस तरह के बदलाव जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे हैं। बढ़ता तापमान बारिश और बर्फ के पैटर्न को बदल रहा है। यदि अभी कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में यह समस्या और गंभीर हो सकती है।

# 'कानून के बारे में झूठ फैला रही कांग्रेस'

## नया कानून रोजगार और आजीविका के अधिकार को करेगा और मजबूत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता नई योजना विकसित भारत-रोजगार आजीविका मिशन के बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। चौहान ने जोर देकर कहा कि नया कानून काम के अधिकार को पहले से ज्यादा मजबूत करेगा।

### सभी पंचायतों में लागू होगी योजना

एक प्रेस वार्ता में शिवराज ने कहा कि विपक्ष यह झूठ फैला रहा है कि नई योजना में रोजगार केवल कुछ पंचायतों में ही मिलेगा। उन्होंने साफ किया कि यह योजना देश की सभी पंचायतों में लागू होगी। चौहान ने कहा कि यह बयान कि काम का अधिकार छीना जा रहा है एक झूठ है। बता दें कि कांग्रेस ने दस जनवरी को मनरेगा को खत्म करने के विरोध में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' नाम से 45-दिवसीय देशव्यापी अभियान शुरू किया।



### 100 की जगह 125 दिन का रोजगार

शिवराज सिंह चौहान ने कहा, 'राहुल गांधी और खड़गे गलत जानकारी देकर अपनी ही पार्टी को कमजोर कर रहे हैं। हमने काम के अधिकार को कागज से उतारकर जमीन पर मजबूत किया है।' उन्होंने बताया कि अब 100 दिनों के बजाय 125 दिन का काम दिया जाएगा।

### राज्यों पर बोझ नहीं, 6 महीने में लागू योजना

मंत्री ने तुलना करते हुए कहा कि यूपीए सरकार ने मनरेगा पर करीब दो लाख करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि मौजूदा सरकार ने नौ लाख करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि नई योजना छह महीने में लागू हो जाएगी और तब तक मनरेगा जारी रहेगी। उन्होंने कहा राज्यों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। केंद्र पहले से ही ज्यादा पैसे दे रहा है। राज्य जो निवेश करेंगे, वह गांवों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए होगा।

# तेलंगाना हाईकोर्ट ने केसीआर और हरीश राव को दी बड़ी राहत, 25 फरवरी तक कार्रवाई पर लगाई रोक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद।** तेलंगाना हाईकोर्ट ने सोमवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर), पूर्व मंत्री टी. हरीश राव और अन्य को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कालेश्वरम परियोजना से जुड़ी न्यायिक आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्य सरकार द्वारा किसी भी तरह की कार्रवाई से उन्हें 25 फरवरी तक अंतरिम संरक्षण दे दी है। इतना ही नहीं हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और न्यायमूर्ति जीएम मोहीउद्दीन की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई 25 फरवरी तक के लिए टाल दी है। अदालत ने यह समय इसलिए दिया है ताकि सभी पक्ष अपने-अपने लिखित तर्क दाखिल कर सकें। तब तक पहले से दी गई राहत जारी रहेगी। इस मामले में केसीआर, हरीश राव के अलावा पूर्व मुख्य सचिव शैलेंद्र कुमार जोशी और वरिष्ठ आईएएस अधिकारी स्मिता सभरवाल ने भी हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की हैं।


# केंद्र से पांच केंद्र शासित प्रदेशों को अधिकार, अब औषधि-जादुई उपचार कानून के तहत होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने पांच केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों और प्रशासकों को औषधि एवं जादुई उपचार अधिनियम के तहत भ्रामक विज्ञापनों के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार दे दिए हैं। इसके तहत अब वे ऐसे अधिकारियों को अधिकृत कर सकेंगे, जो कैंसर, डायबिटीज जैसी बीमारियों के इलाज को लेकर जादुई गुणों और चमत्कारी दावों वाले विज्ञापनों से जुड़े मामलों में तलाशी और जब्ती की कार्रवाई कर सकें। हाल ही में गृह मंत्रालय की ओर से राजपत्र में अधिसूचित आदेश में यह अधिकार जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली व दमन और दीव तथा पुडुचेरी के उपराज्यपालों और प्रशासकों को दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति ने निर्देश दिया है कि इन केंद्र शासित प्रदेशों के प्रशासक, राष्ट्रपति के नियंत्रण के अधीन रहते हुए और अगले आदेश तक औषधि एवं जादुई उपचार (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत राज्य सरकार को प्राप्त शक्तियों और दायित्वों का अपने-अपने क्षेत्रों में इस्तेमाल करेंगे।

### इस अधिनियम के तहत कौन सी बीमारियां अनुसूची में शामिल?

अधिनियम के तहत 54 बीमारियों और विकारों, जिनमें डायबिटीज, मोटापा और कैंसर शामिल हैं, के इलाज के लिए दवाओं के विज्ञापन पर प्रतिबंध है। ये बीमारियां अधिनियम की निषिद्ध अनुसूची में शामिल हैं। इन बीमारियों के इलाज के लिए किसी दवा को चमत्कारी इलाज के रूप में प्रचारित करने या बाजार में उतारने से रोकता है।




# कोच्चि में राहुल गांधी ने भाजपा पर बोला हमला, कहा बीजेपी चाहती है सत्ता का केंद्रीकरण

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कोच्चि में आरएसएस और भाजपा पर तीखा हमला बोला। स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों की महापंचायत को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों विचारधाराओं में साफ अंतर है। आरएसएस और भाजपा सत्ता के केंद्रीकरण में भरोसा करते हैं और चाहते हैं कि सारी ताकत एक जगह सिमट कर रह जाए। राहुल गांधी ने कहा कि इसके ठीक उलट, कांग्रेस सत्ता के विकेंद्रीकरण की पक्षधर है। पार्टी का मानना है कि शक्ति को एक जगह रखने के बजाय उसे आम लोगों और स्थानीय निकायों में बांटा जाना चाहिए।

### राहुल गांधी ने लगाए आरोप

राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि देश में सब लोग चुप रहें और सिर्फ कुछ चुनिंदा कॉर्पोरेट ही तरक्की करें। उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राष्ट्रीय संपत्तियों पर कब्जा करने की चाह रखने वाले कुछ उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए लोगों की लोकतांत्रिक आवाज को दबाया जा रहा है। उन्होंने केरल की जनता के साहस की तारीफ करते हुए राहुल गांधी ने कहा, 'मैं 100 फीसदी यकीन के साथ कह सकता हूं कि कोई भी केरल के लोगों को चुप नहीं करा सकता।'



### लीलावती ने दान की पुरस्कार राशि

पुरस्कार स्वीकार करते हुए लीलावती ने इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को याद किया। उन्होंने कहा कि वह भारत को राहुल और प्रियंका गांधी के हाथों में सुरक्षित देखती हैं। उन्होंने अपनी पुरस्कार राशि राजीव गांधी फाउंडेशन को दान कर दिया। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के संघर्षों की सराहना की और वायनाड के साथ उनके विशेष जुड़ाव पर खुशी जाहिर की।

### एम लीलावती को प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार से किया सम्मानित

इस यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को 98 वर्षीय वरिष्ठ लेखिका और शिक्षाविद् एम लीलावती को 'प्रियदर्शिनी साहित्य पुरस्कार' से सम्मानित किया। राहुल ने लीलावती को देश के लिए एक प्रेरणा बताया और उनकी तारीफ की। राहुल गांधी ने लीलावती के विचारों का समर्थन करते हुए कहा 'महान राष्ट्र खामोशी पर नहीं, बल्कि अपनी राय व्यक्त करने पर बनते हैं। जब लोग गलत होते देखकर भी चुप रहते हैं, तो यह खतरनाक है।'

# चुनाव से पहले फर्जी पत्र वायरल, सर्बानंद सोनोवाल ने दर्ज कराई एफआईआर कहा, यह मुझे बदनाम करने की साजिश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

गुवाहाटी केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को बताया कि उनके नाम से वायरल हो रही एक जाली पत्र के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। इस पत्र में असम विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में सुधार करने की बात लिखी थी। सोनोवाल ने इसे पूरी तरह फर्जी और मनगढ़ंत बताया है। सोशल मीडिया पर यह पत्र तेजी से फैल रही है। यह पत्र सोनोवाल के आधिकारिक लेटरहेड पर है और इसमें उनके हस्ताक्षर भी दिख रहे हैं। यह पत्र भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेजा गया था। इसमें असम की जमीनी स्थिति का हवाला देते हुए मार्च-अप्रैल में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले बदलाव की मांग की गई थी। सोनोवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि शरारती तत्व गलत इरादे से यह पत्र फैला रहे हैं। उन्होंने इसे जालसाजी, पहचान की चोरी और सरकारी पद के दुरुपयोग का गंभीर अपराध बताया।

# यूएई के राष्ट्रपति दिल्ली पहुंचे, प्रोटोकॉल तोड़ पीएम ने एयरपोर्ट पर किया स्वागत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत के आधिकारिक दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नाहयान का स्वागत किया। नई दिल्ली एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी ने अल नाहयान का गर्मजोशी के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच बातचीत भी हुई। शेख मोहम्मद बिन जायद की इस यात्रा को भारत-यूएई के बीच मजबूत होते संबंधों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी जैसे मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

### खास है नाहयान का यह दौरा

विदेश मंत्रालय के अनुसार, इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति नाहयान भारत-यूएई व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई दिशा देने पर चर्चा करेंगे। साथ ही क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान होगा, जिन पर दोनों देशों की सोच काफी हद तक समान है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह नाहयान की भारत की तीसरी आधिकारिक यात्रा होगी, जबकि पिछले दस वर्षों में यह उनका पांचवां भारत दौरा है। यह यात्रा भारत और यूएई के बीच हाल के उच्चस्तरीय संपर्कों से बनी मजबूत गति को आगे बढ़ाएगी। इनमें सितंबर 2024 में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नहयान और अप्रैल 2025 में दुबई के क्राउन प्रिंस व यूएई के उप प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा शामिल है।

### एक कार में रवाना हुए पीएम मोदी-नहायान

दोनों नेताओं के बीच स्वागत समारोह के दौरान दोस्ताना बातचीत भी हुई। स्वागत के बाद प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद साथ ही एक ही कार में एयरपोर्ट से रवाना हुए, जिससे दोनों देशों के बीच घनिष्ठ और दोस्ताना संबंधों को दर्शाया गया। इस दौरे को भारत-यूएई के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यात्रा के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय सहयोग और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। यह यात्रा भारत और यूएई के मजबूत और भरोसेमंद रिश्तों को और बढ़ावा देने के लिए की जा रही है।